नई दिल्ली

मंगलवार, 8 अप्रैल 2025

चैत्र मास शुक्ल पक्ष,
एकादशी वर्ष : 28, अंक : 358
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


**मौसम**
अधि. 40
न्यून. 24


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**आईपीएल में आज**




कोलकाता V/S लखनऊ
- : समय :- 7.30 PM
- : स्थान :- कोलकाता


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


IPL आज का मुकाबला

कोलकाता – लखनऊ
दोपहर 3.30 बजे से

पंजाब – चेन्नई
शाम 7.30 बजे से

## आम जनता को महंगाई के मोर्चे पर लगा बड़ा झटका, मंगलवार रात से लागू हो गई नई कीमत

# महंगी हुई रसोई गैस, घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 50 रुपए बढ़कर 853 रुपए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम जनता को महंगाई के मोर्चे पर बड़ा झटका लगा है। एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ गईं हैं। घरेलू गैस सिलेंडर और उज्ज्वला योजना के तहत मिलने वाले सिलेंडर पर 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई है।

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को वितरण कंपनियों की ओर से रसोई गैस या एलपीजी की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी किए जाने का ऐलान किया। मंत्री ने कहा कि उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के ग्राहकों दोनों के लिए गैस की कीमत में इजाफा किया गया है। नई कीमतें मंगलवार रात 12 बजे से से लागू हो गईं हैं। सामान्य उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगी और उज्ज्वला योजना के तहत उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जाएगी।



### 14.2 किग्रा के सिलेंडर की कीमत

| शहर | पुरानी (रु.) | नई (रु.) |
|---|---|---|
| नई दिल्ली | 803.00 | 853.00 |
| कोलकाता | 829.00 | 879.00 |
| मुंबई | 802.50 | 852.50 |
| गुड़गांव | 811.50 | 861.50 |
| नोएडा | 800.50 | 850.50 |
| भुवनेश्वर | 829.00 | 879.00 |
| चंडीगढ़ | 812.50 | 862.00 |
| हैदराबाद | 855.00 | 905.00 |

### पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क 2 रुपये बढ़ा, जनता पर नहीं पड़ेगा अतिरिक्त बोझ

केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 2 रुपये की बढ़ोतरी कर दी है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने संवाददाताओं से कहा, 'आपने वित्त मंत्रालय की एक अधिसूचना देखी होगी जिसमें कहा गया है कि पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 2 रुपये की बढ़ोतरी की जा रही है। मैं पहले ही स्पष्ट कर दूं कि इसका बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा। उस उत्पाद शुल्क वृद्धि का उद्देश्य तेल विपणन कंपनियों को 43,000 करोड़ रुपये की भरपाई करना है। जो उन्हें गैस के कारण नुकसान के रूप में हुआ है।' मंत्री पुरी ने कहा कि कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमत घटकर लगभग 60 डॉलर प्रति बैरल हो गई है, लेकिन कृपया याद रखें कि हमारी तेल विपणन कंपनियां 45 दिनों की अवधि के लिए स्टॉक रखती हैं। अगर आप जनवरी की बात करें तो उस समय कच्चे तेल की कीमत 83 डॉलर थी, जो बाद में घटकर 75 डॉलर हो गई। इसलिए उनके पास जो कच्चे तेल का स्टॉक है, वह औसतन 75 डॉलर प्रति बैरल है। आप उम्मीद कर सकते हैं कि तेल विपणन कंपनियां वैश्विक कीमत के हिसाब से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी करेंगी।

## पेट्रोल, डीजल पर उत्पाद शुल्क बढ़ा तो लगी 'सियासी आग' मंत्री का 'अग्निशमन' काम आया बेलाग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पेट्रोल और डीजल पर लगने वाली उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की केंद्र सरकार की घोषणा के साथ जैसे ही सियासी सरगर्मी बढ़ी, कांग्रेस पार्टी समेत अन्य विपक्षी दलों ने सवाल उठाने शुरू किये कि अंतराष्ट्रीय बाजार में जब कच्चे तेल का मूल्य औंधे मुँह गिरा है तो उसका फायदा आम जनता को क्यों नहीं दिया जा रहा? उत्पाद शुल्क बढ़ाकर क्यों आम जनता पर बोझ लादा जा रहा है? पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पूरी ने तुरंत मौके को भांप कर स्थिति ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मंत्री ने सम्भाला मोर्चा



पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि यह बढ़ोतरी आम जनता पर बोझ नहीं डालेगी, क्योंकि खुदरा कीमतें स्थिर रहेंगी। यह राजस्व का उपयोग सड़क निर्माण और विकास कार्यों के लिए होगा। उनका तर्क है कि सस्ते कच्चे तेल का फायदा सरकार को राजस्व के रूप में लेना चाहिए ताकि अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले।

### जनता और विशेषज्ञों की राय

जनता के बीच भी इस पर मिली-जुली प्रतिक्रिया है। कुछ लोग इसे सरकार की मजबूरी मानते हैं, जबकि कई का कहना है कि सस्ते तेल का फायदा उन्हें सीधे तौर पर मिलना चाहिए था। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम महंगाई को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है, क्योंकि खुदरा कीमतें नहीं बढ़ेंगी, लेकिन लंबे समय में तेल की कीमतों में उछाल होने पर जनता पर बोझ बढ़ सकता है। है। इसके तहत पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी अब 13 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर हो गई है। यह फैसला सरकार द्वारा राजस्व बढ़ाने और बजटीय घाटे को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लिया गया है। हालांकि, इस बढ़ोतरी के बावजूद, तेल कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों (रिटेल प्राइस) में कोई बदलाव नहीं होगा। इसका मतलब है कि आम उपभोक्ताओं को अभी ईंधन के लिए ▶▶ शेष पेज 5 पर

## शेयर बाजार का 'ब्लैक मंडे'



# 'ट्रंप-टैरिफ' ही नहीं घरेलू कारण भी जिम्मेदार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार में हाल की गिरावट के पीछे ट्रंप टैक्स यानी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए पारस्परिक टैरिफ और घरेलू कारणों दोनों का मिश्रित प्रभाव देखने को मिल रहा है। भारत पर 26-27 फीसदी अमेरिकी टैरिफ के दबाव में वैश्विक तनाव तो प्रत्यक्ष दिख रहा है। माना जा रहा है उसी का कुप्रभाव सोमवार को भारतीय शेयर बाजार पर पड़ा।

आर्थिक मामलों के जानकार और शेयर बाजार के उतार चढ़ाव पर विशेष नजर रखने वाले विशेषज्ञों का मानना है अमेरिकी टैरिफ का असर शेयर बाजार पर पड़ा है, लेकिन घरेलू कारणों से भी मुँह नही मोड़ा जा सकता। डॉ. शिवालिक पुराणिक कहते हैं, अमेरिकी टैरिफ की वजह से निर्यात पर जाहिर या असर होगा। भारत के ऑटो (जैसे टाटा मोटर्स), टेक्सटाइल, आईटी, और फार्मा सेक्टर, जो अमेरिकी बाजार पर निर्भर हैं, प्रभावित हुए हैं। टैरिफ बढ़ने से ये सेक्टर अमेरिका में कम प्रतिस्पर्धी हो गए, जिससे कंपनियों के मुनाफे और शेयर कीमतों पर दबाव पड़ा। उन्होंने वैश्विक अस्थिरता को भी एक वजह बताया। ट्रंप के टैरिफ ऐलान से ट्रेड वॉर और वैश्विक मंदी की आशंका बढ़ी है। इससे विदेशी निवेशक घबराए और भारतीय शेयर बाजार से पैसा निकाल रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, हाल के दिनों में करीब 61 हजार करोड़ की निकासी की खबरें हैं। इतनी बड़ी रकम निकालने से बाजार तो हिलेगा।

सुनीता दलाल ने शेयर बाजार के 'ब्लैक मंडे' पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, टैरिफ और पूंजी निकासी के दबाव में रुपया भी कमजोर हुआ है (85.70-85.75 प्रति अमेरिकी डॉलर के आसपास), जिसने बाजार में अनिश्चितता बढ़ाई। आज सुबह ही सेंसेक्स और निफ्टी में भारी गिरावट देखी गई, जिसमें कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक 5 मिनट में 19 लाख करोड़ रुपये का मार्केट कैप साफ हो गया। डॉ. विनोद मुदल बाजार की भारी गिरावट में वैश्विक कारणों के साथ घरेलू कारण भी देखते हैं। उन्होंने दो टूक कहा, गिरावट को पूरी तरह ट्रंप टैक्स से जोड़ना ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### 7 मरीजों को मारने वाले फर्जी डॉक्टर को प्रयागराज से दबोचा



**भोपाल/दमोह।** दमोह के स्थित मिशन अस्पताल में फर्जी डॉक्टर केस में दमोह पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। 7 मरीजों को मारने वाला यह डॉक्टर एन जॉन केम (वास्तविक नाम नरेंद्र विक्रमादित्य यादव) सोमवार को प्रयागराज से दबोच लिया गया। दमोह एसपी श्रुति कीर्तिसोमवंशी ने गिरफ्तारी की पुष्टि की। उसने 8 लोगों की दिल की सर्जरी कर डाली थी। जबकि, उसके पास डॉक्टरी की कोई डिग्री नहीं है। इनमें से 7 की सर्जरी के बाद मौत हो गई थी। मिशन अस्पताल प्रबंधन को पता था कि उसका स्टेट एमसीआई में कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है। फिर भी नौकरी पर रखा गया। उसने यहां मात्र 43 दिन काम किया। डॉक्टर ने किसका क्या इलाज किया, इसका पता मरीज के परिजनों को भी नहीं लगा और न ही उन्हें मरीज की फाइल दी गई, बल्कि उनसे एक लंबी रकम जमा करवाई गई।

### एटीएम घोटाले का खुलासा, पुलिस ने 5 करोड़ बरामद किए



**बागपत।** बागपत में एटीएम घोटाले का खुलासा हुआ है। मुख्य आरोपी रॉकी और गौरव ने पुलिस रिमांड के दौरान 5 करोड़ रुपये बरामद करा दिए हैं। दोनों ने बैंक से एटीएम में डालने के लिए 5.26 करोड़ लिए थे। गौरव ने आरिफपुर खड़खड़ी गांव में अपने घर में भूसे के नीचे गड्ढा खोदकर रुपए छिपाए थे। वहीं रॉकी ने शामली जिले के हसनपुर गांव में अपने खेत में रुपये दबा रखे थे। दोनों आरोपी 25 मार्च को तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किए गए थे। जांच में चंडीगढ़ पुलिस की संलिप्तता भी सामने आई है। इस मामले में चंडीगढ़ पुलिस के एक इंस्पेक्टर और दो सिपाहियों को गिरफ्तार किया गया है। एक अन्य आरोपी मनीष जौहड़ी ने चंडीगढ़ में छिपाए 50 हजार रुपये भी बरामद करा दिए हैं। एसपी अर्पित विजयवर्गीय के अनुसार, बाकी के रुपये आरोपियों ने मौज-मस्ती में खर्च कर दिए।

## क्राउन प्रिंस की पहली भारत यात्रा, साथ होंगे कई मंत्री, और बड़ा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल

# आज से भारत की दो दिवसीय यात्रा पर दुबई के क्राउन प्रिंस, पीएम से होगी मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम मंगलवार से भारत की दो दिवसीय आधिकारिक भारत यात्रा पर रहेंगे। जिसमें उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ मुलाकात होगी। साथ ही वह दोनों देशों के व्यापारिक संबंधों को मजबूती प्रदान करने के लिए मुंबई में एक गोलमेज सम्मेलन में भी शिरकत करेंगे। शेख मकतूम की भारत यात्रा से भारत और यूएई की व्यापक सामरिक भागीदारी (सीएसपी) और बहुआयामी संबंधों को मजबूती मिलेगी। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि शेख मोहम्मद अल मकतूम का भारत दौरा 8 से 9 अप्रैल तक होगा। जिसमें वह पहली बार भारत की यात्रा पर होंगे। उनके साथ कई मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और एक वृहद व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी शामिल होगा। शेख मकतूम न केवल दुबई के क्राउन प्रिंस हैं। बल्कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

## चारधाम यात्रा से पहले परिवहन विभाग ने जारी की गाइडलाइन

# चप्पल पहनकर कार चलाने पर रोक, फर्स्ट एड किट अनिवार्य

एजेंसी ▶▶ देहरादून

30 अप्रैल से शुरू हो रही है चारधाम यात्रा 2025 से पहले उत्तराखंड सरकार और परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा को लेकर कमर कस ली है। इस बार यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुगम बनाने के लिए परिवहन विभाग ने एक एक्शन प्लान तैयार किया है। इस बार यात्रा मार्ग पर वाहन चलाते समय चप्पल या सैंडल पहनकर गाड़ी चलाना पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। केवल जूते या बूट पहनकर ही वाहन चलाने की अनुमति दी जाएगी। परिवहन विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि यदि कोई



चालक सामान्य यातायात नियमों की अनदेखी करता है, तो उसके खिलाफ धारा 177ए के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जुर्माना, चालान और लाइसेंस निलंबन तक शामिल हैं। सड़क दुर्घटनाओं के बाद त्वरित प्राथमिक चिकित्सा के लिए अब हर व्यवसायिक ▶▶ शेष पेज 5 पर






## एक कार्यक्रम के उद्घाटन संबोधन में बोले सीडीएस जनरल अनिल चौहान

# अंतरिक्ष के एक नए युद्धक्षेत्र के रूप में उभरने से भारत को 'अंतरिक्ष संस्कृति' की दरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने सोमवार को अंतरिक्ष को एक नया और उभरता हुआ युद्धक्षेत्र बताते हुए देश में अंतरिक्ष संस्कृति विकसित किए जाने पर बल दिया। वह राजधानी में आयोजित 'इंडियन डेफ स्पेस सिम्पोजियम' के तीसरे संस्करण के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। जिसमें उन्होंने कहा कि वर्तमान में मानवता एक ऐसे युग के मुहाने पर खड़ी है, जहां अंतरिक्ष एक नया युद्धक्षेत्र बनकर उभर रहा है। इसी के मद्देनजर अंतरिक्ष सिद्धांत, शोध और समर्पित युद्ध कौशल से जुड़े सैन्य स्कूलों के साथ अंतरिक्ष संस्कृति का विकास होना चाहिए। इन स्कूलों में अंतरिक्ष कानून जैसा विषय होना चाहिए और अंतरिक्ष कूटनीति पर एक फ्रेमवर्क की भी आवश्यकता पड़ेगी। सीडीएस ने अपने संबोधन में खासतौर पर इस बात के महत्व को ▶▶ शेष पेज 5 पर

### अंतरिक्ष पर बाकी युद्धक्षेत्रों की निर्भरता

उन्होंने कहा कि युद्ध से जुड़े तीन प्राथमिक क्षेत्रों जैसे जमीनी, समुद्री और हवाई की निर्भरता अंतरिक्ष पर है। उदाहरण के लिए जब समुद्री क्षेत्र में व्यापक युद्ध के समय पर लड़ाई का परिणाम या तो समुद्री क्षेत्र में तय होगा या फिर उसका जमीनी लड़ाई पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ेगा। इसी तर्ज पर जब हवाई क्षेत्र युद्ध का एक बड़ा कारक होगा। तब आप एयर स्पेस में लड़ाई तय करेंगे या उसके जमीनी और समुद्री क्षेत्र में बड़े प्रभाव होंगे। इसलिए जब हम ये कहते हैं कि जंग के उक्त तीनों परंपरागत तरीकों पर अंतरिक्ष का सर्वाधिक प्रभाव होगा। तब उस परिस्थिति में अंतरिक्ष को समझना महत्वपूर्ण हो जाता है।

## खड़ी फसलों में आवश्यकतानुसार करें हल्की सिंचाई : पूसा

**नई दिल्ली।** आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने तथा गर्म हवा चलने की संभावना को देखते हुए दिल्ली देहात और आसपास के किसानों को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (पूसा) की सलाह है कि खडी फसलों तथा सब्जियों में आवश्यकतानुसार हल्की सिंचाई सुबह शाम करें। पूसा संस्थान के कृषि भौतिकी संभाग में नोड़ल अधिकारी डॉ. अनन्ता वशिष्ठ ने यह सलाह जारी की है। अधिक तापमान से टमाटर, मिर्च एवं बैंगन की फसलों को बचाने के लिए किसानों को सलाह दी जाती है कि 2 प्रतिशत नेफथलीन एसिटिक एसिड (एनएए) का घोल खड़ी फसलों फर छिडकाव करें ताकि फलों का विकास अवरुद्ध न हो सके। पूसा संस्थान के अनुसार भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, लोदी रोड़, नई दिल्ली से प्राप्त मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान साप्ताहिक मौसम पर आधारित कृषि सम्बंधी सलाह 9 अप्रैल, 2025 तक के लिए है। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि किसान कटी हुई फसलों को बाँधकर तथा ढककर रखे अन्यथा तेज हवा या आंधी से फसल एक खेत से दूसरे खेत में जा सकती है। गहाई के बाद भंडारण से पूर्व दानों को अच्छी तरह से सुखा दें। सिंचाई सुबह या सायं के समय करें जब हवा की गति कम हो।

### डेढ़ करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त

# अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्कर किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली में मादक पदार्थ के एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से उच्च गुणवत्ता वाली 315 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1.5 करोड़ रुपये से अधिक है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली के उस्मानपुर के रहने वाले आरोपी इमरान (39) को चार अप्रैल को कबीर नगर में शमशान घाट पुलिया के पास से उस समय गिरफ्तार किया गया था जब वह एक कार से मादक पदार्थ की आपूर्ति करने जा रहा था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने इमरान को पकड़ा और उसकी कार में एक काले पॉलीथीन बैग से हेरोइन बरामद की। अधिकारी ने बताया कि हेरोइन के स्रोत का पता लगाते समय उस्मानपुर के एक अन्य तस्कर राजा का पता चला है। जांच से पता चला कि इमरान भारी मात्रा में हेरोइन खरीदता था और उसे दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में वितरित करता था। इमरान एक आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ दस आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से दो मामले स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) के तहत दर्ज है और अन्य मामले हत्या, हत्या का प्रयास, लूटपाट और अवैध हथियार रखने से संबंधित हैं।

# छावनी में युवती पर चाकू से हमला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के किर्बी प्लेस बस अड्डा इलाके में एक व्यक्ति ने 19 वर्षीय युवती पर सरेआम चाकू से कई वार किये। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि बाद में हमलावर (20) ने उसी चाकू से खुद को भी घायल कर लिया। पुलिस को एक राहगीर ने रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे इस घटना की जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा कि लड़की की गर्दन और पेट के बाएं हिस्से में गंभीर चोटें आई हैं। घटनास्थल से एक चाकू बरामद किया गया है। दोनों (पीड़िता एवं हमलावर) को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका इलाज जारी है। जांच में पता चला कि आरोपी अमित और पीड़िता पिछले एक साल से दोस्त थे और किसी बात को लेकर उनके बीच मनमुटाव हो गया था। अधिकारी ने कहा कि दोनों को डीडीयू (दीन दयाल उपाध्याय) अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका इलाज जारी है। आरोपी अमित के खिलाफ दिल्ली छावनी पुलिस थाने में बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) की धारा 109 (1) के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है। इस बीच, कथित घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर आया। करीब 45 सेकंड की इस 'क्लिप' में पुरुष और महिला खून से लथपथ हालत में सड़क के डिवाइडर पर बैठे दिखाई दे रहे हैं और उनके आसपास लोगों की भीड़ है।

## केंद्र डीजल पेट्रोल घरेलू गैस के बढ़ा रही है दाम: यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने घरेलु गैस व पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जहां एक तरफ अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 2014 के मुकाबले में अब कच्चे तेल के दाम 41 प्रतिशत घट चुके है। बावजूद केंद्र सरकार ने लोगों पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ डालते हुए घरेलु रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में 50 रुपये बढ़ोतरी और पेट्रोल डीजल पर प्रति लीटर 2 रुपये की बढ़ोतरी कर दी है। मंगलवार यानी 8 अप्रैल 2025 से लागू यह एक्साईज ड्यूटी पेट्रोल पर अब प्रति लीटर 13 रुपये और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर वसूल करेगी। यादव ने मांग की है कि दिल्ली की जनता पर पड़े इस अतिरिक्त बौझ को दिल्ली की भाजपा सरकार की मुखिया सीएम रेखा गुप्ता तुरंत वापस लें। यादव ने तंज कसते हुए कहा कि कहां एक तरफ चुनाव से पहले भाजपा ने 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा कया था, कहां सत्ता मिलते ही 50 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ाने का तोहफा दे दिया। रेखा सरकार द्वारा रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में अनैतिक बढ़ोत्तरी के कारण दिल्ली के गरीब, गरीबी रेखा से नीचे, मध्यम वर्ग पर आर्थिक बौझ पढ़ेगा। पहले 803 रुपये में मिलने वाला घरेलू सिलेंडर अब 853 में मिलेगा।

# दिल्ली हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने ड्रोन, आईफोन, सोना किया जब्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने अलग-अलग मामलों में चार ड्रोन, छह आईफोन 16 प्रो मैक्स और करीब दो किलोग्राम सोना जब्त किया है। सीमा शुल्क विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। ड्रोन और मोबाइल फोन की बरामदगी के मामले में विभाग ने बताया कि दुबई से 28 मार्च को आए एक भारतीय यात्री को टर्मिनल-तीन के ग्रीन चैनल के निकास द्वार पर संदेह के आधार पर रोका गया। सीमा शुल्क विभाग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, एक्स-रे जांच के दौरान बैग में कुछ संदिग्ध छवियां देखी गईं। हालांकि 'डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर' से जांच में कोई संकेत नहीं मिला। बाद में यात्री के सामान की जांच करने पर उसके बैग से चार ड्रोन और छह आईफोन 16 प्रो मैक्स बरामद किए गए। विभाग के अनुसार, ये सामान छिपाकर लाए गए थे और व्यावसायिक मात्रा में पाए गए।

विभाग ने कहा कि इन सामानों के उपयोग और सीमा शुल्क अधिनियम के संभावित उल्लंघनों की जांच की जा रही है। सोने की तस्करी के मामलों में विभाग ने बताया कि 28 मार्च को ही बैंकॉक से आए एक भारतीय यात्री को संदेह के आधार पर रोका गया। 'एक्स-रे' जांच में उसके बैग में संदिग्ध छवियां मिलीं। हालांकि, मेटल डिटेक्टर से कोई संकेत नहीं मिला। सीमा शुल्क विभाग ने कहा कि बाद में जांच में यात्री के जूतों में छिपाए गए दो पाउच मिले, जिनमें पीले रंग के रासायनिक पेस्ट के रूप में सोना था। इनका कुल वजन (पैकेजिंग सहित) 282 ग्राम था। एक अन्य मामले में, पांच अप्रैल को कोच्चि से आए एक यात्री को सोने की तस्करी के संदेह में पकड़ा गया।

उसके पास से नीले और हरे रंग के छह पाउच बरामद किए गए जिनमें पेस्ट के रूप में विदेशी मूल का सोना था। जांच में इन पाउच से 1,105 ग्राम सोना निकाला गया, जिसकी कीमत 94,16,191 रुपये आंकी गई है। यात्री ने सोने के तस्करी की बात स्वीकार की है। तीसरे मामले में, चार अप्रैल को कोलकाता से आए एक यात्री को रोका गया।

उसकी विस्तृत तलाशी में स्केट्स के पहियों और ट्रॉली बैग की धातु छड़ में छिपाई गई आठ मरकरी-कोटेड बेलनाकार छड़ें, दो छल्ले और एक छड़ी बरामद की गई। कुल सामग्री का वजन 488 ग्राम था जिसे गलाकर 473 ग्राम सोना निकाला गया। सीमा शुल्क विभाग ने कहा कि इन सभी मामलों में सामान के स्रोत, उद्देश्य और उपयोग की जांच जारी है।

# बुजुर्ग महिला से लूटपाट की कोशिश करने का आरोपी धरा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में पूर्व पत्नी को गुजारा-भत्ता देने के वास्ते पैसों की व्यवस्था करने के लिए लूटपाट की साजिश रचने के आरोप में 25 वर्षीय एक व्यक्ति और उसके दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तीनों ने उत्तर-पश्चिम दिल्ली के पीतमपुरा इलाके में 72 वर्षीय एक महिला के घर में बंदूक की नोक पर लूटपाट का प्रयास किया था। उसने बताया कि आरोपी की पहचान पंकज (25) और उसके साथियों रामा स्वामी (28) और अभिषेक (26) के रूप में हुई है। मौर्या एन्क्लेव पुलिस थाने की टीम ने उन्हें गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने एक मोटरसाइकिल, एक तमंचा और अपराध के दौरान आरोपियों द्वारा पहने गए कपड़े भी बरामद किए हैं। दिल्ली पुलिस ने एक बयान में कहा कि यह घटना 31 मार्च को अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे हुई क्योंकि उस दौरान शिकायतकर्ता कमलेश अरोड़ा अपने घर पर अकेली थीं। पुलिस ने बताया कि एक आरोपी कूरियर देने के बहाने अरोड़ा के घर में घुसा और उनका गला घोंटने की कोशिश की। इसके तुरंत बाद, उसका दूसरा साथी हाथ में तमंचा लेकर घर में घुसा। हालांकि, पीड़िता की बेटी ने किसी तरह तुरंत दरवाजा बंद कर दिया जिससे हमलावर भागने पर मजबूर हो गए। पुलिस ने बताया कि तीनों मोटरसाइकिल पर सवार होकर भाग गए।

उसने बताया कि इस घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद जांच शुरू की गई। संदिग्धों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई। कई छापेमारी के बाद पंकज और रामा स्वामी को पकड़ लिया गया। उत्तर-पश्चिम के पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बयान में कहा कि पूछताछ के दौरान पंकज ने कबूल किया कि उसने तलाक के बाद गुजारा भत्ता देने के लिए पैसे जुटाने के मकसद से लूटपाट की योजना बनाई थी।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **तेतर दास पुत्र चुनचुन शाह निवासी ग्राम भतोड़िया, थाना नाथ नगर, जिला भागलपुर, बिहार और 123ए, डाकखाने वाली गली, बवाना, दिल्ली** ने केस एफआईआर नं. **393/2022, अन्तर्गत धारा 304ए आईपीसी, थाना बवाना, बाहरी उत्तरी जिला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **तेतर दास** मिल नहीं रहा/रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **तेतर दास** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. **393/2022, अन्तर्गत धारा 304ए आईपीसी, थाना बवाना, बाहरी उत्तरी जिला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **तेतर दास** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.06.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री सार्थक पंवार**
महानगर दण्डाधिकारी-05, (उत्तर)
कमरा नं. 114, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/4291/ON/2025
(Court Matter)


## इस सीजन की सबसे अधिक बिजली मांग हुई दर्ज, डिमांड पहुंची 4600 मेगावाट से अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

गर्मियों के सीजन में दिल्ली में बिजली की मांग बढ़कर 4600 मेगावाट के आंकड़े को पार कर गई। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ो के अनुसार सोमवार दोपहर 2.50 बजे दिल्ली में बिजली की मांग बढ़कर 4661 मेगावाट और न्यूनतम तापमान 2958 मेगावाट पहुंच गई। सीजन के सबसे गर्म दिन रहने का असर सीधा बिजली की खपत पर पड़ता है इसलिए मांग का आंकड़ा बढ़ गया। अनुमान है कि मंगलवार को बिजली की खपत बढ़कर 4700-4800 मेगावाट तक पुहंच सकती है। जहां बिजली की मांग बढ़ने लगी है वहीं दूसरी तरफ लोगों का आरोप है कि बिजली की कटौती भी बढ़ने लगी है। लेकिन दूसरी तरफ निजी बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल ऐसे सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर रही है। इन कंपनियों ने बताया कि आज बिजली मांग बेशक बढ़ी है लेकिन अभी दिल्ली वालों का कोई परेशानी नहीं होगी। क्योंकि हमारे पास 9 हजार मेगावाट से भी अधिक बिजली आपूर्ति की पूरी व्यवस्था है। इसलिए किसी को झाबराने की कोई जरूरत नहीं है। कंपनियों द्वारा दी गई जानकारी अनुसार दिल्ली में गत वर्ष बिजली की पीक डिमांड 8656 मेगावॉट से उपर पहुंच गई थी। उस दौरान भी हमने बिजली आपूर्ति निर्बाध रखी थी जो दिल्ली के इतिहास में अब तक सबसे अधिक मांग रही है। कंपनियों ने कहा बिजली कटौती के लगाए जा रहे सभी आरोप बेबुनियाद है।

# सीजन में पहली बार लू की मार, 40 डिग्री के पार पारे ने निकाला पसीना, दो दिन नहीं मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली वालों को सोमवार को इस गर्मी के सीजन में पहली बार लू की मार झेलनी पड़ी। सूरज ने आग उगलनी शुरू कर दी है, जिसके चलते अधिकतम पारा इस सीजन में पहली बार 40 डिग्री की सीमा को लांघ गया। सूरज के कड़े तेवर अभी अगले दो-तीन दिन राहत देने वाले नहीं है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने बताया कि सोमवार को इस मौसम का अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 5 डिग्री से भी ऊपर है। लेकिन अभी भी न्यूनतम तापमान राहत देने वाला कहा जा सकता है। न्यूनतम तापमान 20.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से महज 0.2 कम है। आईएमडी के अनुसार दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे एनसीआर के विभिन्न हिस्सों में लू चल रही है। आईएमडी के अनुसार दिल्ली के रिज और आया नगर इलाके में अधिकतम तापमान सबसे ज्यादा 41 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। में कई जगहों पर लू की स्थिति देखी गई। दिल्ली में सोमवार को इस सीजन का सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो दिल्ली में साल 2022 के बाद इस बार अप्रैल महीने में लू की स्थिति देखी गई। आईएमडी ने अगले दो दिनों के दौरान मौसम कमोबेश ऐसा ही रहने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने दिल्ली में 8 और 9 अप्रैल को लू चलने का येलो अलर्ट भी जारी किया है। आगामी दोनों दिनों के दौरान अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान 21 से 24 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के आसार हैं। तेज धूप और साफ आसमान रहने की वजह से दिल्ली के साथ ही एनसीआर के इलाकों में तापमान में तेजी से बढ़ोतरी देखी जाएगी। आईएमडी की माने तो दिल्ली में मंगलवार सुबह से ही तेज चटख धूप निकलेगी। आसमान में बादलों की मौजूदगी नहीं रहने से दिन चढ़ने के साथ ही गर्मी बढ़ती जाएगी। मंगलवार को दिल्ली एनसीआर में लू की स्थिति देखी जा सकती हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि लंबे समय से दिल्ली एनसीआर में अच्छी बारिश की कमी बनी हुई है। जिससे वातावरण में नमी नहीं है। इतना ही नहीं मौजूदा वक्त में सिंध और बलूचिस्तान से आने वाली रेगिस्तानी गर्म हवाएं भी तापमान बढ़ाने में मदद कर रही हैं। आईएमडी की भविष्यवाणी अगर सही साबित हुई तो मंगलवार 8 अप्रैल से एक नया पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है।


### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रवि, पुत्र** : विजय सिंह, **पता**: आर जेड–32, सैयद गाँव – नांगलोई, दिल्ली; दूसरा पता : डी–150, प्रीति का मकान, लक्ष्मी पार्क, निहाल विहार, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 924/2022 U/s 380 / 511 IPC, थानाः निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रवि** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रवि** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 924/2022 U/s 380 / 511 IPC, थानाः निहाल विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रवि** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री कोमल गर्ग**
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03 (पश्चिम)
कमरा नं. 292, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/4268/OD/2025
(Court Matter)


### श्री गुरू तेग बहादुर स्मारक के सामने हो जाता है भारी जलभराव

# ऐसा ही रहा हाल तो दिल्ली का प्रवेश द्वार होगा पानी-पानी

दया राम ▶▶ नई दिल्ली

**खास बातें**

- एमसीडी टोल टैक्स प्लाजा के आसपास चालकों को परेशानी
- अभी तक नहीं हुई हैं दोनों तरफ नालों की सफाई



आगामी मानसून को लेकर दिल्ली सरकार पहले से ही तैयारी में जुट गई है लेकिन देखा जाए तो पूर्ववर्ती सरकारों ( आम आदमी पार्टी, कांग्रेस ) की तरह ही भाजपा की नई दिल्ली सरकार का ध्यान भी दिल्ली के सिर्फ महत्वपूर्ण हिस्सों पर ही केंद्रित है क्योंकि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 स्थित सिंघू बॉर्डर दिल्ली का प्रवेश द्वार है और अभी तक यहां नालों की सफाई नहीं की गई है। गत वर्ष की बात करें तो यहां प्रवेश करते ही राजमार्ग पर भारी जलभराव के चलते राहगीरों, चालकों, स्कूली बच्चों आदि को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। स्थानीय लोगों का इस संबंध में कहना है कि यहां दोनों तरफ जल निकासी की अच्छी व्यवस्था थी लेकिन दोनों ही तरफ के नाले इन दिनों भी जाम हैं। बता दें कि दिल्ली में प्रवेश करने के बाद एमसीडी टोल टैक्स प्लाजा से होते हुए दिल्ली सरकार की महत्वकांक्षी योजना श्री गुरू तेग बहादुर स्मारक से होते हुए सिंघू गांव के मुख्य बस स्टेंड के आसपास तक बड़े नाले में कूड़ा, कचरा और एनएचएआई की तरफ सड़क विस्तार के दौरान खोदी गई मिट्टी भरी हुई है। वहीं, दूसरी तरफ दिल्ली से हरियाणा की तरफ दिल्ली की सीमा की बात की जाए तो यहां सरकारी प्रशासन की लापरवाही के चलते जगह जगह नालों में मिट्टी भर दी गई और निकासी की कोई व्यवस्था ही नहीं छोडी है। पेट्रोल पंप साइड में बने हुए नाले पर जगह जगह कब्जा करके बंद कर दिया गया है और मानूसन के दौरान जगह जगह सड़क पर पानी भर जाता है।

### दिल्ली की शीला सरकार ने प्रवेश द्वारों के किया था सौंदर्यकरण

बता दें कि दिल्ली की पूर्ववर्ती कांग्रेस की शीला सरकार के दौरान सिंघू बॉर्डर पर जैसे ही प्रवेश करते थे तो सड़के के बीचों बीच हरियाली होती थी और श्री गुरू तेग बहादुर स्मारक के निर्माण के बाद यहां बारिश के दौरान पानी नालों से बहकर आगे नहर में निकल जाता था, लेकिन आज कल यह नाला बंद है।

### विभागों में आपसी तालमेल नहीं, होता है भारी जलभराव

बता दें कि सरकार की तीन एजेसियों ( एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग और एमसीडी) के बीच सड़क व नालों के निर्माण के दौरान आपसी तालमेल नहीं होने को खामियाजा श्री गुरू तेग बहादुर स्मारक प्रशासन को तो भुगतना पड़ ही रहा है साथ ही इस स्मारक के सामने मानूसन के दौरान भारी जलभराव के चलते वाहन चालकों आदि को भी परेशानी उठानी पड़ रही है।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका बावल | नगर पालिका बावल में 2 अदद चौक की शिफ्टिंग + 1 कार्य। | 02.04.2025 09.04.2025 | 24.43 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 8901202433 secy.mc.bawal@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/33678/I/88/7 दि. 07.04.25

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी फरीदाबाद | 3 अदद सम्पर्क सड़कों की विशेष मरम्मत अर्थात 1. अटेली से नरवाली (रोड आईडी 656) 2. सीकरी से हरफाली (रोड आईडी 8625), 3. बहबलपुर से सोतई (रोड आईडी 694), जिजला फरीदाबाद एम.सी. मोहना के एन.ए. पृथला विधानसभा क्षेत्र (कार्य योजना वर्ष 2025-26) + 1 कार्य। | 04.04.2025 15.04.2025 | 4.48 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9416384454 [illegible] |
| 2 | एचएसएएमबी फरीदाबाद | 3 अदद सम्पर्क सड़कों का विशेष मरम्मत द्वारा चौड़ा करना और मजबूतीकरण अर्थात 1. बाखल टोल टैक्स सोहना रोड से पावटा (रोड आईडी 8144) 2. फतेहपुर तेगा से जाकोपुर बिजोपुर पीडब्ल्यूडी रोड (रोड आईडी 7461), 3. मोहताबाद से पावटा (रोड आईडी 663) एमसी दाबुआ का फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा क्षेत्र जिला फरीदाबाद (कार्य योजना 2025-26 के तहत)। | 02.04.2025 15.04.2025 | ईएमडी 1.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416384454 [illegible] |
| 3 | एचएसएएमबी फरीदाबाद | जिला फरीदाबाद एनआईटी फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में गांव पाखल से नेकपुर (रोड आईडी 5204) तक सम्पर्क सड़क की विशेष मरम्मत कार्य योजन प्लान 2023-24 (फेज-1)। | 02.04.2025 09.04.2025 | ईएमडी 94201/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416384454 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/80/33667/I/88/7 दि. 07.04.25

## मुख्यमंत्री ने सभी राजस्व जिलों के जिलाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# जिलाधिकारी हर हफ्ते लगाएं सुनवाई कैंप और करें झुग्गी इलाकों का निरीक्षण : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सभी जिलाधिकारी कम से कम सप्ताह में एक दिन जन सुनवाई कैंप लगाएं और झुग्गी इलाकों को नियमित निरीक्षण करें। किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह निर्देश सोमवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सरकार के सभी राजस्व जिलों के जिलाधिकारियों दिए।

गौरतलब है दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली सरकार के सभी राजस्व जिलों के जिलाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक के दौरान दिल्ली के सभी 11 राजस्व जिलों के जिलाधिकारी मौजूद रहे। इस उच्च स्तरीय बैठक का मुख्य उद्देश्य राजस्व जिलों में प्रशासनिक और विकासात्मक प्रगति की समीक्षा करना, स्थानीय मुद्दों का समाधान करना तथा विभागों के बीच समन्वय को सुदृढ़ बनाना रहा। सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि इस बैठक में प्रशासनिक कार्यों की प्रगति, जनसेवा के कार्य, भूमि संबंधी विवादों, अतिक्रमण की स्थिति, भू-स्वामित्व रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण ,आपदा प्रबंधन तैयारियों और राजस्व कार्यालयों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। सीएम ने कहा कि राजस्व विभाग आम जनता से सीधे जुड़ा हुआ है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली की जनता को एक ऐसी प्रणाली चाहिए जो सुने, समझे और त्वरित कार्रवाई करे। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्रों को जारी करने में पाई जाने वाली अनियमितताओं की त्वरित जांच की जाए और दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सीएम रेखा गुप्ता ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने विकास कार्यों की 15 दिन के भीतर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। नागरिक सेवाओं को अधिक प्रभावी और यूजर फ्रेंडली बनाने के लिए ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल को अपग्रेड किया जाएगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजस्व जिलों की समीक्षा बैठक के दौरान डीएम कार्यालयों में तकनीकी स्टाफ की नियुक्तियों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पटवारी, कानूनगो, सर्वेयर जैसे तकनीकी पदों की नियुक्तियां की जाएं और इनकी संख्या में भी आवश्यकतानुसार वृद्धि की जाए, ताकि जमीनी स्तर की समस्याओं का समाधान तेजी और कुशलता से हो सके। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने डीएम को विशेष निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जिलों में जलभराव, स्वच्छता, अतिक्रमण और यातायात जाम जैसी स्थानीय समस्याओं पर नियमित निगरानी रखें और इनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाएं।

- डीएम ऑफिस में बढ़ेंगी टेक्निकल पोस्ट्स, पटवारी से लेकर सर्वेयर तक होंगी नियुक्तियां

### जारी रहे अवैध बैनर पोस्टर हटाने का अभियान

सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली की सौंदर्यता और शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अवैध बैनर और पोस्टर हटाने का अभियान जारी रहेगा। इस अभियान के तहत सभी सरकारी संपत्तियों जैसे फ्लाईओवर, रोड साइन, स्कूल बाउंड्री वॉल आदि से अवैध बैनर और पोस्टर को भी हटाया जा रहा है। साथ ही, उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ प्रॉपर्टी डिफेसमेंट एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है। साथ ही नागरिकों को ऑनलाइन सेवाओं का अधिकतम लाभ मिले, इसके लिए नागरिक सेवाओं को अधिक प्रभावी और यूजर फ्रेंडली बनाने के लिए ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल को अपग्रेड किया जाएगा।

# शिक्षा है राष्ट्र निर्माण की मजबूत आधारशिला : सीएम



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हमारी सोच में शिक्षा केवल अकादमिक सफलता का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की मजबूत आधारशिला है। सरकार का लक्ष्य ऐसे छात्रों का निर्माण करना है जो न केवल ज्ञान में दक्ष हों, बल्कि उत्तम चरित्र, संवेदनशील सोच और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से भी युक्त हों। यह बातें दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को डीएवी कॉलेज समिति के 'संकल्प से सिद्धि-नया सत्र, नई ऊर्जा' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं।

सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष के बजट का 19.29 प्रतिशत भाग शिक्षा को आवंटित किया गया है। दिल्ली सरकार समग्र शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि डीएवी संस्था शिक्षा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को ऊर्जा देने वाली एक ऐसी संस्था है,जो विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ-साथ संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी उजागर करती है। उन्होंने कहा कि महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती के वैदिक सिद्धांतों व आदर्शों पर आधारित 1886 में स्थापित डीएवी संस्थान आधुनिक ज्ञान और प्राचीन वेदों का सुंदर समन्वय प्रस्तुत करती है, जिसने शिक्षा को केवल अकादमिक उपलब्धि न मानकर राष्ट्र के चरित्र निर्माण का माध्यम बनाया है। यह संस्था शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्र निर्माण हेतु वैचारिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त रूप से संजोए हुए है। देशभर में 1000 से अधिक स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के माध्यम से 23 राज्यों में शिक्षा का दीप जलने वाली यह संगठन न केवल अकादमिक उत्कृष्टता, बल्कि नैतिक मूल्यों, राष्ट्रभक्ति और समग्र व्यक्तित्व विकास पर भी बल देती है, जिससे विद्यार्थियों को जिम्मेदार और संस्कारित नागरिक बनाने का कार्य किया जा रहा है।

# शिक्षकों ने की मांग, निगम शिक्षा विभाग को दिया जाए स्थाई और अनुभवी शिक्षा निदेशक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के शिक्षकों ने निगम प्रशासन से शिक्षा विभाग में स्थाई और अनुभवी शिक्षा निदेशक देने की मांग की है। निगम शिक्षकों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि पिछले करीब एक वर्ष में नगर निगम के चार शिक्षा निदेशक बदले जा चुके हैं और निगम एकीकरण के बाद बनाए गए शिक्षा निदेशक विकास त्रिपाठी पर शिक्षक संगठनों द्वारा ऑनलाइन ट्रांसफर प्रकिया में भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए गए थे। जिसके बाद उनका स्थानांतरण कर दिया गया था। गत अनुभवों को देखते हुए शिक्षकों का कहना है कि स्थाई और अनुभवी शिक्षा निदेशक के आने के बाद ही निगम में शिक्षा का स्तर बेहतर होने के साथ ही निगम का उद्धार भी हो सकता है। शिक्षकों का कहना है कि इस स्थिति में जब तक निगम शिक्षा विभाग को स्थाई शिक्षा निदेशक नहीं दिया जाता तब तक यह स्थित ऐसे ही बनी रहेगी। दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग से जुड़े मुख्यालय और जोनल कार्यालय के कुछ अधिकारियों ने दबी आवाज में कहा है कि निगम शिक्षा विभाग को निगम शिक्षा विभाग के अधिकारी जो निदेशक शिक्षा की प्रमोशन पर बैठे हैं उन्हें निदेशक शिक्षा बनाकर निगम शिक्षा विभाग को अनुभवी निदेशक दिया जा सकता है इससे पहले भी निगम शिक्षा विभाग से ही प्रमोशन देकर कई निदेशक बनाए गए हैं। वहीं, उनका कहना है कि प्रमोशन रोक कर अपने से जूनियर के नीचे कार्य करने को बाध्य कर निगम शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को नीचा दिखाया जा रहा है। पिछले तीन वर्ष से जब से निगम का एकीकरण हुआ है, इस मामले को उच्च अधिकारियों द्वारा दबाया जा रहा है। वहीं, इस संबंध में निगम प्रशासन से जानकारी मांगी गई तो प्रशासन की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

### कॉलेजों में एडहॉक व अस्थायी पदों पर की जाए नियुक्ति : फोरम

नई दिल्ली। पिछले कुछ वर्षों से कॉलेजों में एडहॉक व अस्थायी पदों पर नियुक्त करने की प्रक्रिया समाप्त कर दी गई है। कॉलेजों को चाहिए कि सेकेंड ट्रांच के पदों का रोस्टर रजिस्टर तैयार करके उसे विश्वविद्यालय प्रशासन से पास कराए और उसका विज्ञापन निकालें। लेकिन कॉलेज ऐसा नहीं कर रहे हैं। फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस ( शिक्षक संगठन ) के अध्यक्ष डॉ. हंसराज सुमन ने दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों द्वारा ओबीसी कोटे की सेकेंड ट्रांच के पदों पर गेस्ट टीचर्स लगाकर आरक्षण समाप्त करने को साजिश बताया है। डॉ.सुमन ने कुछ कॉलेजों द्वारा एडहॉक शिक्षकों के पदों को समाप्त कर उन्हें गेस्ट टीचर्स में तब्दील किए जाने की भी कड़े शब्दों में निंदा की है और कहा कि गेस्ट टीचर्स की आड़ में धीरे-धीरे केंद्र सरकार की आरक्षण नीति को समाप्त कर उन पदों को सामान्य वर्गों के अभ्यर्थियों से भरना चाहते हैं।

### ऑटो टैक्सी की बढ़ी फिटनेस जांच फीस को सरकार ने लिया वापस

नई दिल्ली। गत दिनों दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग द्वारा ऑटो टैक्सी फिटनेस टेस्ट फीस में की गई बढ़ोत्तरी को अब वापस ले लिया गया है। सरकार के इस कदम से राजधानी के ऑटो टैक्सी चालकों ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का धन्यवाद किया है। सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए ऑल दिल्ली ऑटो टैक्सी ट्रांसपोर्ट कांग्रेस यूनियन के अध्यक्ष किशन वर्मा ने कहा कि परिवहन विभाग ने बिना किसी पूर्व सूचना या अधिसूचना के ही 1 अप्रैल 2025 से ऑटो टैक्सी चालकों से फिटनेस जांच के नाम पर जो बढ़ी हुई फीस वसूलनी शुरू की थी उसे वापस ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस कदम का स्वागत करते हुए चालक सीएम रेखा गुप्ता का धन्यवाद करते है। उन्होंने कहा कि हमने परिवहन विभाग की इस मनमानी के खिलाफ जबरदस्त तरीके से आवाज उठाते हुए सरकार को चेतावनी दी थी कि अगर इसे वापस नहीं लिया गया तो अधिकांश ऑटो संगठन चक्का जाम हड़ताल पर चले जाएगें। जिसके बाद सरकार ने इस मुद्दे की गंभीरता को समझते हुए परिवहन विभाग से इसे वापस करने को कहा। उन्होंने कहा कि पूर्व की केजरीवाल सरकार 1 सितंबर 2019 से कोई फिटनेस जांच फीस शुल्क चार्ज नहीं लेती थी, लेकिन रेखा गुप्ता की सरकार बनने के बाद परिवहन विभाग ने 1 अप्रैल 2025 से ऑटो टैक्सी चालकों से फिटनेस फीस 300 रूपए से बढ़ाकर 600 रुपए एवं प्रतिदिन पेनल्टी 20 से बढ़कर 50 रूपए कर दी थी।

# सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर यूजर चार्ज लगाना गलत : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम के महापौर महेश कुमार खिंची ने निगमायुक्त के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर दिल्ली की जनता से यूजर चार्ज वसूलने के फैसले का सख्त विरोध किया है। महापौर महेश कुमार खींची ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि यह दिल्ली की जनता के हित में नहीं है। निगमायुक्त को यह फैसला वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि निगमायुक्त द्वारा यूजर चार्जेज को प्रॉपर्टी टैक्स के साथ जोड़ दिया गया है, यह बिल्कुल गलत है। इससे दिल्ली की जनता पर टैक्स का और बोझ बढ़ेगा। अगर यूजर चार्जेज को प्रॉपर्टी टैक्स से जोड़ना था, तो पहले सदन में इसका प्रस्ताव लाकर अनुमति लेनी चाहिए थी। वहीं, नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि दिल्ली के 80 फीसद घरों से कूड़े का उठान नहीं हो पा रहा है, निगमायुक्त पहले घर-घर से कूड़ा उठवाएं, फिर यूजर चार्जेज लगाएं। हम यूजर चार्जेज लगाने का विरोध करते हैं, ये लोग इसके जरिए निगम की 'आप' सरकार और महापौर पर दबाव बनाना चाहते हैं। महापौर महेश खींची ने कहा कि एमसीडी के कंसेशनर्स ने घर-घर से कूड़ा उठाने के लिए कहा था, मगर अभी भी घर-घर से कूड़ा उठाने की सुविधा लोगों को नहीं मिल पा रही है। इसलिए दिल्लीवासियों को प्राइवेट लोगों से कूड़ा उठवाना पड़ता है और उसके लिए अलग से चार्ज देना पड़ता है।

हम शुरू से ही जनता के हित के लिए कार्य करते आए हैं। अरविंद केजरीवाल का मानना है कि जनता पर टैक्स का बोझ न पड़े। अरविंद केजरीवाल द्वारा जनता के लिए लाई गई सुविधाएं सराहनीय थीं। हम चाहते हैं कि एमसीडी द्वारा लाया गया यह टैक्स वापस लिया जाए। यह टैक्स नहीं लगना चाहिए।

- निगम आयुक्त वापस लें आदेश

# दिल्ली सरकार की वेबसाइट अधिक सुगम और उपयोगी बनेगी : डॉ. पंकज

### आईटी मंत्री ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा, सभी विभागों की वेबसाइटों को समय-समय पर अपडेट किया जाना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार की वेबसाइट को नागरिकों के लिए अधिक सुगम और उपयोगी बनाया जाएगा। इस बात की जानकारी दिल्ली के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने सोमवार को दी है।

मंत्री पंकज कुमार सिंह ने सोमवार को दिल्ली सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के प्रस्तावित एडवांस वेब पोर्टल के होम पेज पर पब्लिक सर्विस को और यूजर फ्रेंडली बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल, सीवरेज, स्वास्थ्य, लोक निर्माण और जनकल्याण से जुड़ी महत्वपूर्ण जन सेवाओं को दिल्ली सरकार के वेब पोर्टल पर और अधिक यूजर फ्रेंडली बनाने पर विशेष बल दिया जा रहा है।

उन्होंने निर्देश दिए कि नागरिकों को सहज और पारदर्शी तरीके से सेवाओं की जानकारी उपलब्ध हो, इसके लिए पोर्टल का इंटरफेस सरल और समावेशी बनाया जाए। इस पोर्टल के डेवलप होने पर एक क्लिक से पब्लिक सर्विस से जुड़ी जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। मंत्री पंकज ने कहा कि सभी विभागों की वेबसाइटों पर उपलब्ध जानकारियों को समय-समय पर अपडेट किया जाना आवश्यक है। विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि वेबसाइट पर योजनाओं, सेवाओं और संपर्क से जुड़ी सूचनाएं हमेशा नवीनतम और प्रासंगिक रहें। मंत्री पंकज ने वेबसाइट की प्रस्तावित अपडेट प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए पोर्टल की डिजाइन को और अधिक सिटीजन फ्रेंडली एवं इंफॉर्मेटिव बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पोर्टल का डिजाइन इस प्रकार तैयार किया जाए कि यह सुव्यवस्थित हो और समाज के सभी वर्गों के नागरिकों के लिए आवश्यक जानकारी सहजता से उपलब्ध हो सके। इस पोर्टल पर दिल्ली सरकार के 100 से अधिक विभागों की जानकारी एक ही जगह पर मिल सकेगी। खास बात यह है कि इसमें दी गई जानकारियां लगातार अपडेट होती रहेंगी और पोर्टल अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगा। पोर्टल की विकास प्रक्रिया में सुरक्षा, स्पीड और सुगमता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इस पोर्टल को ओपन सोर्स ड्रुपल तकनीक का इस्तेमाल कर विकसित किया जा रहा है जिसे एस्केलेबल क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर पर होस्ट किया जा सकेगा ताकि यह आसानी से उपलब्ध हो सके।

## प्राइवेट स्कूलों की फीस बढ़ोतरी को लेकर बार-बार झूठ बोल रहा है विपक्ष : शिक्षा मंत्री

# 'दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों की फीस वृद्धि पर दिल्ली सरकार कसेगी नकेल'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार अपने कार्यकाल के दौरान फीस बढ़ाने वाले स्कूलों पर आंखें मूंदे बैठी रही लेकिन हमारी सरकार मनमाने ढंग से फीस बढ़ाने वाले निजी स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। यह बात सोमवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने प्रैसवार्ता में कही।

दिल्ली शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने सोमवार को प्रैसवार्ता में कहा पिछली सरकार के 10 सालों के शासनकाल में दिल्ली के 1677 प्राइवेट स्कूलों में से सिर्फ 75 स्कूलों का ही हर साल ऑडिट किया गया है। जबकि दिल्ली एजुकेशन एक्ट के तहत सभी स्कूलों का प्रतिवर्ष ऑडिट करवाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मैं अपनी सरकार की शिक्षा के प्रति प्राथमिकता को स्पष्ट करना चाहता हूं। हम दिल्ली में शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी तरह का व्यवसायीकरण बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि हम दिल्ली के बच्चों के हितों को सुरक्षित रखने के लिए हर तरह के प्रयास करेंगे। स्कूल विद्या के मंदिर होते हैं। प्राइवेट स्कूलों के जरिए पिछली सरकार किस तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त थी। मैं चुनौती देता हूं मनीष सिसोदिया को कि अगर उनके पास भ्रष्टाचार के संबंध में कोई भी सबूत हैं। तो सामने आकर दें, सरकार पर झूठे आरोप-प्रत्यारोप न लगाएं। अगर उनको लगता है कि भ्रष्टाचार हो रहा है तो थाने में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराएं। हमारी सरकार पर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं कि दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों में फीस बढ़ाने के लिए हम साजिश कर रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि साल 2004 के मॉर्डन स्कूल के केस में दिल्ली हाईकोर्ट ने साफ कर दिया था कि किसी भी प्राइवेट स्कूल को फीस बढ़ाने से पहले दिल्ली शिक्षा निदेशालय की मंजूरी लेना जरूरी है। मैं चुनौती देता हूं जिस स्कूल के बारे में बार-बार मनीष सिसोदिया जिक्र कर रहे हैं। जब उनकी सरकार थी तब उन्होंने फीस बढ़ाने पर क्या कार्रवाई की है। हमारी सरकार हर प्राइवेट स्कूलों की जांच करवाएगी कि किस-किस ने भ्रष्टाचार किया है। और दिल्ली में पिछले 10 वर्षों में किस स्कूल ने कितनी फीस बढ़ाई है।

शिक्षा मंत्री सूद ने बताया कि मनीष सिसोदिया एलकॉन इंटरनेशनल का बार-बार नाम ले रहे हैं। सूद ने यह भी बताया कि डीपीएस, द्वारका स्कूल ने 2020 से लेकर 2025 तक बीते पांच सालों में लगातार 20, 13, 9, 8, 7 फीसदी फीस बढ़ाई गई है। पिछली सरकार के शासन में सृजन स्कूल में 35 फीसदी फीस बढ़ाई गई। सृजन स्कूल में साल 2024-25 में 36 फीसदी फीस बढ़ाई गई। एलकॉन इंटरनेशनल ने 15 करोड़ रुपए बिना मर्जी के खर्च कर घपला किया था, फिर भी उस स्कूल को 2022-23 में 15 फीसदी फीस बढ़ाने की अनुमति दे दी गई। एलकॉन स्कूल ने 2024-25 में 13 फीसदी फीस बढ़ाई फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। एंजल पब्लिक स्कूल ने 42 लाख रुपए अनियमितता के लिए नोटिस दिया गया था। फिर भी स्कूल ने 2022-23 में 14 फीसदी फीस बढ़ा दी। रुकमिनी देवी पब्लिक स्कूल ने 11 फीसदी फीस बढ़ाई। लैंसर कॉन्वेंट ने 2024-25 में 34 फीसदी फीस बढ़ाई थी। आतिशी मार्लेना की सरकार ने तब क्यों नहीं कार्रवाई की। सलवान पब्लिक स्कूल का नाम ले रहे हैं।

इस स्कूल को 1 करोड़ 68 लाख रुपए का घपला पकड़ा गया। इस स्कूल ने भी 2023-24 में 23.84 फीसदी और 2024-25 में 14.68 फीसदी फीस बढ़ाई। और पिछली सरकार कहती है कि फीस भारतीय जनता पार्टी ने बढ़ाई है। इन स्कूलों के साथ उनका क्या लेनदेन था, उसकी जांच करवा कर हम कार्रवाई करेंगे।

### बीते 10 साल में किसी भी स्कूल की ऑडिट रिपोर्ट नहीं है मौजूद

शिक्षा मंत्री ने बताया कि दिल्ली में 1677 प्राइवेट स्कूल हैं, जिनमें से 335 सरकारी जमीन पर बने हैं। जिनके लिए 1973 के दिल्ली स्कूल एक्ट में यह नियम है कि राज्य सरकार से फीस बढ़ाने से पहले अनुमति लेना जरूरी है। 114 स्कूल ही ऐसे हैं जिनको फीस बढ़ाने के लिए अनुमति लेने के लिए कोई बाध्यता नहीं हैं। हम पर आरोप लगाया जा रहा है कि हम प्राइवेट स्कूलों में फीस बढ़ाने के लिए साजिश कर रहे हैं। बीते 10 साल का ऑडिट रिपोर्ट शिक्षा विभाग के पास मौजूद ही नहीं है। किसी भी स्कूल का दिल्ली शिक्षा निदेशालय के पास ऑडिट रिपोर्ट जमा ही नहीं करवाया है। क्या दिल्ली की सरकार ने ऐसी कोई पॉलिसी बनाई थी कि स्कूलों को फीस बढ़ाने से रोक सकें।

# आतिशी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर की फीस वृद्धि पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने सोमवार को सीएम रेखा गुप्ता को एक पत्र लिखकर निजी स्कूलों में फीस वृद्धि पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। आतिशी ने सीएम को लिखे पत्र में कहा कि निजी स्कूलों में फीस वृद्धि को लेकर दिल्ली में हर जगह हाहाकार मची हुई है। दिल्ली सरकार आज ही आदेश पारित करे कि किसी भी माता-पिता को बढ़ी हुई फीस नहीं देनी है और फीस वृद्धि पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाती है। साथ ही, फीस बढ़ाने वाले निजी स्कूलों का ऑडिट कराया जाए। ऑडिट के बाद ही निजी स्कूलों फीस बढ़ाने और पैरेंट्स से बढ़ी हुई फीस लेने का अधिकार दिया जाए। आतिशी ने कहा कि अभिभावकों के उत्पीड़न को रोकने के लिए मैं सरकार से तीन मांग करती हूं। पहली मांग है कि तत्काल प्रभाव से आदेश जारी करें कि कोई भी स्कूल तब तक किसी अभिभावक से बढ़ी हुई फीस न वसूले, जब तक कि स्कूलों के खातों का ऑडिट न हो जाए। दूसरी मांग यह है कि फीस बढ़ाने की मांग करने वाले सभी स्कूलों के खातों की जांच सीएजी द्वारा अधिकृत लेखा परीक्षकों से समयबद्ध तरीके से कराई जाए। तीसरी यह कि केवल उन स्कूलों को ही 1-2 फीसद फीस बढ़ाने की अनुमति दी जाए, जिनके वैध खर्च ऐसी वृद्धि के बिना पूरे नहीं हो सकते।

**खबर संक्षेप**

### एटीएम कार्ड से निकाले पैसे, आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर 65 कि टीम ने पर्स चोरी कर एटीएम कार्ड से पैसे निकालने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सही राम निवासी लाला खेड़ली गुरुग्राम ने पुलिस चौकी सेक्टर 16 में दी शिकायत में बताया कि वह 8 दिसंबर 2024 को सेक्टर 16 फरीदाबाद की आर्मी कैंटीन में सामान खरीदने के लिए आया था, जब वह ऑटो से वापस घर जा रहा था ।

### धोखाधड़ी के मामले में 3 आरोपियों को पकड़ा



**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल में सेक्टर 10 निवासी एक महिला ने दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया की 14 दिसंबर 2024 को उसके वाट्सअप पर एक अंजान नंबर से मैसेज आया जिस पर पार्ट टाइम जॉब लिखा हुआ था वाट्सअप मैसेज के लिंक पर क्लिक करने के बाद शिकायकर्ता एक टेलीग्राम ग्रुप में जुड़ गई। वीडियो देखने के बाद 179 रुपए शिकायतकर्ता के बैंक अकाउंट में

### कार को टक्कर मारने वाला कैंटर चालक काबू



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम एक्सप्रेसवे (एनएच 48) पर इफ्को चौक के पास तेज रफ्तार कैंटर ने सड़क किनारे खड़ी वैगन आर कार में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने घटना के बाद फरार हुए कैंटर चालक को गिरफ्तार कर लिया। जबकि मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सेक्टर-17/18 थाना पुलिस को दी शिकायत में बिहार मूल के जुनैद ने बताया कि वह गुरुग्राम के गांव झाड़सा में किराए पर रहता है। वह 06/07 अप्रैल की रात को अपने दोस्त की वैगनार कार लेकर अपने अन्य साथियों साहिल मंसूरी, रियाज अंसारी तथा रिहाना खातून के साथ अपने गांव बिहार जा रहा था। जब ये इफ्को चौक फ्लाईओवर पर पहुंचे तो गाड़ी में कुछ दिक्कत होने लगी तो इन्होंने गाड़ी को साईड में लगा दिया और इंडिकेटर जलाकर गाड़ी को ठीक करने लगे। इसी दौरान पीछे से एक कैंटर चालक तेजी रफ्तार से चला कर लाया और इनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। हादसे को अंजाम देकर चालक वाहन लेकर फरार हो गया। हादसे में चंपारण के 40 वर्षीय रियाज अंसारी की मौत हो गई। जबकि महिला सहित तीन घायल हो गए। जिनको उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंच कैंटर को अपने कब्जे में ले लिया। आरोपी की पहचान यूपी के कासगंज निवासी अखिलेश के रूप में हुई। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### मूर्ति तोड़ने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**गाजियाबाद।** लोनी थाना क्षेत्र में निशांत कॉलोनी उसे समय तनाव फैल गया जब चौराहे के पास भगवान शनि देव की मूर्ति खंडित अवस्था में मिली। पुलिस ने मामले को बेहद गंभीरता से लिया और छानबीन की तो पता चला कि यह मूर्ति उसे समय खंडित हुई जब आकाश नामक युवक उसे चुरा कर ले जा रहा था लेकिन अधिक तेल लगा होने के कारण मूर्ति नीचे गिर गई और खंडित हो गई । पुलिस ने आकाश को गिरफ्तार कर लिया है जिसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि अशोक विहार चौकी क्षेत्र स्थित निशांत कालोनी चौराहे पर स्थित एक मंदिर के कोने पर स्थापित भगवान शनि देव की मूर्ति को किसी अज्ञात व्यक्ति ने खंडित कर दिया है।

# बिछड़े थे जिसकी वजह से राम जी, मैं उस हिरण को कहानी से खींच लूं: राशिद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद**

सुप्रसिद्ध शायर वसीम नादिर ने कहा कि आज अदब के सामने कई तरह के संकट हैं। महफ़िल ए बारादरी में अध्यक्षीय वक्तव्य में उन्होंने कहा कि अदबी समाज के लिए ऐसी महफ़िलों की दरकार है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी की अदबी परवरिश नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि यहां पढ़ी गई रचनाओं को सुनकर उनका यकीन मजबूत हुआ है। कवयित्री पूनम मीरा ने कहा कि बारादरी गंगा जमुनी संस्कृति की मिसाल बन गई है। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच अदब को जिंदा रखते हैं। इस आयोजन की खास बात यह रही कि अधिकांश रचनाकारों ने गीत, कविता, दोहे के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम को याद किया। नेहरू नगर स्थित सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ आशीष मित्तल की सरस्वती वंदना से हुआ। शुभ्रा पालीवाल के गीत की पंक्तियों चाहे ये सूरज कहीं छुप ही जाए, चाहे ये चंदा गगन पे न आए, ले हाथ, हाथों में इक़रार करना, दिल ये दिया है तो बस प्यार करना ने कार्यक्रम को शुरू में ही ऊंचाई प्रदान कर दी। शायर असलम राशिद ने फरमाया रफ्तार आंसुओं की रवानी से खींच लूं, मैं चाहता हूं दर्द कहानी से खींच लूं। बिछड़े थे जिसकी वजह से राम जी, मैं उस हिरण को कहानी से खींच लूं।

**बारादरी के आयोजन में गीत, कविता, दोहे के माध्यम से याद किए गए राम**



### शायर नादिर ने कलाम पर भरभूर दाद बटोरी

शायर वसीम नादिर ने अपने कलाम पर भरपूर दाद बटोरी। उन्होंने फ़रमाया कभी कपड़े बदलता है कभी लहजा बदलता है, मगर इन कोशिशों से क्या कहीं शजरा बदलता है। तुम्हारे बाद अब जिसका भी जी चाहे मुझे रख ले, जनाजा अपनी मर्जी से कहां कांधा बदलता है। मेरी आंखों की पहली और आखिरी हद है तेरा चेहरा, मैं वो पागल नहीं हूं रोज़ जो रस्ता बदलता है।

### यह लोग उपस्थित रहे

कार्यक्रम संयोजक आलोक यात्री ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. महकार सिंह, राधारमण, राष्ट्र वर्धन अरोड़ा, शकील अहमद सैफ, डॉ. सुमन गोयल, राजीव शर्मा, अंशु गोस्वामी, किशनलाल भारती, देवेंद्र गर्ग, विनोद सिंह राठौर, राकेश मेहरोत्रा, उत्कर्ष गर्ग व निरंजन शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद थे।

## विधायक का निवासियों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया

# पूर्व केबिनेट मंत्री शर्मा ने सेक्टर तीन को दी 3 करोड़ 50 लाख रुपए की सौगात

*कहा, सेक्टर तीन को मॉडल सेक्टर बनाने की दिशा में करते जा रहे हैं कार्य*

*सेक्टर में गर्मी में पानी की समस्या को देखते हुए नए ट्यूबल की दी सौगात*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक मूलचंद शर्मा ने सोमवार को सेक्टर 3 को करोड़ों रुपए की सौगात दी है। बल्लभगढ़ सेक्टर 3 में गुरुग्राम कैनाल रोड के साथ से लेकर नाहर सिंह महल के सामने तक ग्रीन बेल्ट को सुंदर बनाने के लिए उसके सौंदर्यकरण के कार्य का शिलान्यास किया।

इसके अलावा उन्होंने सेक्टर तीन पुलिस चौकी रोड के साथ निकलने वाले नाले को भी आरएमसी से बनाने के कार्य का



मुहूर्त किया गया। विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने ग्रीन बेल्ट में लगभग 15 लाख की लागत से लगाए जाने वाले एक बड़े पानी के ट्यूबवेल के कार्य का भी स्थानीय निवासियों से नारियल तुड़वाकर कर शुभारंभ किया।

सेक्टर-3 के लोगों ने विधायक पंडित मूलचंद शर्मा का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया, उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ सेक्टर 3 सबसे पुराना सेक्टर है और इसे सुंदर बनाने की दिशा में कार्य चले हुए हैं सड़कों के चौड़ीकरण से लेकर पार्कों का सौंदर्यकरण और नाले को पक्का करने का कार्य अब शुरू हो चुका है जल्द ही शुरू किए गए कार्य पूरे होंगे। सेक्टर तीन को एक नई दिशा मिलेगी।

### यह लोग उपस्थित रहे

पूर्व कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने सेक्टर तीन में आज ग्रीन बेल्ट के सौंदर्यकरण का लगभग 40 लाख रुपए की लागत से होने वाले कार्य का मुहूर्त किया। इसके अलावा उन्होंने लगभग 3 करोड़ की लागत से नाले निर्माण के कार्य का भी मुहूर्त किया। इस मौके पर राकेश त्यागी, नवीन चेची, बुद्धा सैनी, सुरेश कुमार, राकेश कुमार जौहरी, कर्मवीर, बाबूराम राजिंदर शर्मा, पी एल शर्मा सहित सेक्टर तीन गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संगठन की मजबूती पर दिया जोर

# कांग्रेस के नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष ने ग्रहण किया पदभार



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद**

महानगर कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद कार्यालय पर नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव का पदभार ग्रहण किया कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद एवं एससी एसटी आयोग की पूर्व सदस्य सत्या बहन एवं मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री दीपा कौल रही। जनपद गाजियाबाद से आए कार्यकर्ताओं ने वीर सिंह जाटव का अंगवस्त्र एवं फूलों की माला पहनाकर और फूलों के गुलदस्ते के साथ स्वागत किया ।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस को गांव देहात एवं सभी वार्डों में किस प्रकार और अधिक मजबूत किया जाए और नए कांग्रेस विचार धारा के साथियों को जोड़ा जाए एवं पुराने कांग्रेसी को भी कार्यालय तक कार्यक्रम में बुलाया जाए एवं पार्टी हाई कमान के दिशा निर्देशों को माना जाए। विचार व्यक्त करने वालों में पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, पूर्व विधायक के के शर्मा, पूर्व विधायक एमएलसी हरेंद्र अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष अध्यक्ष विनीत त्यागी, प्रदेश सचिव सेवादल प्रेम प्रकाश चीनी, मेयर प्रत्याशी लालमन सिंह एवं पुष्पा रावत पूर्व प्रदेश महासचिव सतीश त्यागी,पूर्व प्रदेश महासचिव विजेंद्र यादव प्रदेश अध्यक्ष शिक्षा विभाग जे के गौड पूर्व प्रदेश सचिव नसीम खान, पूर्व महानगर अध्यक्ष वी के अग्निहोत्री पूर्व महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरीऔर पंकज तेजानिया, वीर सिंह चौधरी,पीसीसी राजा राम भारती,चौ. विजय पाल नरेंद्र राठी बाबूराम शर्मा अजय वर्मा सुनील चौधरी माया देवी ए कमलेश कुमारी एवं युवा जिला अध्यक्ष आसिफ सैफी उपस्थित रहे।

## झुग्गी में रह रहे लोगों में अफरा-तफरी मची

# सिलेंडर ब्लॉस्ट होने पर सात झुग्गियों के परखच्चे उड़े

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम**

फाजिलपुर गांव के नजदीक बनी कई झुग्गियों में सोमवार सुबह खाना बनाने के दौरान एक झुग्गी में आग लग गई। आग लगने के बाद झुग्गी में रखे गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। जिसके धमाके के बाद आसपास की सात झुग्गियों के परखच्चे उड़ गए और सामान में आग लग गई। सूचना के बाद दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची और दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। वहीं धमाके के बाद छतों पर लगी लोहे की चादरें उड़कर दूर तक जाकर गिरीं। वहीं धमाके की आवाज सुनते ही झुग्गी में रह रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सहायक फायर सुरक्षा अधिकारी निखिल ने बताया कि उत्तर प्रदेश के रहने वाले रामकिशन नाम के व्यक्ति की झुग्गी में खाना बनाते समय आग लगी थी। आग लगते ही वह भाग कर बाहर आ गया। इसी दौरान उसने शोर मचा दिया।

### घरेलू सामान जलकर हुआ राख

इस आगजनी को लेकर चश्मदीद सुनील कुमार ने बताया कि वह घर से ड्यूटी के लिए निकला था। जब मेन सड़क पर पहुंचा तो अचानक तेज आवाज सुनाई दी। जिस पर उसने पीछे मुड़कर देखा तो एक झुग्गी से धुआं निकलता दिखा। कुछ ही देर में आसपास की झुग्गियों में भी आग लग गई। लोगों का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। सूचना देने के कुछ समय बाद ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई थी। जिसके कारण बाकी झुग्गियों का बचाव हो गया।

## नोएडा की कंपनी में सॉफ्टवेयर डेवलपर थी युवती

# बाइक राइडर युवती की सड़क हादसे में मौत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम**

नोएडा से गुरुग्राम ग्रुप के साथ राइडर पर आई बीएमडब्ल्यू बाइक राइडर सोमिता सिंह की कार से टक्कर के बाद निधन हो गया। वह एक सॉफ्टवेयर डेवलपर थीं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। यूपी के लखनऊ के हुसैनगंज निवासी 28 वर्षीय सोमिता सिंह नोएडा की साफ्टवेयर कंपनी केपजेमिनी में डेवलपर का काम करती थी। वह नोएडा के सेक्टर 135 में रहती थी। कंपनी के ही कुछ युवा लेट्स राइड इंडिया गुरप में राइड पर जाते थे। ऐसे में सोमिता ने भी करीब एक महीने पहले परिवार को बिना बताए इस ग्रुप को ज्वाइन कर लिया और स्पोर्ट्स बाइक की ट्रेनिंग ले रही थीं। लेट्स राइड एकेडमी महिलाओं को स्पोर्ट्स बाइक की ट्रेनिंग और बाइक किराये पर देती है। पुलिस के मुताबिक महिलाओं का राइडर ग्रुप रविवार सुबह नोएडा के सेक्टर 135 से गुरुग्राम के बादशाहपुर क्षेत्र में लेपर्ड ट्रेल तक आया था।

## पुलिस ने फैक्ट्री परिसर की तलाशी की

# आयुध निर्माणी फैक्टरी को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल मिलने से मचा हड़कंप

**गाजियाबाद।** जिले में उस समय हड़कंप की स्थिति बन गई, जब मुरादनगर स्थित आयुध निर्माणी फैक्ट्री (आर्डिनेंस फैक्ट्री) को बम से उड़ाने की धमकी मिली। फैक्ट्री के आधिकारिक ईमेल पर दोपहर एक बजे यह धमकी भरा ई मेल प्राप्त हुआ। ई मेल में धमकी दी गई कि दोपहर दो बजे तक फैक्ट्री को बम से उड़ा दिया जाएगा। फैक्ट्री प्रशासन ने तुरंत पुलिस कमिश्नर को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी और एसीपी मसूरी सर्कल भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ते की मदद से फैक्ट्री परिसर की गहन तलाशी शुरू कर दी। फैक्ट्री परिसर में कोने-कोने की जांच की जा रही है।

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका नांगल चौधरी | एम.सी. नांगल चौधरी में एम.सी. परिसर में एसपीरेशनल टायलेट का निर्माण। | बंद होने की तिथि 10.04.2025 | 12.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996613540 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2026/40/33680/I/88/7 दि. 07.04.25

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए )

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रजत गम्भीर पुत्र विजय गम्भीर निवासी म. नं. बी–486/487, जेजे कालोनी, रघुबीर नगर, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 322/2017 दिनांक 21.10.2017 अन्तर्गत धारा 411 आईपीसी, थाना ख्याला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रजत गम्भीर** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रजत गम्भीर** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 322/2017 दिनांक 21.10.2017 अन्तर्गत धारा 411 आईपीसी, थाना ख्याला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रजत गम्भीर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.05.2025** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**सुकृति सिंह**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04
(पश्चिम), कक्ष सं. 268
तीस हजारी न्यायालय, नई दिल्ली

**DP/4307/WD/2025**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) (ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल उर्फ रावन पुत्र** नरेश कुमार, **निवास** ए-3/315, नन्द नगरी, दिल्ली ने **FIR. No. 751/15 U/s 324 IPC. थाना: नन्द नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राहुल उर्फ रावन** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राहुल उर्फ रावन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 751/15 U/s 324 IPC. थाना: नन्द नगरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राहुल उर्फ रावन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार दिपाक्षी राणा
एलडी. एमएम-03, कोर्ट नं. 19
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**DP/4367/NE/2025**
**(Court Matter)**

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प पलवल | जिला पलवल उत्तावार्ड राजकीय बहतकनीकी के फारमेसी ब्लॉक में विशेष मरम्मत द्वारा पुनरोद्धार (बिना जीएसटी)। | बंद होने की तिथि 17.04.2025 | 169.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प अम्बाला | सिविल हस्पताल, सेक्टर-6, पंचकूला के परिसर में एमसीएच का निर्माण (सेंट्रल एयर कंडीशनिंग प्रणाली हेतु अतिरिक्त मदों का प्रावधान)। | 02.04.2025 11.04.2025 | 114.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | जिला यमुनानगर में आरओबी के नीचे कलानौर से कैल रोड पर 81.90 किमी. पर अंडर पास का निर्माण। | 03.04.2025 14.04.2025 | 106.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | जिला गुरूग्राम में सोहना के 50 बिस्तरों वाले सिविल हस्पताल में अग्निशामक प्रणाली। | बंद होने की तिथि 11.04.2025 | 46.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.i |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | आरडी 5750-आर जेएसबी एस्कैप चैनल में गिरने वाले आरडी 0 से 4085 तक अण्डरग्राउंड एचडीपीई पाइप लाइन डाया 355 मिमी. के माध्यम से गांव बम्बूलिया के बाढ़ के पानी की सफाई + 2 कार्य। | 04.04.2025 11.04.2025 | 194 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | ककराना लिंक ड्रेन के आरडी 400 और आरडी 2200 पर 2 अदद पाइप कल्वर्ट को बॉक्स कल्वर्ट में बदलना + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.04.2025 | 95.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9464040970 xensampla@gmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा फतेहाबाद | फतेहाबाद ब्रांच आरडी 219954-265966 की पैच लाइनिंग + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 14.04.2025 | 15.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667220105 xenwsdivisionfbd@yahoo.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा बहादुरगढ़ | दुल्हेड़ा डिस्टी. के आरडी 121025 के X-रेगुलेटर और आरडी 118000 पर एस्कैप के निर्माण हेतु आकलन + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.04.2025 | 100.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | जारवा डिस्टी. के किमी. 5.680 / एल पर गांव जारवा ऑफ टेक पर स्प्रींक्लर प्रणाली के माध्यम से सिंचाई सुविधाओं की आपूर्ति हेतु कैनाल वाटर स्टोरेज टैंक का निर्माण + 2 अन्य कार्य। | 03.04.2025 15.04.2025 | 484 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059375563 xenmgcckd11@gmail.com |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नारनौल | जलापूर्ति तकनीकी डिवीजन नारनौल में 2024-25 बाढ़ योजना के तहत बाढ़ नियंत्रण कार्य हेतु नये 5 अदद सीएस और 10 सीएस पम्प की सहायक इलैक्ट्रोमैकेनिकल असैसरीज की आपूर्ति। | बंद होने की तिथि 16.04.2025 | 98.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01252-251353 xen-wsmnrl.irr@gov.in |
| 11 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड़ नूह | एसएचकेएम जीएमसी नल्हड़ नूह में फ्यूल और रखरखाव तथा ड्राईवर सहित एक ट्रैक्टर ट्रॉली को किराये पर लेने हेतु। | 08.04.2025 20.04.2025 | 10000/- | https://etenders.hry.nic.in /nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 12 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मण्डी डबवाली | अहमदपुर डेरेवाला :- जिला सिरसा गांव अहमपुर डेरे वाला में गांव तथा एमजीजीबीवाई कॉलोनी में वितरण पाइप लाइन के मजबूतीकरण हेतु आकलन और 1 अदद एसएस टैंक, सीडब्ल्यूटी, पीएनडीएल इनलेट चैनल और गांव, एमजीजीबीवाई कॉलोनी में वितरण पाइप लाइन के मजबूतीकरण और जलघर पर अन्य विविध कार्य (जन संवाद के दौरान डिमांड) (PUH/2024-25/105849)। | 04.04.2025 25.04.2025 | 130.1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज झज्जर | जिला झज्जर में ब्लॉक कार्यालय भवन बेरी का पुनरोद्धार। | 03.04.2025 09.04.2025 | 8.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज झज्जर | 9.94 :- गांव मांडोठी, ब्लॉक बहादुरगढ़, जिला झज्जर में मतदिया पाना के खेल मैदान की चारदिवारी का निर्माण। | 04.09.2025 09.04.2025 | 8.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव दादीसिया ब्लॉक फरीदाबाद जिला फरीदाबाद एफएफसी में उप चिकित्सा केन्द्र का निर्माण + 1 कार्य। | 03.04.2025 09.04.2025 | 92.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/300/33696/I/88/7 दि. 07.04.25

## खबर संक्षेप

### गोवंश चिकित्सा केंद्र का मौर्य ने किया शिलान्यास



**अलीगढ़।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने हाजीपुर चौहट्टा में राधारमण गोसेवा समिति द्वारा स्थापित आवासीय गोवंश चिकित्सा केंद्र का शिलान्यास किया। उन्होंने केंद्र के लिए एक लाख रुपए दान देने की घोषणा की। साथ ही गोमाता के प्रतीक पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम व मंत्रोचार के साथ गोवंश चिकित्सा केंद्र की आधार शिला रखी।

### 23 युवकों ने 7 दिन तक युवती से किया गैंगरेप

**वाराणसी।** यहां एक युवती से 23 युवकों ने सात दिनों तक हुक्काबार और कई होटल व लॉज में गैंगरेप किया। वहीं, पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने 10 युवकों को हिरासत में लिया है। आशंका है कि इस घटना में कुछ और भी युवक शामिल थे जिनकी तलाश की जा रही है। ये मामला पांडेयपुर क्षेत्र का है। यहां की रहने वाली एक युवती बीते 29 मार्च को अपने पुरुष मित्र के साथ घर से निकली थी।



### पेड़ से टकराकर डंपर में लगी आग, जला ड्राइवर

**कानपुर।** यहां एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। सुबह बिधनू क्षेत्र से गुजर रहे हाईवे पर एक डंपर अनियंत्रित होकर हाईवे से नीचे उतर गया और सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराया। टक्कर के तुरंत बाद डंपर में आग लग गई, जिससे ड्राइवर की मौके पर ही जलकर मौत हो गई। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। जानकारी के मुताबिक ड्राइवर को नींद आने से घटना हुई।



## वक्फ संशोधन कानून पर नीतीश कुमार का नया प्लान

# मुस्लिम इलाकों में जल्द शुरू होगी जमीन व योजनाओं के लाभ से संबंधित मुद्दों पर चर्चा

एजेंसी ▶▶ पटना

वक्फ संशोधन कानून पर संसद और राज्यसभा में जदयू के समर्थन की वजहों पर पार्टी के मुस्लिम समाज से आने वाले नेता मुस्लिम बहुल इलाकों में जाकर बात करेंगे। पार्टी के स्तर पर इसकी तैयारी चल रही। इसके अतिरिक्त, मुस्लिम समाज के लोगों के बीच इस विषय पर भी चर्चा होगी कि इस समाज के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने 19 वर्षों के कार्यकाल में क्या-क्या किया।

जदयू के मुस्लिम नेताओं ने वक्फ संशोधन कानून पर पार्टी के समर्थन के कारणों को मुस्लिम इलाकों में जाकर स्पष्ट करने का निर्णय लिया है। बताएंगे कि नीतीश कुमार के 19 वर्षों के कार्यकाल में अल्पसंख्यक समाज के लिए क्या-क्या योजनाएं बनाई गईं। वक्फ कानून पर जदयू के सुझावों जैसे राज्य सरकार का अधिकार बरकरार रहना और जमीन से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी।



### समर्थन की वजहों के साथ-साथ नीतीश का भरोसा बताएंगे

जदयू नेताओं का कहना है कि वक्फ संशोधन कानून पर जदयू मुस्लिम इलाके में जाकर उनके बीच जो भ्रम है उसे दूर करने पर बात करेगा। जदयू ने अपने सुझाव में यह बात कही थी कि नया कानून पूर्व की तारीख से प्रभावी नहीं होगा। इसके अलावा यह महत्वपूर्ण सुझाव को भी मान लिया गया कि अगर वक्फ की कोई संपत्ति निबंधित नहीं भी है और उस पर कोई धार्मिक भवन है तो उससे किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। इन सुझावों के मान लिए जाने से यह बात स्पष्ट है कि वक्फ की जमीन कोई छीन नहीं लेगा। इस पूरे अभियान के क्रम में नीतीश कुमार के भरोसे पर भी बात होगी। यह बताया जाएगा कि नीतीश कुमार के रहते अल्पसंख्यक समाज के लोगों के साथ किसी तरह का अन्याय नहीं होगा। एक साथ कई अल्पसंख्यक नेता इस मुद्दे पर अलग-अलग इलाके में बहुत जल्द निकलेंगे।

### नीतीश के कार्यकाल में अल्पसंख्यक समाज के लिए ली गई योजनाओं पर होगी बात

अल्पसंख्यक समाज के नेता मुस्लिम बहुल इलाकों में जाकर यह भी बताएंगे कि नीतीश कुमार के 19 वर्षों के शासनकाल में किस तरह से उनके लिए योजनाओं पर काम हुआ।
मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल में अल्पसंख्यक कल्याण के बजट में 282 गुना की बढ़ोतरी हुई। कब्रिस्तानों की घेराबंदी व तालीमी मरकज सहित सशक्तिकरण को लेकर शुरू योजनाओं पर बात करेंगे।

## योगी सरकार ने डिजिटल क्रांति को हर घर पहुंचाने का सपना सच किया

# डिजिटल लेनदेन और डीबीटी में अव्वल बना यूपी 8 माह में 1024 करोड़ से अधिक का हुआ ट्रांजैक्शन

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश ने डिजिटल लेनदेन और डीबीटी के क्षेत्र में बड़ी छलांग लगाकर पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया है। यूपी डिजिटल लेनदेन में नंबर वन है और खास बात यह है कि ज्यादातर ट्रांजैक्शन यूपीआई से हो रहे हैं।

यूपी डिजिटल लेनदेन और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) में पूरे देश में पहले नंबर पर है। जहां 2017-18 में राज्य में 122.84 करोड़ डिजिटल ट्रांजेक्शन हुए थे, वहीं 2024-25 में दिसंबर तक यह आंकड़ा 1024.41 करोड़ तक पहुंच गया। इतने कम समय में इतनी बड़ी छलांग लगाना यूपी के लिए बड़ी बात है। आज यूपी डिजिटल लेनदेन में नंबर वन है और खास बात यह है कि ज्यादातर ट्रांजैक्शन यूपीआई से हो रहे हैं।

योगी सरकार ने डिजिटल क्रांति को हर घर तक पहुंचाने का सपना सच कर दिखाया है। डिजिटल बैंकिंग को आसान बनाने के साथ-साथ गांवों तक हाई स्पीड इंटरनेट की सुविधा पहुंचाई गई है। लोगों को इसके फायदे समझाने के लिए जागरूकता अभियान चलाए गए हैं। राज्य में 20416 बैंक शाखाएं 400932 बैंक मित्र और बीसी सखी 18747 एटीएम और 440095 बैंकिंग केंद्र काम कर रहे हैं। ये सुविधाएं शहरों से लेकर दूर दराज के गांवों तक लोगों की मदद कर रही हैं। बैंक मित्र और बीसी सखी जैसे कदमों से महिलाओं को भी रोजगार मिला है और ग्रामीण इलाकों में बैंकिंग आसान हुई है।

**खास बातें**

- ग्रामीण इलाकों में बैंकिंग आसान हुई
- 2024-25 में 9 करोड़ 8 लाख से ज्यादा लाभार्थियों को 1 लाख 11 हजार 637 करोड़ दिए गए

### डीबीटी से पहुंच रहा सीधा फायदा



योगी आदित्यनाथ का डीबीटी पर खास जोर यूपी की एक और बड़ी कामयाबी है। इसके जरिए सरकारी योजनाओं का पैसा सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंच रहा है, बिना किसी बिचौलिए के। 11 विभागों की 207 योजनाएं इस सिस्टम से चल रही हैं, जिनमें 113 केंद्रीय और 95 राज्य सरकार की योजनाएं शामिल हैं। 2024-25 में 9 करोड़ 8 लाख से ज्यादा लाभार्थियों को 1 लाख 11 हजार 637 करोड़ रुपये दिए गए हैं। यह रकम गरीबों, किसानों, महिलाओं और जरूरतमंदों तक पहुंची है, जिससे उनकी जिंदगी बेहतर हुई है। डीबीटी की वजह से भ्रष्टाचार समाप्त हुआ और करीब 10 हजार करोड़ रुपये की बचत भी हुई। यह पारदर्शी व्यवस्था योगी सरकार की ईमानदारी और जनता के प्रति समर्पण को दिखाती है।

### डिजिटल क्रांति ने यूपी को दी नई पहचान

*योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने अपनी पुरानी छवि को पीछे छोड़कर एक नई पहचान बनाई है। यह राज्य अब डिजिटल क्रांति का सबसे बड़ा उदाहरण बन गया है। तकनीक के दम पर यूपी न सिर्फ खुद आगे बढ़ रहा है, बल्कि पूरे देश के लिए मिसाल भी पेश कर रहा है। डिजिटल लेनदेन और डीबीटी में नंबर वन बनना यूपी के लोगों के लिए गर्व की बात है। सीएम योगी के प्रयासों से राज्य विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और हर नागरिक के लिए खुशहाली की उम्मीद जगा रहा है।*

## सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव बोले-

# सपा सांसद सुमन के साथ कोई घटना होती है तो उसके जिम्मेदार होंगे सीएम

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सपा सांसद रामजी लाल सुमन के साथ अगर कोई बुरी घटना होती है तो इसके जिम्मेदार खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे क्योंकि वो ही ऐसे संगठनों के साथ खड़े हैं जो सपा सांसद को धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी योजनाओं की नाकामियां छिपाने के लिए सांप्रदायिक रास्ता अपना रही है।

देश में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ती जा रही है इन समस्याओं से लोगों का ध्यान हटाने के लिए सांप्रदायिकता को फैलाया जा रहा है। बता दें कि रामजी लाल सुमन ने बयान दिया था कि बाबर को हिंदुस्तान आने के लिए राणा सांगा ने निमंत्रित किया था तबसे वह कई संगठनों के निशाने पर हैं। उन्होंने कहा कि हिटलर के समय जर्मनी में एक फौज बनाई गई थी जो कि लोगों को धमकाने का काम करती थी। इसी तरह भाजपा ने भी एक फौज बनाई है जो कि समय-समय पर लोगों को अपमान करते हैं।

## योगी सरकार ले सकती है बड़ा एक्शन

# 71 करोड़ रुपए की वक्फ संपत्ति पर अतीक अहमद के परिवार का कब्जा

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के परिवार व करीबियों ने वक्फ बोर्ड की करोड़ों की संपत्ति पर कब्जा कर रखा है। करीब 71 करोड़ की संपत्तियों पर अतीक अहमद के परिवार और करीबियों कब्जा है। इन संपत्तियों में कई दुकानें,मकान और बहुमंजिला इमारतें शामिल हैं। इन सभी संपत्तियों की जांच उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड और मंडलायुक्त प्रयागराज ने की थी। जांच में पाया गया कि प्रयागराज वक्फ बोर्ड के तत्कालीन मुतलवी सैयद मोहम्मद अशीयम ने अतीक के परिवार को वक्फ की जमीनों पर कब्जा कराया और पैसे वसूले थे।

## पेज एक का शेष

### पेट्रोल, डीजल पर उत्पाद ...

साफ की। उन्होंने बताया की उत्पाद शुल्क बढ़ाये जाने का असर आम ग्राहकों की जेब पर नहीं पड़ने वाला।

**विपक्षी दलों ने घेरा:** विपक्षी दलों ने इस कदम की कड़ी आलोचना की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे 'जनता की जेब पर डाका' करार देते हुए कहा, 'जब कच्चा तेल सस्ता है, तो जनता को राहत क्यों नहीं? सरकार टैक्स बढ़ाकर मुनाफाखोरी कर रही है।' कांग्रेस ने मांग की कि एक्साइज ड्यूटी को 2014 के स्तर (पेट्रोल पर 9.48 रुपये और डीजल पर 3.56 रुपये प्रति लीटर) पर वापस लाया जाए। तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ'ब्रायन ने इसे 'चुनावी स्टंट' बताया और आरोप लगाया कि सरकार जनता को राहत देने के बजाय केवल दिखावा कर रही है। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने भी इसे लेकर नाराजगी जताई। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया, 'केंद्र सरकार जनता से टैक्स वसूल रही है, लेकिन दिल्ली जैसे राज्यों को उसका हिस्सा नहीं दे रही। यह दोहरा खेल है।' वहीं, कुछ क्षेत्रीय दलों जैसे समाजवादी पार्टी ने इसे 'महंगाई को बढ़ावा देने वाला कदम' बताया और प्रदर्शन की धमकी दी।

### जनता और विशेषज्ञों ..

अधिक कीमत नहीं चुकानी पड़ेगी। कंपनियों ने यह भी साफ किया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में हालिया गिरावट को देखते हुए वे इस अतिरिक्त शुल्क को अपने मार्जिन में समायोजित कर लेंगी, जिससे खुदरा मूल्य स्थिर रहेंगे। उदाहरण के लिए, यह बताया गया कि ब्रेंट क्रूड की कीमत 65 डॉलर प्रति बैरल से भी नीचे चली गई है, जो तेल कंपनियों को यह लचीलापन देता है। इस कदम से सरकार को अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा, लेकिन तेल कंपनियों के इस आश्वासन के कारण फिलहाल उपभोक्ताओं पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सरकार और तेल कंपनियों के बीच समन्वय का परिणाम है, ताकि महंगाई को नियंत्रित रखा जा सके। हालांकि, भविष्य में कच्चे तेल की कीमतों में बड़े बदलाव होने पर खुदरा कीमतों पर इसका असर पड़ सकता है, लेकिन अभी के लिए कीमतें जस की तस रहेंगी। पेट्रोलियम मंत्रालय ने जैसे ही सफाई जारी की ज्यादातर आम जनता का सवाल था कि कच्चे तेल की कम कीमत का फायदा जनता को क्यों नहीं दिया जा रहा?

### 'ट्रंप-टैरिफ' ही नहीं...

सही नहीं होगा। कुछ घरेलू कारक भी इसमें योगदान दे रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया, हम सब कमजोर तिमाही नतीजे को क्यों भूल रहे हैं? कई भारतीय कंपनियों के नतीजे इस वर्ष के क्वार्टर में उम्मीद से कमजोर रहे हैं। इससे निवेशकों का भरोसा डगमगाया है, खासकर मिडकैप और स्मॉलकैप सेगमेंट में। शेयर बाजार के 'बबल' को रेखांकित करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा, भारतीय बाजार पिछले कुछ समय से सामान्य से ऊंचे वैल्यूएशन पर ट्रेड कर रहा था। जिससे समय समय पर विशेषज्ञ खबरदार कर रहे थे। ट्रंप टैक्स ने इसमें एक ट्रिगर की तरह काम किया। जिससे सुधार तेज हो गया। उन्होंने बताया घरेलू बाजार में नीतिगत अनिश्चितता है इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक नजदीक है, और ब्याज दरों पर फैसले को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इससे घरेलू निवेशकों में भी सतर्कता है। बहरहाल माना जा रहा है की भारतीय शेयर बाजार की मौजूदा गिरावट में ट्रंप टैक्स एक बड़ा उत्प्रेरक बन कर उभरा है, जिसने वैश्विक और स्थानीय स्तर पर अनिश्चितता को बढ़ाया। लेकिन घरेलू कारण, जैसे कमजोर कॉर्पोरेट आय और पहले से मौजूद उच्च वैल्यूएशन, ने इस गिरावट को और गहरा किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि टैरिफ का असर कुछ समय तक रह सकता है, लेकिन अगर सरकार और रिजर्व बैंक की मांग को बढ़ाने के लिए कदम उठाते हैं, तो बाजार में रिकवरी की संभावना भी बनी हुई है।

### आज से भारत की...

वह संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री भी हैं। बताते चलें कि क्राउन प्रिंस की यह यात्रा बीते दिनों प्रधानमंत्री मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा दिशानायके के बीच कोलंबो में हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद त्रिंकोमाली को ऊर्जा हब बनाने को लेकर किए गए एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर करने के तुरंत बाद हो रही है। जिसमें भारत, श्रीलंका के अलावा तीसरी अहम भागीदार यूएई ही है।

**पीएम के निमंत्रण पर हो रही यात्रा:** मंत्रालय ने बताया कि दुबई के क्राउन प्रिंस की भारत यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उन्हें दिए गए निमंत्रण के तहत की जा रही है। 8 अप्रैल को पीएम शेख मकतूम के सम्मान में एक विशेष वर्किंग लंच का आयोजन करेंगे। दुबई के क्राउन प्रिंस नई दिल्ली में अपनी तमाम उच्च-स्तरीय बैठकों में भाग लेने के बाद मुंबई रवाना होंगे। जहां पर वह दोनों देशों के बिजनेस लीडर्स की एक गोलमेज बैठक में भाग लेंगे। दोनों पक्षों की इस मुलाकात से भारत-यूएई के बीच आर्थिक और वाणिज्यिक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। जिसमें परंपरागत और भविष्य की तकनीकों से जुड़े हुए क्षेत्र शामिल हैं।

**क्राउन प्रिंस का कार्यक्रम:** 8 अप्रैल दुबई के क्राउन प्रिंस सुबह 11 बजे पालन सैन्य हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। इसके बाद 11 बजकर 40 मिनट पर उनकी हैदराबाद हाउस में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ एक बैठक होगी। फिर 12.35 मिनट पर शेख मकतूम 7 लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शिष्टाचार मुलाकात करेंगे। दोपहर 2 बजे के आसपास शेख अल मकतूम की साउथ ब्लॉक में अपने समकक्ष रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ वार्ता होगी। शाम पांच बजकर 20 मिनट पर वह मुंबई के लिए रवाना हो जाएंगे। वहां व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल की बैठक के बाद उनकी दुबई रवानगी होगी।

**दुबई में रहते 43 लाख भारतीय:** यूएई में रहने वाले कुल करीब 43 लाख भारतीयों में से ज्यादातर दुबई में ही प्रवास के साथ-साथ काम करते हैं। दुबई भारत के साथ व्यापार, संस्कृति और लोगों के बीच अच्छे आदान-प्रदान से जुड़ा हुआ है।

### चप्पल पहनकर...

वाहन में प्रथम उपचार किट रखना अनिवार्य कर दिया गया है। वाहन के सभी कागजात होना जरूरी: साथ ही, सभी दोपहिया वाहन चालकों और उनके पीछे बैठे व्यक्तियों के लिए डबल हेलमेट अनिवार्य कर दिया गया है। वाहन के सभी दस्तावेज – पंजीकरण, फिटनेस, बीमा और परमिट- पूरे न होने पर किसी वाहन को चारधाम मार्ग पर प्रवेश नहीं मिलेगा। सड़क किनारे वाहनों की ऑन-स्पॉट जांच के लिए विशेष टीमें तैनात रहेंगी। वाहन खड़ा करते समय हैंडब्रेक और टायर चॉक का उपयोग अनिवार्य किया गया है, जिससे ढलान वाले क्षेत्रों में हादसे न हों। साथ ही, प्रत्येक वाहन के पीछे त्रिकोणीय रेडियम बोर्ड लगाना भी अनिवार्य होगा ताकि रात में दृश्यता बनी रहे और दुर्घटनाएं रोकी जा सकें।

**स्पीड कंट्रोल के लिए हाईटेक तकनीक:** यात्रा मार्गों पर स्पीड लिमिट का सख्ती से पालन करवाने के लिए इंटरसेप्टर वाहन तैनात किए जा रहे हैं, जो ओवरस्पीडिंग, रेस ड्राइविंग और ओवरलोडिंग जैसे उल्लंघनों पर कड़ी नजर रखेंगे। अधिकारियों को गति सीमा निर्धारित करने की विशेष ट्रेनिंग दी गई है। कई मार्गों पर क्रैश बैरियर्स, स्पीड ब्रेकर और चेतावनी बोर्ड भी लगाए जा रहे हैं।

### अंतरिक्ष के एक नए...

रेखांकित किया कि भविष्य में सशस्त्र सेनाओं के अंतरिक्ष युद्ध कौशल से जुड़े स्कूल होने चाहिए। इस कार्यक्रम का आयोजन इंडियन स्पेस एसोसिएटिड (आईएसपीए) द्वारा मनोहर परिकर इंस्टीट्यूट फॉर डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस (एमपी-इडसा) में किया गया था।

**अमेरिका, यूरोपीय देश आगे:** सीडीएस ने कहा, सैन्य सिद्धांत शताब्दियों से विकसित होते-होते समुद्री और एयरोस्पेस संस्कृति तक पहुंचे हैं। जिसमें आज युद्ध में एयरोस्पेस संस्कृति एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। जबकि पूर्व में दुनिया में समुद्री संस्कृति प्रचलन में थी। जिस पर पुर्तगालियों, स्पेनी, ब्रिटिश और डचों का दबदबा था। ठीक उसी तरह से एयरोस्पेस संस्कृति है और उसमें एयर स्पेस क्षेत्र में अमेरिका और यूरोपीय देशों का प्रभुत्व है। हालांकि युद्ध से जुड़े दोनों उक्त क्षेत्रों का युद्ध पर दीर्घकालिक आधार पर प्रभाव पड़ता है। फिलहाल सैन्य शक्ति अंतरिक्ष और उससे जुड़ी संस्कृति और क्षमता विकास पर केंद्रित हो गई है।

**महज एक नया स्टार्टअप बनाने जैसा नहीं:** जनरल चौहान के मुताबिक, अंतरिक्ष संस्कृति के विकास का दायरा काफी व्यापक है। जिसे लेकर आज के दौर में बेहद कम साहित्य मौजूद है। यह केवल एक नए स्टार्टअप को बनाने जैसा नहीं है। बल्कि इसका संबंध स्पेस जर्नल, आर्टिकल, स्पेस वारफेयर इंस्टीट्यूट और सोसाइटी से जुड़ा हुआ है। यह इसके विचार पक्ष से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि भारतीयों में अंतरिक्ष को ज्ञान, शोध के जरिए सम्मान देने की संस्कृति है। लेकिन यहां ये महत्वपूर्ण है कि हम अपने आप को पुनर्स्थापित करें। अपने संबोधन में उन्होंने अंतरिक्ष से जुड़ी फिल्मों जैसे इंटरस्टेलर और स्टार ट्रैक का उल्लेख किया और कहा कि हममें से बहुत सारे लोग अंतरिक्ष और उसकी यात्रा से जुड़ी हुई फिल्मों को देखते हुए बड़े हुए हैं। कई अंतरग्रहीय और अंतर आकाशगंगा क्षेत्र की कल्पनाओं से संबंधित हैं। इसमें एक तरफ हमारी कल्पना आगे बढ़ती है तो दूसरे में वह हकीकत में तब्दील होती है। उन्होंने कार्यक्रम के पहले संस्करण को याद करते हुए बताया कि उस दौरान मैंने युद्ध के विभिन्न आयामों के बीच समन्वय पर बात की थी और कहा था कि कैसे अंतरिक्ष की इन क्षेत्रों के मध्य युद्ध कौशल क्षमताएं बढ़ रही हैं? दूसरे संस्करण में भविष्य के युद्ध के रूप में अंतरिक्ष की बढ़ती भूमिका के तहत सशस्त्र सेनाओं के विजन पर संक्षिप्त में प्रकाश डाला था?

## सराफा व्यवसायी का कत्ल

# लाश को बोरे में डालकर आग के हवाले कर दिया



एजेंसी ▶▶ सिद्धार्थनगर

यहां के सदर थाना इलाके के बरगदवा गांव के पास शनिवार देर रात एक सराफा व्यवसायी की हत्या करके शव बोरी में बांधकर पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अधजला शव बरामद किया। बताया जा रहा है कि व्यवसायी पड़ोसी बर्तन व्यापारी के घर हार देने गया था। व्यवसायी के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पड़ोसी व्यापारी और एक अन्य पर हत्या का केस दर्ज किया है। सदर थाना क्षेत्र के बरगदवा गांव के पास शनिवार देर रात चकरोड से गुजर रहे लोगों ने खेत में कुछ जलता देखा। करीब पहुंचे तो बोरी में लाश जलती देख पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर पुलिस पहुंची तब तक शव का कुछ हिस्सा जल चुका था। पुलिस की जांच में पता चला कि मोहाना थाने में एक युवक की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज हुई है।

पुलिस शव मोर्चरी में रखवा दिया। रविवार की सुबह मोहाना थाना क्षेत्र के भगवानुर गांव के टोला चैनपुर निवासी बलिराम वर्मा मोर्चरी पहुंचे तो उन्होंने शव की पहचान अपने भाई सुनील वर्मा (22) के रूप में की। बलिराम ने बताया कि उसके भाई ने रमवापुर चौराहे पर ज्वेलरी की दुकान खोली थी।

## 1200 मुर्गियां जलकर खाक, लाखों का नुकसान

# बोकारो में मुर्गी फॉर्म में लगी आग

एजेंसी ▶▶ धनबाद



झारखंड के बोकारो में एक किसान के मुर्गी फॉर्म में भीषण आग लगने से करीब 1200 मुर्गियां जलकर खाक हो गईं। आग के चलते किसान का लाखों रुपए का नुकसान हो गया। घटना थर्मल थाना क्षेत्र के गोबिंदपुर स्थित लहारिया टांड गांव की है। आग की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

आग लगने की सूचना गांव में जैसे ही फैलते ही अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोग एक-दूसरे मदद के लिए चिल्लाने लगे। ग्रामीणों ने भीषण आग को देख बुझाने के लिए मदद का हाथ बढ़ाया और दमकल टीम को घटना के बारे में सूचना दी। मौके पर आई दमकल टीम और गांव वालों ने मिलकर आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

मुर्गी फॉर्म में बंद करीब 1200 मुर्गियां जलकर खाक हो चुकी थीं। वहां रखा 15 बोरा दाना भी जलकर नष्ट हो चुका था। इन मुर्गियों और दाना के नष्ट होने से किसान को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने की वजह की बात करें तो मुर्गी फॉर्म के संचालक बैजनाथ प्रजापति ने बताया कि अब तक नहीं समझ आया है कि आखिर आग कैसे लगी। इस बात को जांचा जा रहा है कि आखिर आग कैसे लगी।

## योगी सरकार लाएगी नया अधिनियम

# लोगों को जल्द मिलेगी घरौनी में संशोधन की सुविधा,6 माह में दर्ज करा सकेंगे आपत्ति

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में लोगों को घरौनी में संशोधन कराने की सुविधा जल्द मिलेगी। योगी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी के सर्वे और मालिकाना हक के लिए विधेयक लाने जा रही है। प्रस्तावित प्रारूप के अनुसार, घरौनी का प्रमाणपत्र मिलने के छह माह के भीतर संबंधित पक्ष उस पर आपत्ति कर सकेगा। इसकी सुनवाई सहायक रिकॉर्ड ऑफिसर (एआरओ) करेंगे।

ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी वाले हिस्सों पर मालिकाना हक पहले राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं था। इससे विवाद की स्थिति में दिक्कतें होती थीं। घर बनाने के लिए बैंकों से लोन भी नहीं मिल पाता था। इससे निपटने के लिए प्रदेश सरकार ने 8 अक्तूबर 2020 को ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी का सर्वे और घरौनी प्रबंध नियमावली की अधिसूचना जारी की। लेकिन, यह नियमावली अभी तक किसी अधिनियम के अधीन नहीं है।



### एआरओ के पास की जा सकती है आपत्ति

मौके पर बने आवासों व खाली भूमि का स्वामित्व, सड़क, गलियों, पोल, ट्रांसफॉर्मर, हैंडपंप, पाइप लाइन, बिजली की लाइन, सीवर लाइन, रेलवे लाइन, कम्युनिटी एरिया, मंदिर व अन्य पवित्र स्थानों का ब्योरा सर्वे में रखा जाएगा। अभी एक बार घरौनी में ऑनलाइन नाम दर्ज होने के बाद संशोधन की व्यवस्था नहीं है। लेकिन, अधिनियम में यह प्रबंध है कि घरौनी प्रमाणपत्र मिलने के छह माह के भीतर एआरओ के यहां आपत्ति की जा सकती है।

### असहमत होने पर डीएम के यहां कर सकेंगे अपील

यहां से असहमत पक्ष जिला रिकॉर्ड ऑफिसर (आरओ) यानी डीएम के यहां अपील कर सकेंगे। फिर भी मामला नहीं सुलझा तो सिविल कोर्ट का विकल्प उपलब्ध होगा। शासन के उच्चपदस्थ सूत्रों के मुताबिक, विधेयक के प्रारूप का विधायी विभाग परीक्षण कर रहा है। इसे विधानमंडल के मानसून सत्र में प्रस्तुत किए जाने की योजना है।

हरिभूमि
सहेली



वीकेंड के दो दिन सैटरडे, संडे लोगों को ऑफिस जाने की चिंता नहीं होती है, वे इत्मीनान में रहते हैं, आराम करते हैं, दो दिन एंज्वॉय करते हैं। लेकिन मंडे आते ही उन्हें एक तरह का भय सताता है, इसे 'मंडे ब्लूज' कहते हैं। हालांकि यह क्लिनिकल डिसऑर्डर नहीं है, लेकिन यह है क्या? इसके क्या प्रभाव हमारे ऊपर होते हैं? इससे बचाव के क्या उपाय हैं, हर वर्किंग मेल-फीमेल को इस बारे में जरूर जानना चाहिए।

# क्यों होता है मंडे ब्लूज कैसे बचें

कवर स्टोरी

सरस्वती रमेश

वर्किंग लोगों के लिए वीकेंड एक सुकून लेकर आता है। वो आराम से सोकर हफ्ते भर की थकान उतारते हैं। घर की साफ-सफाई करते हैं। दोस्तों, रिश्तेदारों से मिलते हैं। शॉपिंग करते हैं और छुट्टियों के आनंद से सराबोर होकर सोमवार को फिर से काम पर लौट जाते हैं। लेकिन मंडे सबके लिए एक जैसा नहीं होता। मंडे आने के विचार से अनेक महिलाएं और पुरुष एक भय से भर उठते हैं। ऐसा भय जिसे वो महसूस तो करते हैं, लेकिन इसके बारे में कम ही चर्चा करते हैं। जबकि यह भय अनेक लोगों के लिए वास्तविक है। इसलिए इस पर जब-तब रिसर्च होते रहते हैं। इस भय को 'मंडे ब्लूज' के नाम से जाना जाता है।

**क्या है मंडे ब्लूज:** मंडे यानी सोमवार आने या वीकेंड खत्म होने के विचार से उपजी चिंता, उदासी या तनाव की प्रबल भावनाओं को मंडे ब्लूज कहते हैं। मंडे यानी सोमवार की सुबह काम पर लौटने के लिए मन में कोई उमंग न होना, सुस्ती और आलस महसूस करना, मन में जोश की कमी होना, सब मंडे ब्लूज के लक्षण हैं। हालांकि सोमवार को होने वाली निराशा कोई क्लिनिकल डिसऑर्डर नहीं है। यह एक तरह से लगातार काम करने से होने वाली मानसिक, शारीरिक थकान और असंतोष का नतीजा हो सकती है। मंडे ब्लूज से पीड़ित महिलाएं-पुरुष सोमवार की सुबह चिड़चिड़ापन, मूड स्विंग, तेज हार्टबीट जैसी समस्याओं से जूझते हैं।

**क्यों होता है:** छुट्टी के बाद काम पर लौटने के विचार से घबराहट तभी होती है, जब नौकरी से असंतुष्टि हो या काम से संबंधित तनाव हो। जब काम रुचि का न हो या बहुत ज्यादा तनावपूर्ण हो तो हार्ट-बीट तेज हो जाती है, सिरदर्द और मांसपेशियों में खिंचाव महसूस हो सकता है। काम के प्रति नकारात्मक सोच उत्पन्न होती है। इस तरह व्यक्ति अनचाहे ही मंडे ब्लूज का शिकार हो जाता है। कई बार वर्क लोड होने और नींद पूरी न हो पाने की स्थिति में भी सोमवार, घबराहट का सबब बनकर आता है। यह भी हो सकता है कि आप अपनी निजी समस्याओं से ग्रस्त होकर काम से घबराती हों।



**मंडे ब्लूज के प्रभाव:** जानकार मानते हैं कि मंडे ब्लूज व्यक्ति की कार्यशैली और प्रोडक्टिविटी को प्रभावित करता है। ऐसे व्यक्ति मंडे आते ही अपने बॉस या एचआर को तरह-तरह के बहाने बताने लगते हैं। जैसे- घर में कुछ जरूरी काम है, ऑफिस आना मुश्किल है। या कोई करीबी रिश्तेदार एक्सपायर हो गया है, अंतिम संस्कार में जाना है। या आज तबियत ठीक नहीं है, आदि-आदि। हमारे इस व्यवहार से न सिर्फ हमारी इमेज खराब होती है बल्कि काम भी प्रभावित होता है।

**क्या कहती है रिसर्च:** अमेरिका की पैसिफिक फूड्स और टाकर रिसर्च के एक सर्वे से पता चला है कि साल में औसतन 36 बार लोगों को सोमवार का डर सताता है। सर्वे में दो हजार लोगों को शामिल किया गया। इसमें 32 प्रतिशत ने कहा कि रविवार दोपहर बाद उन्हें सोमवार को काम पर लौटने की चिंता सताने लगती है। 25 प्रतिशत ने कहा कि सोमवार के बारे में सोच-सोच कर उनका रविवार भी खराब हो जाता है। कुछ लोगों का कहना था कि छुट्टी में काम की अधिकता से उपजा थकान और अपर्याप्त नींद के कारण सोमवार उन्हें पसंद नहीं आता। यहां तक कि कई बार स्कूली बच्चे भी अपने पैरेंट्स से कहते पाए जाते हैं कि यह मंडे क्यों आता है? छुट्टियां कितनी मजेदार होती हैं।

**बचाव के उपाय:** मंडे ब्लूज भले ही क्लिनिकल डिसऑर्डर न हो, लेकिन वास्तविक तो है ही। इसलिए जानकार इससे बचने के उपाय भी बताते हैं।

**समस्या को लिखकर:** दरअसल, लिखना एक थेरेपी है। हमारी कुछ चिंताएं ऐसी होती हैं, जिन्हें किसी से कहना ठीक नहीं होता या किसी से कहकर कुछ हासिल नहीं किया जा सकता। लेकिन उन्हें लिखकर किसी से दुख कहने जितना ही रिलीफ मिल सकता है। इसलिए आने वाले सप्ताह को लेकर आपको किस तरह की चिंता सता रही है, उसके बारे में लिखिए। कुछ जरूरी काम जो करने हैं, उनके बारे में भी लिखें। लिखने से आपकी चिंताओं को लेकर आपका नजरिया बदलेगा। हो सकता है, लिखते हुए आपको कुछ समाधान भी सूझ जाए। समाधान न भी सूझे तो लिखने से हमें मानसिक शांति जरूर महसूस होगी। यह एक तरह से किसी को अपनी परेशानी बता देने जैसा असरदार होता है।

**व्यायाम:** सोमवार की सुबह वर्कआउट करना खराब मूड से बचने का एक प्रभावी तरीका है। कई शोधों से पता चलता है कि व्यायाम चिंता, अवसाद और कई अन्य मानसिक बीमारियों को कम करने में मददगार है। व्यायाम खुद को उन विचारों से ध्यान हटाने का एक बेहतरीन तरीका भी है, जो आपको परेशान कर रहे हैं। वर्कआउट करने से सिर्फ तन ही नहीं, मन भी हल्का महसूस करता है। इस तरह आप तारोताजा होकर अपने काम के लिए नए सिरे से तैयार नजर आएंगी।

**मेडिटेशन:** चिंता, उदासी और तनाव की स्थिति में ध्यान खुद को मानसिक शांति देने का एक शानदार तरीका है। आप अपने मूड को बेहतर बनाने और अच्छी नींद लाने के लिए संडे की रात को कुछ मिनट मेडिटेशन करें। मुमकिन हो तो इसे हर रात बिस्तर पर जाने से पहले करें। भरपूर नींद



लेने से दिमाग, फिजूल बातों की पुनरावृत्ति करने से मुक्त होता है। नए और उपयोगी विचारों का जन्म होता है और ऑफिस का काम बोझ नहीं लगता। इस तरह सोमवार नई सुबह की तरह हमारी दिनचर्या में प्रवेश करता है, चुनौती या दुःस्वप्न बनकर नहीं।

**थोड़ी बहुत मस्ती:** सब कुछ छुट्टियों में करने की बजाय कुछ मस्ती वर्किंग डेज में भी की जा सकती है। जैसे लंच ब्रेक के दौरान अपने कुलीग के साथ कुछ मिनट की सैर करना। कभी-कभी हल्का-फुल्का कोई गेम, अंताक्षरी खेलना भी तनाव को कम करता है। शाम को किसी खुली और प्राकृतिक सौंदर्य से भरी जगह में थोड़ा वक्त बिताना। इन छोटी-छोटी बातों से हमारा मन सहज होकर चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए तैयारी करता है।

**लोगों से मिलना-जुलना:** लोगों से मिलने-जुलने से मन में प्रसन्नता के केमिकल रिलीज होते हैं। कई शोधों से पता चला है कि समूह में रहने वाले या संयुक्त परिवारों में रहने वालों को मानसिक तनाव और अवसाद की समस्या कम



होती है, जबकि लोगों से कम मिलने वाले और अकेले रहने वाले लोगों में तनाव होने की संभावना अधिक होती है। इसलिए समय-समय पर अपने अजीज दोस्तों से मिलती रहें। काम से जुड़ा कोई प्रेशर हो तो उसे किसी विश्वसनीय मित्र के साथ साझा करें। हो सकता है, उससे कोई मूल्यवान सलाह मिल जाए, जो आपके भीतर के सारे डर को छूमंतर कर दे।

---

आज की व्यस्त जीवनशैली में परिवार और परिजनों के साथ रिश्तों का निर्वाह आसान नहीं है, इसका यह मतलब नहीं कि रिश्तों को यों ही छोड़ दिया जाए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए, निकटवर्ती रिश्ते हमारी जिंदगी को आसान बनाते हैं, एक खुशी देते हैं।

# रिश्ते तब रहेंगे हमेशा मधुर-आत्मीय

रिलेशनशिप

डॉ. यशोधरा भटनागर



बहुत कुछ पाने की लालसा लिए, दौड़ती-भागती जिंदगी में बहुत कुछ हमारे हाथों से छूटता जा रहा है। छूट रहे हैं रिश्ते, रिश्तों में बंधा प्यार। हाथ में हासिल है सिर्फ अकेलापन और इससे उपजा दर्द-संत्रास। इस दर्द और अकेलेपन से घिरकर आज हम डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। उलझते-टूटते रिश्तों को संभालने और जोड़ने की बहुत जरूरत है। यह अलग बात है कि आज हम इन रिश्तों को जोड़ने की कोशिश न करते हुए, इन्हें परख रहे हैं, यह करते हुए रिश्तों को तार-तार कर रहे हैं। हम अकसर कहते हैं- 'जिंदगी का असली मजा तो सबके साथ है।' जी हां, ये रिश्ते ही जीवन का आधार होते हैं, जो हमें प्रेम, अपनापन और सुरक्षा का एहसास कराते हैं। परिवार में सौहार्द, प्रेम और सामंजस्य बनाए रखने के लिए रिश्तों को समझना जरूरी है, इस तरह समझने से आपसी जुड़ाव और आत्मीयता बढ़ती है, जबकि परखने से संदेह उत्पन्न होता है। रिश्तों को मधुर और मजबूत बनाने के लिए केवल समझ ही नहीं, बल्कि विश्वास, सम्मान, सहनशीलता और संवाद जैसे कई महत्वपूर्ण घटक जरूरी हैं। यह घटक कौन से हैं, हमें जानना चाहिए-



**आपसी समझ और संवेदनशीलता:** जब हम अपनों को समझने का प्रयास करते हैं तो मतभेद खत्म होते हैं, आपसी संबंध मधुर बने रहते हैं। संवेदनशीलता का गुण हमें दूसरों की तकलीफों और जरूरतों को महसूस करने में मदद करता है, जिससे रिश्ते आत्मीय बनते हैं।

**विश्वास की मजबूत डोर:** रिश्तों की नींव विश्वास पर टिकी होती है। यदि परिवार के सदस्य एक-दूसरे पर पूरा भरोसा रखते हैं, तो कोई भी कठिन परिस्थिति उनके रिश्तों को हिला नहीं सकती। संदेह और अविश्वास से दूरी बढ़ती है, जबकि विश्वास से प्रेम और अपनापन बढ़ता है।

**सम्मान और स्वीकृति:** रिश्ते तभी फलते-फूलते हैं, जब उनमें परस्पर सम्मान हो। यदि हम अपने परिवार के सदस्यों की भावनाओं और निर्णयों का सम्मान करें तो रिश्ते अधिक मजबूत बन सकते हैं।

**रिश्तों की संजीवनी है संवाद:** कई रिश्ते सिर्फ इसलिए कमजोर हो जाते हैं, क्योंकि लोग अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त नहीं करते। संवाद की कमी से गलतफहमियां जन्म लेती हैं, दूरियां बढ़ने लगती हैं। इसलिए यदि किसी रिश्ते को मजबूत बनाना है, तो प्रेमपूर्वक और सकारात्मक रूप से बातचीत करें।

**धैर्य और सहनशीलता:** कभी-कभी परिस्थितियां अनुकूल नहीं होतीं, हमें अपनों की कुछ बातों या आदतों से असहमति भी हो सकती है। ऐसे में धैर्य और सहनशीलता का परिचय देना जरूरी है। शांत रहकर स्थिति को समझना रिश्तों को बचाए रखने का प्रभावी तरीका है।

**क्षमा और समझौता:** कोई भी इंसान पूर्ण नहीं होता, हर रिश्ते में कभी न कभी गलतियां होती हैं। यदि हम क्षमा करने और समझौता करने की भावना रखते हैं, तो रिश्ते लंबे समय तक टिकते हैं। पुरानी बातों को भूलकर जिंदगी में आगे बढ़ना चाहिए।

---


# वर्किंग वूमेन इस सीजन में ऐसे करें परफेक्ट मेकअप

मेकअप

ललिता गोयल

गर्मी के मौसम में वर्किंग वूमेन के लिए अपना मेकअप लुक दिन भर अपीलिंग बनाए रखना थोड़ा टफ होता है। इस मौसम में अधिक पसीना आने के कारण मेकअप के न टिकने और पैची दिखने की संभावना रहती है। इन प्रॉब्लम्स से बचने के लिए आप यहां बताए जा रहे मेकअप स्टेप्स को फॉलो करें।

**स्किन प्रिपरेशन:** मेकअप लंबे समय तक टिका रहे, इसके लिए जरूरी है कि मेकअप से पहले स्किन बेस सही तरीके से रेडी किया जाए। सही बेस बनाने के लिए सबसे पहले किसी माइल्ड क्लींजर से स्किन को साफ करें और सुटेबल एसपीएफ युक्त लाइट मॉयश्चराइजर लगाएं। अगर ह्यूमिडिटी ज्यादा है तो प्राइमर का इस्तेमाल करें। यह मेकअप को फैलने से रोकता है। फेस का टी-जोन एरिया ऐसा होता है, जहां से मेकअप फैलने का डर रहता है, इसलिए लाइट मेकअप को ध्यान में रखते हुए इसे सिर्फ टी-जोन या फिर ऑयली एरिया पर ही लगाएं।



**हैवी फाउंडेशन से बचें:** गर्मी के मौसम में मेकअप करने के लिए फाउंडेशन या फिर पावडर का इस्तेमाल न करें। इसकी जगह टिंटेड मॉयश्चराइजर, बीबी क्रीम या वाटर बेस्ड फाउंडेशन से स्किन को कवर करें। मेकअप को सिंपल और लाइट रखें। वाटर प्रूफ प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें।

**सेटिंग पावडर:** मेकअप करने के दौरान सेटिंग पावडर का इस्तेमाल करें और अपने टी-जोन और पसीने वाली जगह पर अप्लाई करें। इससे मेकअप सेट रहेगा।

**कंसीलर लगाएं:** चेहरे के दाग-धब्बे या फिर डार्क सर्कल को छुपाने के लिए कंसीलर का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन गर्मियों में इसके अलावा उन जगहों पर भी लगाएं, जहां इसकी जरूरत है।

**ज्यादा लेयर से बचें:** चेहरे पर मेकअप की ज्यादा लेयर ना लगाएं। एक साथ कई सारे प्रोडक्ट्स यूज करने से स्किन पोर्स ब्लॉक हो सकते हैं और एक्ने की समस्या होने की संभावना अधिक रहती है।

**फेस मिस्ट करें:** फेस मिस्ट एक तरह का स्प्रे होता है, जिसे मेकअप करने के बाद अप्लाई किया जाता है। यह त्वचा के डिहाइड्रेशन को रोकता है और इसके इस्तेमाल से स्किन को एक फ्रेश लुक मिलता है। स्किन टाइप के अनुसार, फेस मिस्ट का उपयोग किया जा सकता है।

**ब्लॉटिंग पेपर:** हमेशा अपने साथ ब्लॉटिंग पेपर रखें। ब्लॉटिंग पेपर मेकअप को खराब किए बिना अतिरिक्त तेल और पसीने को धीरे से सोख लेता है और स्किन दिनभर फ्रेश दिखती है।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी से बातचीत पर आधारित)**

---

नवजात शिशु का पहला आहार उसकी मां का दूध होता है। उसी से बच्चे को जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं। इसलिए ब्रेस्ट फीडर मां को अपनी डाइट का पूरा ध्यान रखना चाहिए। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

# ब्रेस्ट फीडर मां की ऐसी हो डाइट

डाइट सजेशन

नीलम अरोड़ा

बच्चे को जन्म देने के बाद मां के लिए यह जरूरी है कि जितने समय तक संभव हो सके, वह उसको अपना ही दूध पिलाए। इससे उसे भरपूर पोषण मिलता है। लेकिन यहां यह समझना जरूरी है कि बच्चा चूंकि मां से ही अपना आहार ग्रहण करता है, इसलिए मां की खुराक ऐसी होनी चाहिए, जो दोनों की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा कर सके।

**प्रोटीन रिच डाइट:** डिलीवरी के बाद मां को प्रतिदिन छह महीने तक 80 ग्राम प्रोटीन की जरूरत होती हैं। 6 से 12 महीने तक उसे रोज 70 ग्राम प्रोटीन की जरूरत होती है। बच्चे को प्रोटीन इसी दूध से मिलता है। यही प्रोटीन बच्चे की मांसपेशियों के विकास और उसके वजन को बढ़ाने के लिए जरूरी है। मां के शरीर में भी यदि हार्मोंस, एंजाइम और एंटीबॉडी का सही प्रोडक्शन होगा, तो बच्चे को भी इसका पूरा लाभ मिलेगा।

**आयरन:** अगर मां की डाइट में आयरन की कमी हो तो उसे एनीमिया हो सकता है। इससे बचने के लिए मां को अपनी खुराक में दालें, फलियां, हरी पत्तेदार सब्जियां और अंडा लेना चाहिए ताकि बच्चे को भी आयरन की आपूर्ति हो सके और उसकी मांसपेशियां मजबूत बन सकें।



**कैल्शियम-विटामिन-डी:** गर्भावस्था में भी बच्चे के शरीर में कैल्शियम की आपूर्ति के लिए मां को कैल्शियम युक्त डाइट लेने के साथ-साथ कैल्शियम की टैबलेट्स लेने की सलाह दी जाती है। मां को अपने भोजन में दही, पनीर, चीज, हरी पत्तेदार सब्जियां, ज्वार, बाजरा, रागी, अंडे, मछली लेने चाहिए। विटामिन-डी की आपूर्ति के लिए इन स्रोतों के साथ-साथ मां और बच्चे को थोड़ी देर धूप में जरूर रहना चाहिए।

**फैटी फूड्स:** डिलीवरी के बाद मां के दूध की गुणवत्ता सुधारने और ज्यादा मात्रा में दूध बनने के लिए कई तरह के वसायुक्त खाद्य पदार्थ जैसे-बादाम का हलवा, अलसी और गोंद के लड्डू, मेथी के लड्डू और ड्राई फ्रूट्स युक्त पंजीरी, खाने के लिए देने चाहिए। इनको बनाने में इस्तेमाल होने वाली अजवाइन, सौंफ, सोंठ और दूसरे मसाले पाचन के लिए अच्छे माने जाते हैं। लेकिन चूंकि इनमें फैट और कैलोरीज ज्यादा होती हैं, इसलिए इनको सीमित मात्रा में लेना चाहिए क्योंकि इससे मोटापा बढ़ सकता है।



**दिन में तीन बार खाएं:** अगर मां पूरे दिन में पोषक आहार नहीं लेती है तो वह भला अपने बच्चे को फीड कैसे करा सकती है? इसलिए बच्चे के साथ मां की सेहत भी दुरुस्त रहे, इसके लिए दिन में कम से कम तीन बार उसे संतुलित आहार लेना चाहिए, जिसमें सुबह के नाश्ते को कभी छोड़ना नहीं चाहिए। ब्रेस्ट फीड कराने के दौरान बार-बार भूख लगती हैं, क्योंकि इसमें काफी कैलोरीज खर्च होती हैं। तीन बार खाना खाने के अलावा बीच-बीच में फल, बादाम, फ्रूट्स सलाद, दही, दूध इत्यदि भी मां को लेते रहना चाहिए।

**एल्कोहल-धूम्रपान से बचें:** गर्भावस्था में ही नहीं डिलीवरी के बाद भी मां के द्वारा एल्कोहल और धूम्रपान सेवन का बुरा असर, बच्चे पर होता है। एल्कोहल दूध के द्वारा बच्चे तक पहुंचता है। धूम्रपान और तंबाकू का भी बुरा असर बच्चे पर दिखने लगता है। इसलिए ब्रेस्ट फीड कराने वाली मांओं को इनसे बचना चाहिए।

**डायटिंग न करें:** डिलीवरी के तुरंत बाद बच्चा चूंकि अपनी पूरी खुराक के लिए मां पर ही निर्भर होता है, ऐसे में मां अगर डायटिंग करती है और कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन से दूर रहती है, तो बच्चे के आहार में पोषक तत्वों की कमी होने लगती है। डायटिंग करने की बजाय मां को डॉक्टर की सलाह पर रोजाना व्यायाम जरूर करना चाहिए, ताकि मोटापा न बढ़े।

---

जरूरी नहीं हर छोटे-बड़े कार्यक्रम के लिए मोटा पेमेंट देकर एंकर को बुलाएं। आप में से किसी को भी कभी अपनी कॉलोनी, सोसाइटी, ऑफिस या किसी फैमिली फंक्शन में छोटे-मोटे कार्यक्रम के लिए एंकरिंग करनी पड़ सकती है। आप जब एंकरिंग कुशलता से करेंगी तो वाह-वाही पाएंगी। इस कला में माहिर कैसे हों, जानिए।

# अच्छी एंकरिंग भी है एक कला

एडवाइस

अभिव्यक्ति त्रिवेदी



कार्यक्रम छोटा हो या बड़ा, बिना अच्छे संचालन के सफल नहीं हो सकता। कार्यक्रम बिखरा-बिखरा और अव्यवस्थित लगेगा। इस लिहाज से संचालनकर्ता या एंकर की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। जिन कार्यक्रमों का संचालन अच्छा होता है, दर्शक भी शुरू से अंत तक जुड़े रहते हैं। ये कार्यक्रम पूर्णतः सफल होते हैं। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि कार्यक्रम की सफलता की महत्वपूर्ण कड़ी है एंकरिंग यानी संचालन। अच्छी एंकरिंग के लिए कौन से गुण होने चाहिए, आप भी जानें। क्या पता कब आपको किसी कार्यक्रम के लिए एंकरिंग करनी पड़ जाए।

**पहले से हो तैयारी:** एंकरिंग करने वाले को कार्यक्रम की पूरी जानकारी पहले से होनी चाहिए। कार्यक्रम का स्वरूप क्या है, कौन-कौन से अतिथि आएंगे, कौन अध्यक्षता करेगा, कौन स्वागत भाषण देगा और कौन आभार प्रदर्शन करेगा, कौन किसका स्वागत करेगा? इस तरह पूरी सूची उसके पास होनी चाहिए। साथ ही, कब कौन-सी प्रस्तुति है, कब किसे बोलने के लिए आमंत्रित करना है? कुल मिलाकर पूरा खाका एंकर के दिमाग में क्लियर रहना चाहिए, तभी वह अपनी भूमिका अच्छी तरह निभा पाएगा, अन्यथा पूरा प्रोग्राम अव्यवस्थित हो जाएगा।

**आवाज हो बुलंद:** एंकरिंग करने वाले की आवाज जोरदार होनी चाहिए, जिससे उसे कभी बिना माइक के भी लोगों को संबोधित करना पड़े तो वह आसानी से कर सके। दूसरा, उसके बोलने के ढंग में सही उतार-चढ़ाव होना बेहद जरूरी है, ताकि उसके द्वारा कही गई बातें श्रोताओं तक पहुंच सकें।

**सही और स्पष्ट उच्चारण:** एंकर का बोला हुआ एक-एक शब्द सही और स्पष्ट होना चाहिए। ऐसा न हो कि वह शब्दों का गलत उच्चारण करे, वरना श्रोताओं को सुनने में अच्छा नहीं लगेगा।



**कविता और शायरियों का प्रयोग:** एंकरिंग का कार्य दर्शकों को कार्यक्रम के शुरू से आखिर तक बांधे रखना होता है ताकि वे बोर न हों और कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाएं। इसलिए एक कुशल एंकर को सही समय पर सटीक काव्य पंक्तियों या शायरियों का उपयोग करते रहना चाहिए। इससे कार्यक्रम में श्रोताओं और दर्शकों की रुचि बनी रहती है। कार्यक्रम में चार चांद लग जाते हैं।

**प्वाइंट्स नोट करने की आदत:** जब-जब कोई वक्ता अपने विचार रखता है या कोई प्रस्तुति होती है, एंकर को उसके मुख्य प्वाइंट्स नोट करते जाना चाहिए और जैसे ही वक्ता का बोलना खत्म हो, उन्हीं की बात को जोड़कर आगे की बात जारी रखनी चाहिए।

**त्वरित बुद्धि का इस्तेमाल:** एंकरिंग करने वाले में यह खूबी भी होनी चाहिए कि अगर कहीं कोई बात बिगड़ रही हो तो वह अपनी त्वरित बुद्धि से उसे संभाल ले। कब कितना बोलना है, इस बात का ध्यान भी रखे ताकि आयोजन और व्यक्ति की गरिमा बनी रहे।

**लोगों को बांधे रखने की कला:** एक कुशल एंकर में यह कला होनी चाहिए कि वह अपनी बातों से लोगों का ध्यान अपनी ओर न केवल खींचे बल्कि उन्हें अपनी बातों के जादू में बांधे रखे। यह एक अच्छे एंकर का बहुत बड़ा गुण है।

इस तरह एक सफल और सुंदर कार्यक्रम के संपन्न होने के पीछे एक अच्छे एंकर की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है, उसे अपनी इस भूमिका को बहुत खूबसूरत अंदाज में निभाना चाहिए, दर्शकों के दिलों में एक जगह बनानी चाहिए।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, मैहर में मां शारदा देवी के भव्य शारदा लोक का निर्माण किया जाएगा, मैहर में शीघ्र शुरू होगा कलेक्ट्रेट भवन का निर्माण**

# इसी साल बरगी बांध से मां नर्मदा का जल मैहर क्षेत्र में फसलों की सिंचाई के लिए पहुंचाया जाएगा

## मुख्यमंत्री ने मैहर जिले को 71 करोड़ लागत के विकास कार्यों की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मैहर में मां शारदा देवी का भव्य शारदा लोक का निर्माण किया जाएगा। इसीतरह चित्रकूट में वनवासी भगवान श्रीराम लोक का भी निर्माण होगा। आज रावनवमीं पर पूरी अयोध्या जगमग है, तो भगवान श्रीराम की कर्मभूमि चित्रकूट भी आज लाखों दीपों से जगमग होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बहनों की मांग पर मैहर सहित प्रदेश के 19 धार्मिक क्षेत्रों में शराबबंदी कर दी है। मैहर में शीघ्र ही कलेक्ट्रेट भवन का निमार्ण कार्य शुरू किया जाएगा।

मैहर में 250 एकड़ क्षेत्र में विशाल गोशाला का निर्माण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को मैहर में रामनवमीं के दिन मां शारदा मंदिर में दर्शन कर आमसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इसी साल बरगी बांध से मां नर्मदा का जल मैहर क्षेत्र में सिंचाई के लिए पहुंचाया जाएगा। प्रदेश में सिंचाई के क्षेत्र में तेजी से प्रगति हुई है। वर्ष 2003 में केवल 7 लाख हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा थी, जिसे 55 लाख हेक्टेयर तक बढ़ाया गया है। विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से अगले 5 साल में प्रदेश में एक करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी।

**मैहर में 250 एकड़ क्षेत्र में विशाल गोशाला का निर्माण भी किया जाएगा**



**शराब बंदी करने के लिए मुख्यमंत्री का स्वागत किया**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मैहर में मंदिर पहुंचकर मां शारदा देवी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। वे मैहर नगर में स्टेट बैंक चौराहा, काली माता मंदिर से कटरा बाजार होते हुए घंटाघर चौक तक आयोजित रोड-शो में शामिल हुए। आम जनता ने पुष्पवर्षा कर शराब बंदी करने के लिए मुख्यमंत्री का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। उन्होंने बंधा बैरियर में आयोजित विशाल आमसभा में 71 करोड़ रुपए से अधिक लागत के निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया।

### शराबबंदी लागू करके सराहनीय और साहसिक कार्य किया

*जिले के प्रभारी मंत्री तथा ग्रामीण विकास राज्यमंत्री राधा सिंह ने कहा कि मैहर जिले को विकास की हर योजना का लाभ मिलेगा। समारोह में सांसद गणेश सिंह ने कहा कि अपने छोटे से कार्यकाल में विशिष्ट कार्यों से अलग पहचान बनाई है। शराबबंदी लागू करके सराहनीय और साहसिक कार्य किया है। उज्जैन के महाकाल लोक की तरह मैहर में भी मां शारदा लोक का निर्माण जिले के लिए बहुत बडी सौगात है।*

### परमवीर आल्हा का 1300वां जन्म वर्ष साल भर मनाया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मां शारदा की कृपा से मैहर जिले को मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। रामनवमीं पर मां शारदा से मुझे आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है। हम रामनवमीं के साथ मां शारदा के परम भक्त और परमवीर आल्हा का 1300वां जन्म वर्ष भी मना रहे हैं। आल्हा ने अपनी वीरता से बुंदेलखण्ड की धरती को वीरों की धरती बनाया। प्रदेश में आल्हा के जीवन से जुडे कार्यक्रम वर्ष भर आयोजित किए जाएंगे। इसका पूरा खर्च सरकार उठाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक कलाकारों ने भी वीर रस से भरे हुए मोहक आल्हा गायन से युद्धों का सजीव वर्णन किया। ऐसा लग रहा था जैसे सचमुच में तलवारें चल रही हैं। मुख्यमंत्री ने मंच में आल्हा कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाली कला-मण्डलियों को 50-50 हजार रुपए देने की घोषणा की।

### आज औद्योगिक विकास दर 12 प्रतिशत है

मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र तेजी से विकास कर रहा है। मप्र में वर्ष 2003 के पहले औद्योगिक विकास दर एक प्रतिशत से भी कम थी। आज औद्योगिक विकास दर 12 प्रतिशत है। मप्र देश में सबसे तेजी से औद्योगिक विकास करने वाला राज्य है। हर संभाग मुख्यालय में इन्वेस्टर्स मीट में औद्योगिक क्षेत्र में निवेश के बडे प्रस्ताव मिले है। ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश में 32 लाख सोलर पंप लगाकर किसानों को मुफ्त में बिजली देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैहर सहित प्रदेश के 19 स्थानों में शराबबंदी लागू की गई है।



## 65 हजार 14 बूथों पर उत्साह से मनाया गया पार्टी का 46वां स्थापना दिवस

# भाजपा के स्थापना दिवस पर हुए अनुष्ठान, फहराया ध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को प्रदेश के सभी 65 हजार 14 बूथों पर प्राथमिक कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित कर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों पर पार्टी का ध्वज लगाया।

भोपाल के नरेला विधानसभा के बूथ पर प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, इंद्रपुरी मंडल में प्रदेश शासन की मंत्री कृष्णा गौर, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और सांसद आलोक शर्मा ने उत्तर विधानसभा के गुरूनानक मंडल के लालघाटी स्थित पंडित दीनदयाल के प्रतिमा स्थल, जबलपुर कार्यालय में प्रदेश शासन के मंत्री राकेश सिंह, सागर संभागीय कार्यालय में प्रदेश शासन के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, ग्वालियर जिला कार्यालय में पार्टी की सांसद भारत सिंह कुशवाह, पर पार्टी का झंडा फहराया। इसी तरह अन्य जिलों में भी कार्यक्रम हुए। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने पार्टी की स्थापना दिवस पर रविवार को अशोकनगर जिला कार्यालय में पार्टी का ध्वज फहराकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने ढाकोनी मंडल के ग्राम धुर्रा बूथ क्र. 54 में बूथ सम्मेलन को संबोधित किया। उज्जैन में भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य व पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में झंडा लगाकर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान बैंड-बाजे के साथ जुलूस भी निकाला गया और कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई।



पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों पर पार्टी का ध्वज लगाया

******

प्रदेशभर में हुए कार्यक्रम और बूथ सम्मेलन








**हर्षवर्धन नगर के बूथ क्रमांक 188 पर दवे ने किया आयोजन**

### स्थापना दिवस पर भाजपा के संस्थापकों को किया याद



रविवार को भाजपा वार्ड 30, शक्ति केंद्र क्रमांक 1, हर्षवर्धन नगर के बूथ क्रमांक 188 पर भारतीय जनता पार्टी का 45वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक एवं प्रभारी दक्षिण-पश्चिम विधानसभा महेंद्र दवे ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय को याद करते हुए उनके जीवन व वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के जनसेवा और जन कल्याण के उद्देश्य एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास के साथ केंद्र और मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार की जनहितैषी नीतियों के विषय में कार्यकर्ताओं व प्रबुद्ध वर्ग से चर्चा की। इस अवसर पर हरीश शर्मा, डॉ. सुनील राय, डॉ. राकेश राय, कैलाश गुप्ता, प्रकाश मोटवानी, लीलाधर येवले, रजत जैन, कृष्णा पंडित, उमाशंकर तिवारी, राजेश हिर्वे आदि उपस्थित थे।

## अवधूत श्री दादा गुरु के सानिध्य में कन्या-पूजन कर आध्यात्मिक चर्चा की

# नर्मदा परिक्रमा पथ को विकसित करने और मां नर्मदा के अविरल प्रवाह का लिया संकल्प

**मुख्यमंत्री ने हवन कर पूजा-अर्चना की एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को नर्मदापुरम जिले के अवधूत श्री दादा गुरु के दादा कुटी में पहुंचकर हवन कर पूजा-अर्चना की एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने दादा कुटी में 108 विभिन्न प्रजातियों के पौधों का पूजन-अर्चन किया एवं नर्मदा परिक्रमा पथ को विकसित करने एवं मां नर्मदा नदी के अविरल प्रवाह के लिए संकल्प लिया। मुख्यमंत्री ने अवधूत श्री दादा गुरु के मार्गदर्शन में संतों के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन-अर्चन की। अवधूत श्री दादा गुरू के साथ आध्यात्मिक चर्चा की।

प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान समूचे प्रदेश में शुरू किया है। इस अभियान के तहत बंद एवं लुप्त हो चुकी जल संरचनाओं को पुनर्जीवित कर उन सभी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। अभियान के तहत मां नर्मदा के संपूर्ण परिक्रमा पथ को विकसित करने का संकल्प लिया गया है। साथ ही मां नर्मदा के अविरल प्रवाह के लिए भी संकल्प लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संकल्प में दादा गुरू का आर्शीवाद हमें प्राप्त हुआ है।



### नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदा पथ से होकर जाने वाले नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। उनके लिए धर्मशाला एवं अन्य व्यवस्थाएं भी प्राथमिकता से की जाएगी। उन्होंनें कहा कि इससे नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए सभी आध्यात्मिक गतिविधियां सरल एवं सुगम हो सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र शासन प्रदेश के सभी तीर्थ स्थलों को सुव्यवस्थित एवं विकसित करनें के लिए कृत-संकल्पित है। उन्होंने प्रदेशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे आज मैहर एवं चित्रकूट भी जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज चित्रकूट का गौरव दिवस है। भगवान श्रीराम ने अपने वनवास के कुछ वर्ष चित्रकूट में बिताये थे। चित्रकूट में रामनवमी के अवसर पर घर-घर में दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे।*

## राष्ट्रीय अधिवेशन की लिस्ट में 'लापता कोषाध्यक्ष'

**रायपुर।** कांग्रेस के गुजरात में होने जा रहे राष्ट्रीय अधिवेशन में छत्तीसगढ़ से शामिल होने वाले नेता आज रवाना हो गए हैं। अहमदाबाद जाने के लिए कांग्रेस ने 55 नेताओं की सूची जारी की गई है। इस लिस्ट में एक नाम रामगोपाल अग्रवाल का भी है, जो छत्तीसगढ़ कांग्रेस के कोषाध्यक्ष हैं या यूं कहें कि कागज़ों पर अब भी हैं।

इस पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने कहा कि, ये कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन है या घोटालेबाजों का अधिवेशन। जो व्यक्ति कई दिनों से फरार चल रहे हैं, उन्हें राष्ट्रीय अधिवेशन में बुलाया गया है। समझना पड़ेगा उन्होंने जेल में बंद सौम्य चौरसिया और पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को भी कहीं अपेक्षित श्रेणी में तो नहीं रखा। साल 2013 में रामगोपाल अग्रवाल को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया था। रामगोपाल अग्रवाल पिछले दो सालों से फरार हैं। उन पर ईडी की रेड के बाद से ही शिकंजा कस गया था। साल 2022 में हुई छापेमारी में कई अहम दस्तावेज और सबूत जब्त किए गए थे।

## 'आदि शक्ति एवं वनवास ने राम को बनाया श्रीराम'

# प्रबंधन, नीति और मर्यादा के महासागर हैं श्रीराम

**नई दिल्ली।** मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम प्रबंधन, नीति व मर्यादा के महासागर हैं। वह आचरण, प्रेरणा व दायित्व विधाओं के प्रणेता हैं। श्रीराम नूतन हैं, पुरातन हैं, सनातन हैं। राम को श्रीराम बनाने वाला कोई और नहीं बल्कि नारी शक्ति है। अयोध्या ने नहीं, बल्कि 14 साल के वनवास ने राम को श्रीराम बनाया। ये बातें सनातन को समर्पित संस्था 'चेतना' द्वारा रामनवमी और दुर्गानवमी के अति शुभ अवसर पर रोहिणी में आयोजित 'रामायण महोत्सव 4.0' में उपस्थित दिग्गज विद्वानों, विशेषज्ञों के मंथन में उभर कर आईं। सात घंटे के मैराथन मंथन में 15 दिग्गजों ने रामायण के संदेशों और श्रीराम के जीवन के आदर्शों का बखान इतने प्रभावशाली तरीके से किया कि दर्शक बार-बार तालियां बजाते रहे। कैरेबियाई देश सूरीनाम के भारत में राजदूत श्री अरुण इस महोत्सव के विशेष अतिथि थे। 'चेतना' (सुरभि सनातन की) के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय कवि राजेश चेतन ने अपने प्रभावशाली मंच संचालन से आगंतुकों को घंटों बांधे रखा।



### नारी शक्ति और राम' से शुरूआत

कार्यक्रम की शुरुआत विख्यात विद्वान अतुल सत्य कौशिक ने 'नारी शक्ति और राम' विषय से की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि राम को श्रीराम बनाने में नारी शक्ति का सबसे अधिक योगदान रहा। उन्होंने सीता, कैकेई, उर्मिला, सुलोचना का जिक्र करते हुए कहा कि आदि शक्ति ने ही आदि पुरुष को भगवान श्रीराम राम बनाया। उन्होंने यह भी जोड़ा कि राम को अयोध्या ने नहीं बल्कि 14 साल के वनवास ने भी श्रीराम बनाया। पूर्व राजनयिक एवं वैश्विक हिन्दी परिषद के अध्यक्ष अनिल जोशी का संबोधन 'विश्व में राम' पर आधारित था। उन्होंने बताया कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनाने के लिए 51 देशों से मिट्टी आई थी।

## दंतेवाड़ा में चलाई जा रही पुनर्वास नीति का मिला सकारात्मक परिणाम

# लोन वर्राटू अभियान के तहत 26 नक्सलियों ने किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान 'लोन वर्राटू' (घर वापस आइए) और राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के प्रभाव से तीन इनामी नक्सलियों सहित कुल 26 नक्सलियों ने डीआरजी कार्यालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में विभिन्न संगठनों के सक्रिय सदस्य शामिल हैं। जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ द्वारा लगातार संपर्क, संवाद और सरकार की पुनर्वास नीति के व्यापक प्रचार-प्रसार के जरिए नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान के तहत अब तक 224 ईनामी सहित कुल 953 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।



### पुनर्वास नीति के तहत मिलेंगे 50 हजार

*आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को छत्तीसगढ़ सरकार की नवनिर्मित पुनर्वास नीति के तहत 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके अलावा, उन्हें स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रशिक्षण, कृषि भूमि और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।*

## पिता का शव फंदे पर व बच्चे का खून से लथपथ शव जमीन पर मिला

**पुलिस कर रही मामले की जांच**

# संदिग्ध हालत में मिले पिता-पुत्र के शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी।

जिले में रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। अर्जुनी थाना क्षेत्र के बोडरा गांव में रविवार रात एक घर में छह साल के मासूम बच्चे का शव खून से लथपथ मिला, जबकि उसके पिता का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ पाया गया। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। मृतक पिता की पहचान गोपेश्वर साहू के रूप में हुई है, जबकि बच्चे का नाम हेयांश साहू बताया जा रहा है। ग्रामीणों को घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना पर अर्जुनी थाना पुलिस और फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को घर में गोपेश्वर साहू का शव छत से फंदे पर लटका हुआ मिला। वहीं, नीचे जमीन पर हेयांश का शव खून से सना हुआ था। शव के पास ही एक फावड़ा भी पड़ा हुआ था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि बच्चे की हत्या इसी से की गई हो सकती है। दोनों शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।



### घटना के समय घर पर कोई नहीं था

पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में ऐसा प्रतीत होता है कि गोपेश्वर साहू ने पहले अपने छह साल के बेटे हेयांश की हत्या की और फिर खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय घर में कोई अन्य मौजूद नहीं था। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि इस वारदात के पीछे की वजह क्या थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सभी पहलुओं से जांच शुरू कर दी है। इस भयावह घटना के बाद गांव में मातम और डर का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि गोपेश्वर साहू और उसके परिवार के बारे में कोई ऐसी जानकारी नहीं थी, जिससे इस तरह की घटना की आशंका हो। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही घटना की असल वजह सामने आ सकेगी। फिलहाल, अर्जुनी थाना पुलिस और एफएसएल की टीम मामले की गहन जांच में जुटी है। इस घटना ने न केवल स्थानीय लोगों को झकझोर दिया है, बल्कि जिले भर में चर्चा का विषय बन गई है।

**बदबू आने पर घटना का पता चला, नेटवर्क मार्केटिंग करता था युवक**

# होटल के बंद कमरे से मिला फांसी पर

**धमतरी।** शहर के नए बस स्टैंड स्थित एक होटल के बंद कमरे से फंदे से लटकी हुई लाश मिली है। कमरे में लाश मिलने से होटल संचालक सहित आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की शिनाख्त किशोर कुमार वैष्णव निवासी गांव डंगनिया सीपत थाना, बिलासपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि एक अप्रैल को नेटवर्क मार्केटिंग के काम से धमतरी आया था और नए बस स्टैंड स्थित आशियाना होटल में रुका हुआ था। वहीं, सोमवार को पूरे होटल में तेज बदबू आने लगी। कर्मचारियों ने पता कि तो पता चला कि कमरा नंबर 208 से बदबू आ रही है। इसकी सूचना होटल संचालक को दी गई। संचालक मौके पर पहुंचा और कमरे को देखा तो कमरा अंदर से बंद था। वहीं, खिड़की से झांककर देखा तो फांसी से एक युवक को लटका हुआ पाया गया। घटना की जानकारी तुरंत कोतवाली पुलिस को दी गई। वहीं, कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुट गई ।कोतवाली थाना प्रभारी राजेश मराई ने बताया कि मृतक किशोर कुमार वैष्णव एक अप्रैल को होटल में आया था। वहीं, होटल संचालक के द्वारा सूचना दी गई थी। जहां मौके पर पहुंच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। परिजनों के आने के बाद ही कमरे के दरवाजा खोला जाएगा।

## चिंतन

# वैश्विक अर्थव्यवस्था के नए दौर के लिए तैयार रहे भारत

भारत जंग, संघर्ष और टैरिफ सनक के बीच अर्थव्यवस्था को लेकर भारत को अधिक सचेत व विवेकशील रहने की जरूरत है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वार से ग्लोबल ट्रेड के स्थापित तंत्र के टूटने की संभावना प्रबल हो गई है और नए वैश्विक ट्रेड ऑर्डर के विकसित होने को दौर शुरू हो गया है। अमेरिका की ओर से जवाबी शुल्क और आयात पर उच्च दर से टैरिफ लगाने के ऐलान के बाद से अंतरराष्ट्रीय बाजार में जिस तरह अनिश्चतता की स्थिति बनी है, उससे पूरी दुनिया की सभी मजबूत अर्थव्यवस्था पर असर पड़ती दिख रही है। इसी सप्ताह 9 अप्रैल से अमेरिका नया टैरिफ दर व जवाबी शुल्क लागू करने जा रहा है, दस फीसदी बेसलाइन शुल्क 5 अप्रैल से ही लागू हो गया है, इससे अमेरिका को निर्यात करने वाले भारत, चीन समेत करीब 60 देश प्रभावित होंगे। ट्रंप टैरिफ वार के चलते सोमवार को विश्व के सभी प्रमुख शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखी गई। यूरोप, जर्मनी, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, हांगकॉन्ग के स्टॉक मार्केट औंधे मुंह गिरे। भारतीय शेयर बाजार में तो ब्लडबाथ की स्थिति दिखाई दी, सेंसेक्स 2200 अंक से अधिक गिरा, निवेशकों के 14 लाख करोड़ रुपये से अधिक स्वाहा हो गए। खुद अमेरिका के शेयर बाजार के सभी प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज में पिछले दो अप्रैल के बाद से गिरावट का आलम है। ट्रंप के नए टैरिफ से जहां अमेरिकी अर्थव्यवस्था की चिंता महंगाई व उत्पादन लागत बढ़ने के साथ मंदी छाने की है, वहीं अमेरिका को निर्यात करने वाले देशों की चिंता बढ़े हुए शुल्क के चलते एक्सपोर्ट लागत बढ़ने व मात्रा के घटने को लेकर है। नए अमेरिकी टैरिफ के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था को स्थिर होने में वक्त लगेगा, कितना वक्त लगेगा, इसका आकलन करना कठिन है, तब तक विश्व में आर्थिक अनिश्चता बनी रहेगी। पहले से ही सुस्त ग्रोथ का सामना कर रहे चीन के जीडीपी पर दो से ढाई फीसदी का असर पड़ेगा। नए ग्लोबल ट्रेड ऑर्डर के विकसित होने में भी वक्त लगेगा, कारण इसका स्वरूप क्या होगा, इसे दिशा कौन देगा, डॉलर का क्या होगा और उसकी जगह कौन कौन सी मुद्रा लेगा? आदि ढेर प्रश्न हैं। क्या यूरोप, चीन, जापान, रूस या भारत जैसी अर्थव्यवस्था में विश्व के नए ट्रेड ऑर्डर को दिशा देने का सामर्थ्य है? विश्व बैंक, अंतराष्ट्रीय मुद्राकोष, विश्व व्यापार संगठन जैसी संस्थाओं का क्या होगा? विकसित व विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के बीच कड़ी कौन होगा? अभी सबकुछ भविष्य के गर्त में है, तब तक भारत को ट्रंप टैरिफ का प्रभाव कम करने के लिए तीन स्तर पर काम करना चाहिए। पहला घरेलू खपत के लिए अपने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बूस्ट करना चाहिए व आयात पर निर्भरता कम करनी चाहिए। मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल और आर्थिक राष्ट्रवाद जैसे अभियान मददगार हो सकते हैं। दूसरा, अपने उत्पाद के निर्यात के लिए नए बाजार का विस्तार करना चाहिए। भारत सरकार चीन, ब्राजील, फ्रांस आदि 20 देशों के साथ आपसी ट्रेड समझौते पर विचार कर रही है। भारत को नए मुक्त व्यापार समझौते, नए ट्रेड कोरिडोर, आपसी विनिमय आदि की दिशा में बढ़ना चाहिए। तीसरा, अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत को तेजी से आगे बढ़ाना चाहिए और टैरिफ समस्या का हल निकालने का प्रयास करना चाहिए। इस वर्ष अमेरिका को भारत के माल निर्यात में 5.76 अरब डॉलर की गिरावट आने के आसार हैं।



बिम्सटेक
प्रोफेसर अश्वनी महाजन

# क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ाने का वक्त

भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति और सॉफ्ट पावर दोनों ही उसे इस क्षेत्र के नेतृत्व हेतु बिम्सटेक में सर्वाधिक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाते हैं। सम्मेलन में दिया गया भाषण खास महत्व रखता है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक को दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के बीच एक महत्वपूर्ण सेतू बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब बिम्सटेक क्षेत्रीय सहयोग, समन्वय और विकास हेतु एक प्रभावी मंच बन चुका है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक की क्षमता को और मजबूत करने का आह्वान किया है। बिजनेस समिट, यंग लीडर्स समिट ऐसे अन्य उपायों के रूप में क्षेत्र के देशों के बीच आर्थिक सहयोग बेहतर करने में लंबा रास्ता तय कर सकती है।

कुछ दिन पूर्व भारत के प्रधानमंत्री ने सात एशियाई देशों के संगठन 'बिम्सटेक' के बैंकॉक में आयोजित छठे शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया और इन देशों के बीच बेहतर जुड़ाव, आर्थिक और डिजिटल संबंधों को प्रगाढ़ करने का आह्वान किया। गौरतलब है कि 'बिम्सटेक' में बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के 2024 के अनुमानों के अनुसार ये देश कुल 5.23 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जीडीपी का उत्पादन करते हैं, जिसमें स्वाभाविक तौर पर भारत का योगदान सर्वाधिक है। यह बंगाल की खाड़ी से तटवर्ती या समीपी देशों का एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग संगठन है। खास बात यह है कि पाकिस्तान इस संगठन का सदस्य देश नहीं है। हालांकि यह संगठन 27 साल से भी अधिक समय से चल रहा है, शुरूआत में जून 1997 में इसका गठन बिस्टेक के नाम से हुआ, यानि बांग्लादेश, इंडिया, श्रीलंका और थाईलैंड इकोनॉमिक कोऑपरेशन। थोड़े ही समय बाद दिसंबर 1997 इसमें म्यांमार को शामिल करते हुए इसका नाम बिम्सटेक हो गया। फरवरी 2004 में नेपाल और भूटान इसके सदस्य बन गए और इसका नाम तो बिम्सटेक ही रहा, लेकिन उसे अब 'बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी सेक्टोरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक कोऑपरेशन' के नाम से जाना जाने लगा। अभी तक इसके शिखर सम्मेलन क्रमशः थाईलैंड, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका में होने के बाद 2 से 4 अप्रैल 2025 में इसका छठा शिखर सम्मेलन थाईलैंड बैंकॉक में आयोजित हुआ।

गौरतलब है कि भारत के पड़ोसी देशों का एक संगठन सार्क है। सार्क यानि साऊथ एशियन एसोसिएशन फॉर रिजनल कोऑपरेशन, दक्षिण एशिया के देशों भारत, बांग्लादेश, भूटान, मालद्वीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका, कुल सात देशों का संगठन के रूप में 1985 में बना। 2007 में इसमें अफगानिस्तान शामिल हुआ। सार्क के 9 पर्यवेक्षक देश भी हैं, जिसमें यूरोपीय संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका, ईरान और चीन भी शामिल हैं। सार्क देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के लिए साऊथ एशियन प्रफ्रेंशिएल ट्रेड एग्रीमेंट, यानी साप्टा; और साऊथ एशियन फ्री ट्रेड एरिया, यानी साफ्टा नाम के दो समझौते क्रमशः 1995 और 2004 में हुए। इन समझौतों का उद्देश्य इस क्षेत्र में लोगों की भलाई के लिए व्यापार और विकास को बढ़ावा देना था। शुरूआती दौर से ही सार्क में कुछ विवाद रहा, क्योंकि पाकिस्तान ने भारत के विरुद्ध छोटे देशों को भड़का कर उसे बदनाम करने का काम करना शुरू कर दिया था। पाकिस्तान के इस रुख को देखते हुए 1992 से शुरू 'लुक ईस्ट पॉलिसी' के तहत बिम्सटेक को बढ़ावा देने का काम शुरू किया। 1997 में इंडियन ओसिएन रिम एसोसिएशन, वर्ष 2000 में मैकाँग गंगा कोऑपरेशन और 2015 में बांग्लादेश, भूटान, भारत और नेपाल ट्रांसपोर्ट एग्रीमेंट करते हुए बिम्सटेक को मजबूत करने का काम किया। गौरतलब है कि भारत के सार्क से विमुख होने के बाद सार्क का महत्व ही समाप्त हो गया और पिछले 10 सालों




से भी ज्यादा समय से इसका एक भी शिखर सम्मेलन नहीं हुआ। गौरतलब है कि बिम्सटेक में शामिल भारत के पड़ोसी या समीपवर्ती सातों देश विकासशील देश हैं। इन देशों में आर्थिक और जनसंख्या के नाते सबसे बड़ा देश भारत है। आज जब दुनियाभर के देशों के बीच विभिन्न प्रकार के अवरोध और असमंजस बढ़ रहे हैं, भारत की 'लुक ईस्ट पॉलिसी' के तहत इस क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग संगठन का महत्व और बढ़ जाता है। भारत ने पिछले एक दशक में जो तकनीकी और आर्थिक प्रगति की है, इस क्षेत्र के लोग उससे प्रभावित हैं। कनेक्टिविटी का मामला हो या डिजिटाइजेशन की बात हो, अथवा अंतरिक्ष के क्षेत्र में सहयोग का मामला, भारत आज इस स्थिति में है कि इस क्षेत्र के देशों को मदद कर सके।

भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति और सॉफ्ट पावर दोनों ही उसे इस क्षेत्र के नेतृत्व हेतु बिम्सटेक में सर्वाधिक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाते हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बिम्सटेक के छठे शिखर सम्मेलन में दिया गया भाषण खास महत्व रखता है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक को दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के बीच एक महत्वपूर्ण सेतू बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब बिम्सटेक क्षेत्रीय सहयोग, समन्वय और विकास हेतु एक प्रभावी मंच बन चुका है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक के एजेंडा और क्षमता को और मजबूत करने हेतु आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने बिम्सटेक में संस्थान और क्षमता निर्माण की दिशा में भारत के नेतृत्व में कई पहलों की घोषणा भी की। इनमें आपदा प्रबंधन, सतत समुद्री परिवहन, पारंपरिक चिकित्सा और कृषि में अनुसंधान और प्रशिक्षण पर भारत में बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करना शामिल है। उन्होंने युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए एक नए कार्यक्रम की भी घोषणा की, जिसके तहत पेशेवरों, छात्रों, शोधकर्ताओं, राजनयिकों और अन्य लोगों को प्रशिक्षण और छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। उन्होंने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना में क्षेत्रीय आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए भारत द्वारा एक पायलट अध्ययन और क्षेत्र में कैंसर देखभाल के लिए एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम की भी पेशकश की। अधिक क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण का आह्वान करते हुए, प्रधानमंत्री ने बिम्सटेक चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना और भारत में हर साल बिम्सटेक बिजनेस समिट आयोजित करने की भी पेशकश की। क्षेत्र को एक साथ लाने वाले ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री ने लोगों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए कई पहलों की घोषणा की। भारत इस वर्ष बिम्सटेक एथलेटिक्स मीट की मेजबानी करेगा और 2027 में जब समूह अपनी 30वीं वर्षगांठ मनाएगा, तब पहले बिम्सटेक खेलों की मेजबानी भी भारत करेगा। यह पारंपरिक संगीत महोत्सव की मेजबानी भी करेगा।

अब, जबकि पाकिस्तान के नकारात्मक रवैये के कारण सार्क मृतप्राय हो चुका है, और बिम्सटेक नए क्षेत्रीय समूह के रूप में उभरा है, जिसमें भारत एक प्रमुख शक्ति है, जहां विभिन्न देश अंतरिक्ष क्षेत्र और अन्य में सहयोग के लिए भारत की ओर देख रहे हैं, यह भारत को अपना प्रभाव बढ़ाने का एक नया अवसर देता है, जहां चीन हावी होने की कोशिश कर रहा है। श्रीलंका सहित पड़ोसी देशों की प्रधानमंत्री की यात्रा संकेत है कि भारत अपने पड़ोसी देशों के साथ सहयोग विकसित करने के बारे में गंभीरता से सोच रहा है। इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए इसका भू-राजनीतिक महत्व भी है। चीन भी अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। बिजनेस समिट, यंग लीडर्स समिट, बिम्सटेक चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना, खेल आयोजन और ऐसे अन्य उपायों के रूप में बिम्सटेक देशों के साथ नियमित बातचीत, क्षेत्र के देशों के बीच आर्थिक सहयोग बेहतर करने में लंबा रास्ता तय कर सकती है।

(लेखक डीयू में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## अर्थव्यवस्था
सतीश सिंह




# विकास की रफ्तार बढ़ाने वाली होगी मौद्रिक समीक्षा

भारतीय रिजर्व बैंक ने 7 फरवरी को की गई मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी, जिससे यह 6.50 प्रतिशत से घटकर 6.25 प्रतिशत के स्तर पर आ गई थी। महंगाई की वजह से यह कटौती 5 सालों के बाद की गई थी। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इस कटौती से क्रेडिट ग्रोथ में आंशिक तेजी देखी गई और आर्थिक गतिविधियों को बल मिला है, जिससे 7 से 9 अप्रैल की मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में कम से कम 0.25 प्रतिशत की कटौती करने का दबाव बना हुआ है। हालांकि, अभी भी वैश्विक नीतियों में बदलाव, जैसे अमेरिका द्वारा भारत और दूसरे देशों पर टैरिफ लगाने, संरक्षणवाद, नीतिगत ब्याज दरों के संदर्भ में अमेरिका के फेडरल रिजर्व बैंक के रुख आदि के कारण बाजार में अस्थिरता बनी हुई है, लेकिन हमारी अर्थव्यवस्था की स्थिति वैश्विक अर्थव्यवस्था से इतर है, इसलिए जरूरी है कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) घरेलू स्थितियों के अनुरूप मौद्रिक समीक्षा में निर्णय ले। गौरतलब है कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जीडीपी के वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने पहले अग्रिम अनुमान में जीडीपी वृद्धि दर के 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जो पिछले 3 वित्त वर्षों से कम है। गत वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही थी। वहीं, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान जीडीपी के 6.6 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ने का अनुमान जताया है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी आने के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर फरवरी 2025 में घटकर 3.61 प्रतिशत के स्तर पर आ गई,जो जनवरी महीने में 4.31 प्रतिशत के स्तर पर थी। अभी महंगाई पिछले 6 महीनों में सबसे कम है। महंगाई के स्तर में गिरावट का मूल कारण खाद्य पदार्थों की कीमत में कमी आना है। किसी की क्रय शक्ति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुद्रास्फीति बढ़ने पर वस्तु एवं सेवा दोनों की कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की खरीदारी क्षमता कम हो जाती है और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग भी घट जाती है। फिर, विविध उत्पादों की बिक्री कम होती है, उनके उत्पादन में कमी आती है, इससे आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं और विकास की गति बाधित होती है। ऐसे में यह कहना सही होगा कि महंगाई में कमी आने से ही विकास की गाड़ी तेज गति से आगे बढ़ सकती है। विगत दो तिमाहियों में जीडीपी की धीमी गति को देखते हुए, सरकार के लिए विकास को बढ़ावा देना जरूरी है, इसलिए बजट में भी निवेश, बचत और खपत को बढ़ाने पर जोर दिया गया है, क्योंकि इनमें तेजी लाकर ही आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाई जा सकती है और विकास को रफ्तार दी जा सकती है। दूसरी तरफ, विगत 6 महीनों से महंगाई दर में गिरावट दर्ज की जा रही है, इसलिए, केंद्रीय बैंक के लिए 9 अप्रैल को नीतिगत दरों में 0.25 प्रतिशत कटौती करने का फैसला लेने में मुश्किल नहीं आएंगी। पिछले दो सालों में 14 प्रतिशत से 16 प्रतिशत के बीच की ऋण वृद्धि रहने के बाद समग्र क्रेडिट ग्रोथ बीते कुछ महीनों से धीमी हो रही थी। दिसंबर 2024 में क्रेडिट ग्रोथ घटकर 11.2 प्रतिशत के स्तर पर आ गई थी, जिसका सबसे बड़ा कारण उधारी दर का महंगा होना था। दरअसल, बैंकों के पास सस्ती पूंजी उपलब्ध नहीं है। पहले निवेशक अपनी जमा पूंजी बैंक में रखते थे, लेकिन आज अधिक प्रतिफल मिलने की आशा में वे शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड,सोना, बांड्स आदि में निवेश कर रहे हैं, जिससे बैंकों के समक्ष पूंजी की कमी हो गई है। मौजूदा समय में ग्राहक अपने पैसे जमा करने से परहेज कर रहे हैं। ऐसी विपरीत स्थिति में बैंकों के समक्ष सस्ती पूंजी का स्त्रोत केंद्रीय बैंक है। जब नीतिगत दरों में कटौती की जाएगी तो बैंकों को रिजर्व बैंक सस्ती दर ऋण देगा, जिसे वे पुनः जरूरतमंदों को सस्ती दर पर ऋण दे सकेंगे। फिलहाल, बैंक महंगी दर पर ऋण देने के लिए मजबूर हैं और महंगी दर पर ऋण उपलब्ध होने के कारण आमजन और कारोबारी ऋण लेने से बच रहे हैं। इस वजह से,कंपनियों के पास पूंजी की कमी है, परिणाम स्वरूप आर्थिक गतिविधियां बाधित हुई हैं और विकास को रफ्तार नहीं मिल पा रही है। विश्लेषण से साफ़ है, एमपीसी 9 अप्रैल को मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने की सिफारिश कर सकती है, ताकि बैंकों को सस्ती दर पर पूंजी मिले, और वे सस्ती दर पर ऋण दे सकें. इससे आमजन और कारोबारी दोनों ऋण लेंगे, जिससे निवेश और बचत दोनों में तेजी आएगी साथ ही साथ खपत में इजाफा होगा एवं आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी।

(लेखक बैंक अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मनुष्य इंद्रिय विषयों में आनंद अनुभव करता है



संकलित
**दर्शन**

भक्ति विभिन्न रूपों में प्रकाशित होती है। पहला है श्रद्धा। लोग मंदिरों और पवित्र स्थानों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि वहां भगवान की पूजा होती है, ऐसे स्थानों में उनकी सत्ता अधिक अनुभूति होती है। प्रत्येक देश में लोग धर्माचार्यों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि ये आचार्य उन्हीं भगवान की महिमा का उपदेश देते हैं। इस श्रद्धा का मूल है प्रेम। हम जिससे प्रेम नहीं करते, उसके प्रति कभी श्रद्धालु नहीं हो सकते। इसके बाद है प्रीति अर्थात ईश्वर चिंतन में आनंद। मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता है। इंद्रियों को अच्छी लगने वाली चीजों के लिए वह भटकता फिरता है और बड़ा से बड़ा जोखिम उठाने के लिए तैयार रहता है। भक्त को चाहिए कि वह भगवान के प्रति इसी प्रकार का तीव्र प्रेम रखे। इसके उपरांत आता है विरह। विरह प्रेमास्पद के अभाव में उत्पन्न होने वाला तीव्र दुख। यह दुख संसार के समस्त दुखों में सबसे मधुर है। जब मनुष्य भगवान को न पा सकने के कारण, संसार में एकमात्र जानने योग वस्तु को न जान सकने के कारण तीव्र वेदना अनुभव करने लगता है और अत्यंत व्याकुल हो पागल-सा हो जाता है, उस दशा को विरह कहते हैं। मन की ऐसी दशा में प्रेमास्पद को छोड़ उसे और कुछ अच्छा नहीं लगता। बहुधा यह विरह सांसारिक प्रणय में देखा जाता है। जब पराभक्ति हृदय पर अपना प्रभाव जमा लेती है तो अन्य अप्रिय विषयों की उपस्थिति हमें खटकने लगती है, यहां तक कि प्रेमास्पद भगवान के अतिरिक्त अन्य किसी विषय पर बातचीत तक कहना हमारे लिए अरुचिकर हो जाता है।

## ईर्ष्यालु व्यक्ति, किसी को सुखी नहीं देख सकता



संकलित
**प्रेरणा**

एक महिला कुबड़ी थी जिसकी वजह से वह झुककर चलती थी। सभी लोग उसका उपहास उड़ाते थे। बच्चे तो जब-तब उसे 'कुबड़ी-कुबड़ी' कहकर परेशान करते रहते थे। एक दिन वह कहीं जा रही थी कि सहसा रास्ते में उसकी भेंट नारद जी से हो गई। नारद ने उस महिला पर तरस खाते हुए कहा, 'आओ बहन! मेरे पास आओ। मैं अपने योगबल से तुम्हारा कूबड़ ठीक कर दूंगा।' महिला बोली, 'भगवान! आप अंतर्यामी हैं। आप तो जानते ही है कि लोग मेरा कितना मजाक उड़ाते हैं। मुझे सदैव यह कहकर चिढ़ाते रहते हैं कि, देखो वह कुबड़ी जा रही है। यदि आप मुझ पर मेहरबानी कर ही रहे हैं तो मेरे कूबड़ की फिक्र मत कीजिए। आप बस इतना कर दीजिए कि जो लोग मेरा मजाक उड़ाते हैं, उन सबके भी कूबड़ निकल आए।' नारद जी ने उस महिला का उत्तर सुना तो हक्के-बक्के रह गए। आश्चर्यचकित होकर बोले, 'बहन, दूसरों के कूबड़ निकल आने से तुम्हें क्या मिलेगा।' बुढ़िया बोली, 'मैं उन्हें भी अपनी तरह चलते और दूसरों द्वारा उपहास होते देखूंगी तो मन को शांति मिलेगी।' नारद जी सोचने लगे यह महिला चाहती तो मेरी कृपा से अपना कूबड़ ठीक करा सकती थी। लेकिन उसने हाथ आए अवसर को दूसरों के नुकसान के रूप में ही भुनाने की कामना की। ईर्ष्यालु व्यक्ति की प्रकृति यही होती है कि वह दूसरों को सुखी-संपन्न देखकर उनके जैसा उन्नत, संपन्न और सुखी होने की प्रेरणा ग्रहण नहीं करता, बल्कि सुखी लोगों को दुखी करने और नीचे गिराने का प्रयास करता है। बुढ़िया का मनोरथ पूरा करने का उनका कोई इरादा नहीं था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### एआई से नई नौकरियां भी पैदा होगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में एक बार फिर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एआई के क्षेत्र में देश तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। एआई के क्षेत्र में युवा तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। उन्होंने पेरिस के दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि मैं एआई के सम्मेलन में भाग लेने के लिए वहां गया था। इस दौरान दुनिया ने इस सेक्टर में भारत की प्रगति की जमकर सराहना की। असल में एआई को लेकर कहा जा रहा है कि इससे नौकरियां खत्म होंगी, लेकिन यह पूरा सच नहीं है। यह बात कुछ हद तक ठीक है कि इससे रोजगार जाएंगे, लेकिन कुछ क्षेत्रों में ही ऐसा होगा और वह भी काफी कम मात्रा में। इसके उलट कई सेक्टरों में नई नौकरियां भी पैदा होंगी। *- संदीप देशमुख, भाटापारा*

## ट्रेंड

### प्रतिबद्धता की पुष्टि करें



विश्व स्वास्थ्य दिवस पर, आइए हम स्वस्थ दुनिया बनाने के लिए प्रतिबद्धता की पुष्टि करें। हमारी सरकार स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करती रहेगी और विभिन्न पहलुओं में निवेश करती रहेगी। अच्छा स्वास्थ्य हर संपन्न समाज की नींव है।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सभी वैज्ञानिकों को धन्यवाद



वर्ष 2000 से, वैश्विक स्तर पर मातृ मृत्यु दर में 40% की कमी आई है। यह स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच के कारण है। इस विश्व स्वास्थ्य दिवस पर, हम सभी वैज्ञानिकों सरकारों को धन्यवाद देते हैं जो माताओ शिशुओं को उम्मीद भरा भविष्य प्रदान कर रहे हैं।
**-डॉ. टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक**

### जले पर नमक छिड़का



मई 2014 के मुक़ाबले अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल की क़ीमत में 41% की गिरावट आई है, पर केंद्र सरकार ने एक्साइज ड्यूटी बढ़ा दी है। इससे निवेशकों का एक झटके में 19 लाख करोड़ स्वाहा होने से चैन नहीं मिला होगा, इसलिए सरकार जले पर नमक छिड़कने आ गई। **-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### देश को उलझा रखा




भक्तों बताओ शेयर मार्केट में कितने मुसलमानों का पैसा डूबा? 5 महीने में देश के लोगों का 94 लाख करोड़ डूब गया। अब 5 मिनट में 19 लाख करोड़ डूब गया। देश आर्थिक बर्बादी झेल रहा है, लेकिन मोदी ने देश को वक़्फ, कब्र में उलझा रखा है।
**-संजय सिंह, आप नेता**

## करंट अफेयर

# अमेरिका में तीन दशक बाद खसरे की बड़ी लहर


पिछले करीब तीन दशक में खसरे की सबसे बड़ी लहर से जूझ रहे अमेरिका के टेक्सास में इस बीमारी की चपेट में आने से एक अन्य बच्चे की मौत हो गई। इस बच्चे को भी खसरे से बचाव का टीका नहीं लगा था। ल्यूबॉक स्थित प्रमुख क्षेत्रीय अस्पताल और शिक्षण संस्थान 'यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर (यूएमसी) हेल्थ सिस्टम' ने बताया कि अस्पताल में भर्ती एक स्कूली छात्र की खसरे के कारण मौत हो गई। बच्चे को इससे पहले कोई अन्य बीमारी नहीं थी। इससे पहले, फरवरी में टेक्सास में एक बच्चे तथा मार्च के प्रारम्भ में न्यू मैक्सिको में एक वयस्क की इस बीमारी के कारण मौत हो गई थी। अमेरिकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने इस वर्ष 21 राज्यों में खसरे के 607 मामले सामने आने की पुष्टि की है। यह संख्या 2023 की कुल संख्या के दोगुने से भी अधिक है। टेक्सास में 481 मामले सामने आए हैं, जो पिछले कुछ दशकों में राज्य स्तर पर सबसे अधिक मामले है। 'बायलर कॉलेज ऑफ मेडिसिन' के प्रमुख टीकाकरण विशेषज्ञ डॉ. पीटर होटेज ने कहा, 'यदि मामले इसी तरह बढ़ते रहे तो हम 2019 के प्रकोप को भी पीछे छोड़ देंगे और यह लगभग पिछले 30 साल में सबसे खराब स्थिति है। दुखद बात यह है कि इन लोगों की मौत को पूरी तरह से रोका जा सकता था।'



## ऑफ बीट

# सप्ताह में 150 मिनट की शारीरिक गतिविधि जरूरी

व्यायाम आपके संपूर्ण स्वास्थ्य और विशेष रूप से आपके हृदय के लिए अच्छा है। विशेषज्ञों की राय है कि हमें सप्ताह में 150 मिनट की मध्यम-से-जोरदार शारीरिक गतिविधि करनी चाहिए। शोधकर्ताओं ने पाया कि एक्सेलेरोमीटर मूल्यांकन के बाद छह वर्षों में, जो लोग नियमित रूप से मध्यम से जोरदार गतिविधि करते थे, उनमें गतिहीन लोगों की तुलना में स्ट्रोक, दिल का दौरा, दिल की विफलता और एट्रियल फाइब्रिलेशन कम था। इस अध्ययन का अनोखा निष्कर्ष यह था कि जिन लोगों ने अपनी आधी से अधिक गतिविधि सप्ताहांत में की, उनकी तुलना में उन लोगों के परिणामों में कोई अंतर नहीं था, जिन्होंने इसे पूरे सप्ताह में फैलाकर किया। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कब किया गया था, मध्यम-जोरदार शारीरिक गतिविधि बेहतर हृदय स्वास्थ्य से जुड़ी थी। अध्ययन में, लेखकों ने उन लोगों को 'सप्ताहांत योद्धा' कहा, जिन्होंने सप्ताह में 150 मिनट से अधिक की मध्यम-से-जोरदार गतिविधि की। यह लाइक्रा पहने पहाड़ी रास्तों पर साइकिल की सवारी करते हुए या मध्यम आयु वर्ग के पुरुषों को 90 मिनट की कठिन फुटबॉल खेलने जैसा है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

आईएमडी की चेतावनी झुलसाएगी भीषण गर्मी


# राजस्थान, गुजरात और पंजाब समेत 5 राज्यों में रेड अलर्ट

दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। सड़कें सूनी हैं। लोग घरों में दुबके हुए हैं। कई राज्यों में गर्मी है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई हिस्से इन दिनों भीषण गर्मी ने हलाकान कर दिया है। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। सड़कें सूनी हैं। लोग घरों में दुबके हुए हैं। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के ने बताया कि आने वाले कुछ दिन गर्मी का प्रकोप और तेज होगा। मौसम वैज्ञानिकों ने दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान, यूपी समेत कई राज्यों में लू की चेतावनी जारी की है। इसके साथ ही पश्चिमी विक्षोभ के असर से कुछ राज्यों में थोड़ी राहत मिलने की संभावना भी जताई गई है।

## दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई हिस्से जलने लगे



### गुजरात-राजस्थान में भीषण लू

आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नरेश कुमार ने सोमवार को बताया कि गुजरात और पश्चिमी राजस्थान में इस समय भीषण लू का प्रकोप है, जिसके चलते इन इलाकों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान के कुछ हिस्सों में तो पारा 45 डिग्री को भी पार कर गया है, जो पिछले एक दशक में सबसे ज्यादा है। वहीं, पंजाब और हरियाणा में अगले 3 दिनों तक लू का असर रहेगा, जबकि दिल्ली-एनसीआर में भी अगले 72 घंटे तक भयंकर गर्मी से राहत नहीं मिलेगी।

विदर्भ में कड़े तेवर

### यहां गर्मी की मार, तापमान 42 डिग्री के पार



**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर सहित पूरे विदर्भ में गर्मी ने तीखे तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। अप्रैल के दूसरे सप्ताह में ही विदर्भ के अधिकांश जिलों का तापमान 42 डिग्री के पार जा चुका है। विदर्भ के लोगों को इस भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 2-3 दिन में तापमान और बढ़ सकता है और तापमान बढ़कर 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। अप्रैल की शुरुआत से ही यह गर्मी का दौर लगातार जारी है। इस मौसम में पहली बार पारा 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। नागपुर का तापमान 2 डिग्री बढ़ने के साथ 42.02 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। वहीं, 43.9 डिग्री के साथ अकोला सबसे ज्यादा गर्म रहा। इसके अलावा, चंद्रपुर, अकोला, बुलढाणा, वर्धा, यवतमाल, नागपुर जैसे जिले भी इस भीषण गर्मी से प्रभावित हैं।

हिमालय में राहत की संभावना मगर मैदानी इलाके जलते रहेंगे

### चार दिन तक यहां राहत की उम्मीद नहीं



मौसम विभाग ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ हिमालयी राज्यों में सक्रिय होगा, जिसके चलते जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। हालांकि, इसका असर मैदानी इलाकों पर नहीं पड़ेगा। पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में अभी कम से कम 3-4 दिन और भीषण गर्मी झेलनी पड़ेगी। मौसम विभाग ने कहा कि अगले सप्ताह के आखिर तक उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में तापमान थोड़ा नीचे आ सकता है। लेकिन तब तक लोगों को इस भीषण गर्मी से जूझना होगा। सरकार ने भी हीटवेव को लेकर अलर्ट जारी कर दिया है और अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

## खबर संक्षेप

### कामरा की हाईकोर्ट से जमानत अवधि बढ़ी



**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने सोमवारको मशहूर स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा को गिरफ्तारी से दी गई अंतरिम सुरक्षा 17 अप्रैल तक बढ़ा दी। यह सुरक्षा मुंबई में खार पुलिस द्वारा दर्ज एक मामले के संबंध में थी, जिसमें कथित तौर पर 'नया भारत' नाम के अपने हालिया कॉमेडी शो के दौरान महाराष्ट्र के राजनेता पर गलत टिप्पणी की थी।

### आसाराम को 30 जून तक अंतरिम जमानत



**जयपुर।** नाबालिग से यौन शोषण के मामले में जोधपुर सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनकी अंतरिम जमानत को 30 जून तक के लिए बढ़ा दिया है। सोमवार को हाईकोर्ट के जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की बेंच में आसाराम के अधिवक्ता और सरकारी पक्ष की दलीलें सुनी।

### देहरादून-शिमला बाइपास पर हादसा, 3 की मौत



**शिमला।** उत्तराखंड में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यहां पर एक तेज रफ्तार बस लोडर गाड़ी से टकरा गई, जिसमें तीन बच्चों की मौत हो गई है। वहीं एक दर्जन से अधिक बच्चे घायल हैं। यह हादसा देहरादून-शिमला बायपास रोड पर हुआ है। जैसे ही लोडर ने बस को टक्कर मारी, तुरंत बस पलट गई। यह बस आईएसबीटी से विकासनगर जा रही थी।

### सीरियल डायरेक्टर ने 6 को कुचला, 1 की मौत

**कोलकाता।** बंगाली सीरियल के डायरेक्टर सिद्धांत दास और उनकी दोस्त श्रेया बसु की गुस्साई भीड़ ने पीट दिया। उनकी कार अनियंत्रित होकर भीड़ को टक्कर मार दी। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत और 6 लोग घायल हो गए हैं। ये हादसा कोलकाता के ठाकुरपुकुर बाजार में हआ। इसके बाद भीड़ ने दोनों को पकड़ा और पीट दिया।

वक्फ कानून को लेकर जम्मू-कश्मीर विधानसभा में भारी हंगामा

# नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 'वेल' में आकर लगाए नारे, काली पट्टियां लहराईं व कॉपियां फाड़ी

*जम्मू-कश्मीर विधानसभा में वक्फ संशोधन अधिनियम पर हंगामे के बाद सदन को कुछ देर के लिए स्थगित कर दिया गया। नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों ने अधिनियम पर स्थगन प्रस्ताव को अनुमति न देने पर स्पीकर के खिलाफ प्रदर्शन किया। जम्मू-कश्मीर विधानसभा को सोमवार को स्पीकर अब्दुल रहीम राथर ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम पर चर्चा के लिए प्रश्नकाल स्थगित करने से इनकार करने पर हुए हंगामे के बाद 15 मिनट के लिए स्थगित कर दिया।*

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सोमवार को नए वक्फ कानून को लेकर भारी हंगामा हुआ। हाल ही में संसद में पारित हुए इस कानून को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) ने चर्चा की मांग करते हुए विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव लाया, लेकिन स्पीकर की तरफ इसकी अनुमति न दिए जाने के बाद सदन में बवाल मच गया। जैसे ही स्पीकर ने कहा कि 'मामला न्यायालय के अधीन है, इसलिए इस पर चर्चा नहीं की जा सकती' नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक बिफर गए और वेल की ओर बढ़े।

उन्होंने सदन में काली पट्टियां लहराईं और वक्फ अधिनियम के खिलाफ नारेबाजी की। कुछ विधायकों ने विरोध स्वरूप अपनी कॉपियां तक फाड़ दीं। इस दौरान भाजपा और एनसी के विधायकों के बीच तीखी नोकझोंक और जोरदार नारेबाज़ी भी हुई। सदन के अंदर हाथापाई तक की नौबत आ गई। वहीं, भाजपा विधायकों ने जवाब में कहा कि जब कानून बन चुका है, तो अब चर्चा क्यों?' स्पीकर के हस्तक्षेप के बावजूद हंगामा शांत नहीं हुआ और स्थिति हाथापाई तक पहुंच गई। आखिरकार सदन को स्थगित करना पड़ा।

## एनसी के स्थगन प्रस्ताव को स्पीकर ने नहीं दी अनुमति तो बिफरे

### एनसी और उसके सहयोगी दलों ने काले झंडे लहराए

एनसी और उसके सहयोगी दलों के विधायकों ने सदन में काले झंडे भी लहराए और चेताया कि जब तक उनकी स्थगन प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा, वे चुप नहीं बैठेंगे।


भाजपा और एनसी विधायकों में नोकझोंक

### भाजपा ने नोटिस का विरोध किया

जैसे ही सदन शुरू हुई नजीर गुरेजी और तनवीर सादिक के नेतृत्व में नेशनल कॉन्फ्रेंस के सदस्यों ने वक्फ कानून पर चर्चा करने के लिए प्रश्नकाल को स्थगित करने का प्रस्ताव रखा, जिसके लिए एनसी, कांग्रेस और कुछ निर्दलीय सदस्यों के 9 सदस्यों ने स्पीकर को नोटिस दिया था। सदन के नेता सुनील शर्मा के नेतृत्व में भाजपा ने

### पीडीपी के पारा ने कहा- वक्फ संपत्ति हमारी विरासत

पीडीपी नेता वाहीद पारा ने कहा कि 'इस्लामिक धार्मिक संपत्तियां हमारी विरासत हैं जो कि हमारे पूर्वज छोड़कर गए हैं और यह मुस्लिमों का धार्मिक मामला है। मुस्लिम को शामिल किए बगैर उनसे जुड़ा कोई कानून पारित करना सही नहीं है। मुस्लिम समदाय ने इस बिल का खुलकर विरोध किया है। वक्फ की संपत्तियों को केवल संपत्ति के रूप में देखना गलत है।

### महबूबा ने तो 'एंटी-मुस्लिम एजेंडा' कहा

इस पूरे घटनाक्रम पर पीडीपी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी।



उन्होंने एनसी सरकार पर भाजपा के 'एंटी-मुस्लिम एजेंडे' के आगे झुकने का आरोप लगाते हुए कहा कि जिस पार्टी को बहुमत मिला है, वो जनता से जुड़ी इतनी अहम बात पर चर्चा से भी भाग रहा है। तमिलनाडु सरकार से सबक लें।

### स्पीकर बोलेः मामला कोर्ट में विचाराधीन

विधानसभा अध्यक्ष राथर ने नियम 58 का हवाला देते हुए कहा कि यह मामला वर्तमान में



न्यायालय में विचाराधीन है इसलिए प्रश्नकाल स्थगित कर इस पर चर्चा नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि मैं सदन में स्थगन की अनुमति नहीं दे सकता क्योंकि मामला न्यायालय में लंबित है ।

वक्फ कानून के खिलाफ

### सुप्रीम कोर्ट में अब तक 10 याचिकाएं दायर



वक्फ बोर्ड संशोधन कानून 2025 के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अब तक 10 याचिकाएं दायर की गई हैं। सभी याचिकाओं में एक ही बात कही गई है कि यह मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता को छीनने की एक साजिश है। याचिकाओं में इस कानून को असंवैधानिक घोषित करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ताओं ने दायर याचिकाओं सुप्रीम कोर्ट से जल्द सुनवाई की मांग की है। इस बीच इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग की ओर से मामले को सीजेआई संजीव खन्ना की बेंच के सामने मेंशन किया गया है। सीजेआई ने कहा कि हम दोपहर में आपकी मेंशनिंग पर विचार करेंगे। मामले पर कब सुनवाई की जा सकती है।

रेलमंत्री वैष्णव बोले- रोजगार भी बढ़ेंगे

# छग रेल परियोजनाओं से होगा राज्य का उत्तरोतर विकास



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के लिए आर्थिक ऑक्सीजन और आमजनों के लिए सौगात माने जाने वाली खरसिया-नया रायपुर-परमालकसा के बीच 5वीं और 6वीं रेल लाइन परियोजना पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सूबे के लिए रेलवे की नई परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। रेलभवन में रेलमंत्री पत्रकारों से मुखातिब थे तो सीएम विष्णु देव साय वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। वैष्णव ने कहा, रेल लाइन परियोजना छग के लिए महत्वपूर्ण है और यह राज्य में रेलवे कनेक्टिविटी को पूरी तरह बदल देगी। यह परियोजना 8,741 करोड़ से तैयार होगी और रोजगार भी बढ़ेंगे।

### कनेक्टिविटी में होगा सुधार

इस परियोजना से छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार जैसे नए क्षेत्र रेल नेटवर्क से जुड़ेंगे। इससे माल और यात्री परिवहन में तेजी आएगी, खासकर कोयला, सीमेंट, और लौह अयस्क जैसे उद्योगों को फायदा होगा।

### पर्यावरण के लिए वरदान

रेल मंत्री ने बताया कि इस परियोजना से 113 करोड़ किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी, जो 4.5 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है। यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम है।

### औद्योगिक विकास

यह रेल लाइन छत्तीसगढ़ में नई औद्योगिक इकाइयों, जैसे सीमेंट संयंत्रों की स्थापना को बढ़ावा देगी और लॉजिस्टिक्स को मजबूत करेगी। रेल नेटवर्क पर दबाव कम होगा। रेल नेटवर्क पर भीड़भाड़ कम होगी, जिससे वंदे भारत, मेल, और एक्सप्रेस ट्रेनों की मांग पूरी हो सकेगी। यह परियोजना पीएम-गति शक्ति मास्टर प्लान का हिस्सा है।

## विष्णु देव साय ने कहा ऐतिहासिक



सीएम साय ने इस परियोजना को छग के विकास के लिए ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ठोस कदम है। इससे छत्तीसगढ़ को श्विकास के फास्ट ट्रैक्श पर लाने में मदद मिलेगी।

### रोजगार और स्वरोजगार

इस रेल लाइन से युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। सुदूर क्षेत्रों के लोग उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, और अपने उत्पादों की बिक्री के लिए शहरों से जुड़ सकेंगे।

### आर्थिक सशक्तिकरण

कोयला, सीमेंट, और लौह अयस्क जैसे खनिजों के परिवहन में सुधार से क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बलौदा बाजार जैसे इलाकों का रेल नेटवर्क से जुड़ना औद्योगिक विकास को गति देगा।

### आभार और अपेक्षा

साय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ की आवश्यकताओं और क्षमता को पहचानकर यह सौगात दी है। उन्होंने इसे राज्य के लिए गर्व का क्षण बताया और उम्मीद जताई कि इससे राज्य का रेल ढांचा और मजबूत होगा।

सुप्रीम फैसले के बाद टीचर्स से मिलीं ममता

## जब तक मैं 'जिंदा' हूं, आपकी नौकरी कोई नहीं छीन सकता

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



■ मुझे जेल भी हो तो परवाह नहीं

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने सोमवार को कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में बर्खास्त किए गए टीचर्स से मुलाकात की है। आप यह न समझें कि हमने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को स्वीकार कर लिया है। हम पत्थर दिल नहीं ,ऐसा कहने के लिए मुझे जेल भी हो सकती है पर मुझे परवाह नहीं है। आपकी नौरी कोई नहीं छीन सकता।

### बंगाल को निशाना बनाया जा रहा

एजुकेशन सिस्टम को बर्बाद करने का किसी को अधिकार नहीं है। भाजपा शासित मध्य प्रदेश में व्यापम मामले में इतने लोग मारे गए। उन्हें आज तक न्याय नहीं मिला। नीट में कई आरोप सामने आए। सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा रद्द नहीं की। बंगाल को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? हम जानना चाहते हैं। आप बंगाल की प्रतिभा से डरे हुए हैं।

भाजपा सांसद का सीजेआई को पत्र

## ममता सरकार हमला कर रही न्यायपालिका की गरिमा बचाएं

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



■ न्याय तो जीत गया पर दिक्कतें

पश्चिम बंगाल के पुरुलिया से भाजपा के सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो ने मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना को चिट्ठी लिखकर उनसे न्यायपालिका की पवित्रता और गरिमा बचाने की अपील की है। भाजपा सांसद ने लिखा है कि न्याय तो जीत गया है लेकिन न्यायपालिका की गरिमा को संरक्षित किया जाना चाहिए क्योंकि बंगाल की सरकार जूडिशरी पर हमले बोल रही है।

### इसलिए न्याय की गुहार की

उनकी यह चिट्ठी ममता के उस दावे के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भले ही उन्हें जेल जाना पड़े लेकिन शिक्षकों की नैकरी नहीं जाएगी। महतो ने लिखा कि एसएससी स्कैम में फैसले के बाद अब ममता ने सार्वजनिक मंच से न्यायपालिका के फैसलों की आलोचना की है। आप बचाएं।

### अब ब्लड टेस्ट से भी जान सकेंगे सर्वाइकल कैंसर के लक्षण

**नई दिल्ली।** देश में महिलाओं में होने वाले कैंसर के सबसे ज्यादा मामले स्तन और सर्वाइकल कैंसर के होते हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च-राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार 2023 में भारत में सर्वाइकल कैंसर के 3.4 लाख से अधिक मामले सामने आए। करीब 36 हजार मौतें हुईं। समय पर कैंसर का पता न चल पाना बढ़ने का प्रमुख कारण माना जाता है। अब एम्स के शोधकर्ताओं की एक टीम ने ब्लड सैंपल से इसका पता लगाने की तकनीक विकसित कर ली है। अब ब्लड टेस्ट के सैंपल से इस रोग का पता चल जाएगा।

### सोनी छग-मप्र के प्रधान आयकर आयुक्त नियुक्त

**रायपुर।** वित्त मंत्रालय ने 19 आईटी कमिश्नरेट के प्रधान आयकर आयुक्त तथा डीजी आयकर अन्वेषण की नियुक्तियां की हैं। नवरतन सोनी छग के नए प्रधान आयकर आयुक्त बने हैं।

बिहार चुनाव की बारी, राहुल बढ़ा रहे 'जातियों से यारी'

# आरक्षण की 50% की सीमा को ध्वस्त कर देंगे

एजेंसी ▶▶ बेगुसराय

बिहार में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव का आयोजन किया जाना है। इस कारण भाजपा, कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों ने बिहार में अपनी पूरी ताकत झोंक रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी पटना पहुंचे। राहुल ने बेगुसराय में एनएसयूआई की 'पलायन रोको और नौकरी दो' यात्रा में भाग लिया और पटना में कार्यक्रम को भी संबोधित किया। इस दौरान राहुल ने जाति आधारित जनगणना और आरक्षण समेत कई मुद्दों पर बात की और कुछ गिनी चुनी जातियों को अपने पक्ष में लाने को बात की।



### बेगुसराय में सभा को किया संबोधित

#### दलितों पिछड़ों, महिलाओं के उत्थान के काम करेंगे

राहुल ने पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन के कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान राहुल ने कहा कि महागठबंधन बिहार के दलितों, पिछड़ों और महिलाओं के उत्थान के लिए काम करेगा। राहुल ने आगे कहा कि कांग्रेस सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के लाभ के लिए जाति आधारित जनगणना के माध्यम से भारत का 'एक्स-रे' कराएगी। आरएसएस एवं भाजपा इसके खिलाफ हैं। उन्होंने जातिगत कार्ड खेलते हुए इनकी बड़ी पैरोकारी की है। राहुल ने कहा कि हमारी सरकार बनी तो आरक्षण की 50 फीसदी की सीमा को तत्काल हटा दिया जाएगा।

#### 1 किमी तक 24 मिनट में पदयात्रा बिना बोले खत्म

राहुल गांधी ने सोमवार को बिहार के बेगूसराय जिले में पार्टी की चल रही 'पलायन रोको, नौकरी दो' पदयात्रा में हिस्सा लिया। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के नेतृत्व में चल रही इस यात्रा में राहुल शामिल तो हुए, लेकिन महज वे 24 मिनट के भीतर ही यात्रा को छोड़ कर निकल गए, जिसके बाद भाजपा समेत विपक्षी दल इसको लेकर सवाल उठा रही है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कुंदन, पुत्र रवी शंकर, पताः. डी – 309, पोस्ट ओफिस के पास , गाँव बवाना, दिल्ली** ने **FIR No. 172/21, U/s 33 Delhi Excise Act, पुलिस थाना उत्तर द्वारका दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **कुंदन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कुंदन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना बवाना** के अभियुक्त **कुंदन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.06.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सार्थक पंवार
एल डी मेट्रोपोलिट्रन मजिस्ट्रेट – 05
कक्ष संख्या 114
राहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/4296/ON/2025

हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | NIT NO.83/CWD-2/VOL-XVIII/HVPN/ 2024-25 DATED:-07/03/2025(ONLINE TENDERIDNO. 2025_HBC_432200_1) | बोली खुलने की तिथि 04.04.2025 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की तिथि 16.04.2025 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां और ठेकेदार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | NIT NO.90/CWD-2/VOL-XVIII/HVPN/ 2024-25 DATED:-19/03/2025(ONLINE TENDERIDNO. 2025_HBC_434724_1) | बोली खुलने की तिथि 04.04.2025 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की तिथि 11.04.2025 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां और ठेकेदार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 3 | एचवीपीएनएल | NIT NO.79/CWD-2/VOL-XVIII/HVPN/ 2024-25 DATED:-25/02/2025(ONLINE TENDERIDNO. 2025_HBC_430641_1) | बोली खुलने की तिथि 04.04.2025 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की तिथि 16.04.2025 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां और ठेकेदार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 4 | एचवीपीएनएल | NITNO.25/AMB/220KVTEPLA/2024-25 2025_HBC_435997_1 | निविदा 02.04.2025 को खोली जानी थी। न्यूनतम बोलीदाता प्राप्त न होने के कारण अर्थात 3 अदद बोलीदाता अब बोली जमा की तिथि 08.04.2025 को 18:00 बजे तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 5 | एचवीपीएनएल | QDPNO.1475 NITNO.1355 DATED27.02.2025 | ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 11.04.2025 को 17:00 बजे तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 6 | एचवीपीएनएल | QDPNO.1476 NITNO.1356 DATED27.02.2025 | ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 11.04.2025 को 17:00 बजे तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/120/33660/I/88/7 दि. 07.04.25

## खबर संक्षेप

### एफपीआई ने चार सत्र में 10,355 करोड़ निकाले

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दुनिया के कई देशों पर जवाबी शुल्क लगाए जाने का असर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों पर भी पड़ा है। एफपीआई ने पिछले चार कारोबारी सत्रों में भारतीय शेयर बाजार से 10,355 करोड़ रुपये निकाले हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, 21 मार्च से 28 मार्च तक छह कारोबारी सत्रों में एफपीआई ने भारतीय बाजार में 30,927 करोड़ रुपये डाले थे।

# बाल्मर की चेतावनी, ट्रंप की पॉलिसी से उपभोक्ता व निवेशक दोनों होंगे प्रभावित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ टेक कंपनियों के शेयरों में गिरावट, निवेशकों के लिए चिंता

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगाए गए भारी टैरिफ के कारण अमेरिकी बाजार लड़खड़ा रहे हैं। माइक्रोसॉफ्ट के पूर्व सीईओ स्टीव बाल्मर ने इस बारे में खुलकर बात की है। माइक्रोसॉफ्ट की 50वीं वर्षगांठ के समारोह में बाल्मर ने चेतावनी दी कि 100 से अधिक देशों से आयात पर व्यापार प्रतिबंधों का असर उपभोक्ताओं और निवेशक दोनों पर पड़ेगा।

आर्थिक उथल-पुथल के बीच बाल्मर एक लंबी अवधि की योजना देख रहे हैं। उन्होंने कंपनियों को लचीला रहने और लगातार निवेश करने की सलाह दी है। उनका मानना है कि लंबी अवधि में ग्राहकों और सरकारों की सेवा से कंपनियां इस मुश्किल दौर से बाहर निकल सकती हैं। माइक्रोसॉफ्ट, एप्पल, गूगल और अमेजन के शेयरों में गिरावट आई है। बाल्मर ने जोर देकर कहा कि इसका असर सिर्फ शेयर बाजार पर नहीं, बल्कि आम लोगों पर भी पड़ेगा।

### स्टीव बाल्मर माइक्रोसॉफ्ट के पूर्व सीईओ रहे

#### तकनीकी क्षेत्र में दिख रही गिरावट

इसका असर पहले से ही तकनीकी क्षेत्र में दिख रहा है। माइक्रोसॉफ्ट का स्टॉक 3.5 प्रतिशत गिर गया, एप्पल 7.2 प्रतिशत टूटा, गूगल 3.4 प्रतिशत फिसला और अमेजन 4 प्रतिशत गिर गया। व्यापक सूचकांकों में भी गिरावट आई। एसएंडपी 500 में 6 प्रतिशत और नैस्डैक में 5.8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।



*आम लोग भी महंगाई का सामना करेंगे : बाल्मर ने जोर देते हुए कहा कि लोग इसे महसूस कर रहे हैं, न कि सिर्फ शेयर बाजार। लोग इसे महसूस करने वाले हैं।' उन्होंने वॉल स्ट्रीट से परे व्यापक आर्थिक तनाव को रेखांकित किया। इसका मतलब है कि आम लोग भी महंगाई और आर्थिक मुश्किलों का सामना करेंगे।*

#### मंदी के दौर को किया याद

मंदी के दौरान अपने नेतृत्व को याद करते हुए बाल्मर ने कहा कि उन्होंने उस समय भी इसी तरह का रुख अपनाया था। अब 100 से अधिक देशों पर टैरिफ लगने के साथ उन्हें और अस्थिरता का अनुमान है। उन्होंने कहा, 'मैंने कॉलेज में बस इतना ही अर्थशास्त्र पढ़ा है कि मुझे पता है कि टैरिफ वास्तव में कुछ उथल-पुथल लाएंगे।'

#### निवेशक निवेश करते रहें

बाल्मर ने वाशिंगटन में वर्षगांठ कार्यक्रम के दौरान याहू फाइनेंस के साथ एक इंटरव्यू में कहा, 'मैं यही कहूंगा कि आज जो उथल-पुथल है, उससे निपटने के लिए निवेश करते रहें।' उन्होंने वैश्विक दबावों और संभावित रूप से कमजोर होती अर्थव्यवस्था का हवाला देते हुए एक लंबी अवधि का दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'चाहे अर्थव्यवस्था नीचे जाए, चाहे दुनिया भर की सरकारों का दबाव हो। अगर आप लंबी अवधि का नजरिया रखते हैं तो अल्पकालिक और अल्पकालिक मुनाफे के बारे में ज्यादा चिंता न करें। अपने ग्राहकों की अच्छी सेवा करें। आप अंत में सफल होंगे।'

### चीन जैसे देशों से आयात में वृद्धि की निगरानी के लिए होगा कार्य समूह गठित

# निर्यातकों के लिए नए बाजार तलाशने में सरकार करेगी मदद, आयात की होगी निगरानी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


वाणिज्य मंत्रालय अमेरिकी शुल्क वृद्धि के बीच निर्यातकों के लिए नए बाजारों की खोज में मदद करने की कोशिश करने के साथ ही चीन जैसे देशों से आयात में संभावित वृद्धि की निगरानी के लिए एक कार्य समूह का गठन भी कर रहा है। एक सूत्र ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सूत्र ने बताया कि वाणिज्य मंत्रालय निर्यातकों को सस्ती दरों पर ऋण प्रदान करने में समर्थन देने के लिए अपने निर्यात संवर्धन मिशन की शुरुआत में भी तेजी ला रहा है। इसके अलावा यूरोपीय संघ, ओमान, न्यूजीलैंड और ब्रिटेन के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को लेकर बातचीत भी जारी है।

#### निर्यात के लिए चिन्हित 20 देश

मंत्रालय ने संबंधित अधिकारियों को भारत से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, चीन और फ्रांस जैसे 20 चिह्नित देशों के साथ द्विपक्षीय बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित करने का निर्देश भी दिया है।

- मंत्रालय निर्यातकों को सस्ती दरों पर ऋण प्रदान करने समर्थन देगा
- मंत्रालय निर्यात संवर्धन मिशन की शुरुआत में भी तेजी ला रहा है
- एफटीए को लेकर यूरोपीय व ओमान, न्यूजीलैंड से बातचीत



*एमएसएमई निर्यातकों को आसान शर्तों पर मिलेगा ऋण*

*सरकार एमएसएमई निर्यातकों को आसान शर्तों पर ऋण प्रदान करने, उनके लिए फैक्टरिंग सेवाओं को मजबूत करके वैकल्पिक वित्तपोषण साधनों को बढ़ावा देने और अन्य देशों के गैर-शुल्क कदमों से निपटने के लिए सहायता प्रदान करने के लिए योजनाएं तैयार कर रही है। इन योजनाओं पर वाणिज्य, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम और वित्त मंत्रालय काम कर रहे हैं।*

*निर्यात संवर्धन मिशन शुरू करने की घोषणा : इन योजनाओं को वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में घोषित निर्यात संवर्धन मिशन के तहत तैयार किया जा रहा है। सरकार ने बजट में देश के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 2,250 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ एक निर्यात संवर्धन मिशन शुरू करने की घोषणा की थी।*

#### वियतनाम भी शामिल

निर्यात प्रोत्साहन के लिए चिह्नित देशों में ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, बांग्लादेश, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इंडोनेशिया, इटली, जापान, नीदरलैंड, रूस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया, तुर्किये, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन, अमेरिका और वियतनाम शामिल हैं।

#### शुल्क से नुकसान की आशंका

भारतीय निर्यातकों के लिए इन देशों में अपार अवसर हैं। ये घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आए हैं, जब निर्यातकों और उद्योगों ने अमेरिका द्वारा भारत पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत आयात शुल्क लगाए जाने से नुकसान की आशंका जताई है।

#### अमेरिका सबसे बड़ा साझेदार

वित्त वर्ष 2023-24 में अमेरिका 119.71 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं के द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। वहीं चीन 118.39 अरब डॉलर के व्यापार के साथ भारत का दूसरा बड़ा व्यापारिक साझेदार था।

#### निर्यात में अमेरिका का योगदान 18 फीसदी

भारत के कुल वस्तु निर्यात में अमेरिका का योगदान लगभग 18 प्रतिशत, आयात में 6.22 प्रतिशत और द्विपक्षीय व्यापार में 10.73 प्रतिशत है। दूसरी ओर चीन की भारतीय निर्यात में हिस्सेदारी लगभग चार प्रतिशत और आयात में 15 प्रतिशत है।

#### चीन अधिशेष निर्यात का रुख भारत की ओर मोड़ सकता है

उद्योग जगत ने यह भी चिंता जताई है कि चीन जैसे देश अपने अधिशेष निर्यात का रुख भारत की तरफ कर सकते हैं। चीन को अमेरिका में 54 प्रतिशत शुल्क का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) को ऐसे आयातों पर ध्यान केंद्रित रखने के लिए कहा गया है।

### भारत-श्रीलंका समुद्री साझेदारी में एक ऐतिहासिक उपलब्धि
## अडानी ग्रुप के कोलंबो टर्मिनल का परिचालन शुरू

**अहमदाबाद।** भारत की सबसे बड़ी एकीकृत परिवहन उपयोगिता, अदानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (एपीएसईज़ेड) ने कोलंबो बंदरगाह पर स्थित कोलंबो वेस्ट इंटरनेशनल टर्मिनल में परिचालन शुरू करने की घोषणा की है। एक ऐतिहासिक सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत विकसित, सीडब्ल्यूआईटी का संचालन भारत के सबसे बड़े बंदरगाह ऑपरेटर अदानी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड, प्रमुख श्रीलंकाई समूह जॉन कील्स होल्डिंग्स पीएलसी और श्रीलंका बंदरगाह प्राधिकरण के एक संघ द्वारा 35 साल के बिल्ड, ऑपरेट और ट्रांसफर समझौते के तहत किया जाता है। सीडब्ल्यूआईटी परियोजना 800 मिलियन अमरीकी डालर के महत्वपूर्ण निवेश का प्रतिनिधित्व करती है और इसमें 1,400



मीटर की लंबाई और 20 मीटर की गहराई है, यह कोलंबो का पहला पूर्णतः स्वचालित गहरे पानी का टर्मिनल है, जिसे कार्गो हैंडलिंग क्षमताओं को बढ़ाने, जहाजों के टर्नअराउंड समय में सुधार करने तथा दक्षिण एशिया में बंदरगाह के प्रमुख ट्रांसशिपमेंट केंद्र के रूप में इसकी स्थिति को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है।


**PUBLIC NOTICE**

My son Late Sh. Krishan Kumar Bhagia S/o Sh. Baldev Bhagia R/o C-31, Malviya Nagar, Hauz Khas, South Delhi, Delhi-110017, had purchased flat no- C5-0007, Project Supertech Eco Village-2, Situated at GI I-01, Sector -16 B. Greater Noida. After his death, I requested to M/s Supertech Limited to transfer the said flat to my name alone, if anybody has any objection, he/she may contact M/s Supertech Limited office at Supertech E-Square, Plot No C2, Sector 96, Noida, Uttar Pradesh, India 201303, within 15 days of the published notice.

**Champa Bhagia**
**W/o Sh. Baldev Bhagia**

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) ASHOK_LEY AL1215FBT REG. NO. HR38AG3193-YOM- NA
2) TATA MOTORS TSIGNA5530 ENG. NO. HR58D5038-YOM-2024
3)TATA MOTORS TATAACE REG. NO. DL1LAG4837-YOM-2022
4) ASHOK_LEY AL_4019 REG. NO. UP53ET3654-YOM-2018
5) TATA MOTORS TACEGOLD REG. NO. DL1LAJ7806-YOM-2023
6) TATA MOTORS TATALP709F REG.NO. DL1LAL8472-YOM-2023
7) VECVL ECHPRO3018 REG. NO. HR73B8393-YOM-2023
8) ASHOK_LEY AL1920CC REG. NO. UP14KT0895-YOM-2021
9) ASHOK_LEY GF3520 REG. NO. UP13DT1017-YOM -NA
10) TATA MOTORS TLPT1109FB REG. NO. HR55AK2580-YOM-2021
11) ASHOK_LEY AL1110HE REG. NO. UP13DT7740-YOM- NA
12) TATA MOTORS TATALP709F REG. NO. DL1LAH3573-YOM -2022
13) EICHR_VECV EICPRO2114 REG. NO. HR58C8422 YOM -2022
14) TATA MOTORS TATAACE REG. NO. DL1LAH8039-YOM-2022
15) TATA MOTORS T_INTRAV20 REG. NO. DL1LAJ9074-YOM -2023
16) TATA MOTORS TLPT1109CH REG. NO. DL1MA8568-YOM-2021

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 3 DAYS AT
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : RAMAN AHUJA
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377988238
EMAIL–raman.ahuja@kotak.com



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## छत्तीसगढ़ की नई धमनी बनेगी खरसिया-परमालकसा 5वीं-6वीं रेल लाइन, मिलेगा बंपर रोजगार: रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट की ओर से मंजूर खरसिया-नया रायपुर-परमालकसा रेल प्रोजेक्ट के बारे में रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को रेल भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ की रेल कनेक्टिविटी को बदलने वाला है। इस प्रोजेक्ट पर 8741 करोड़ रुपये की लागत आएगी और इससे पूरे छत्तीसगढ़ को एक छोर से दूसरे छोर तक कवरेज मिलेगा। रेल मंत्री ने कहा कि खरसिया-परमालकसा 5वीं-6वीं रेल लाइन छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क की नई धमनी की तरह है। यह ओडिशा की सीमा से महाराष्ट्र की सीमा तक रेल नेटवर्क की सुविधा प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि यह भारत के सबसे बड़े प्रोजेक्ट में से एक है।

इससे छत्तीसगढ़ के रायगढ़, जांजगीर चाँपा, बिलासपुर, बलौदा बाजार, दुर्ग और राजनांदगांव जैसे जिले जुड़ेंगे। इसके तहत 21 स्टेशन बनेंगे और 48 बड़े ब्रिज बनाए जाएंगे। साथ ही 349 माइनर ब्रिज बनेंगे। 14 फ्लाईओवर और 184 अंडर पास का निर्माण होगा। स्थानीय स्तर पर निवासियों को दिक्कत ना हो इसके लिए 5 रेल फ्लाईओवर भी निर्मित किए जाएंगे।

## सोना 1,550 रुपए टूटा चांदी 3,000 रुपए लुढ़की

**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक रुख के साथ ही आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्ट की भारी बिकवाली के चलते सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने का भाव 1,550 रुपये टूटकर 91,450 रुपये प्रति दस ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,350 रुपये टूटकर 93,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,550 रुपये लुढ़ककर 91,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया जो पिछले कारोबारी सत्र में 92,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, "सोमवार को सोने की कीमत में गिरावट आई... क्योंकि शेयर बाजार और अन्य परिसंपत्ति वर्गों में घबराहटपूर्ण बिकवाली जारी है, जिससे सुरक्षित निवेश वाली कीमती धातुओं पर दबाव बना हुआ है। लगातार पांचवें दिन गिरावट का सिलसिला जारी रखते हुए चांदी की कीमतें शुक्रवार के बंद स्तर 95,500 रुपये प्रति किलोग्राम से 3,000 रुपये लुढ़ककर 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं। पिछले पांच सत्रों में, चांदी में 10,500 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट आई थी।


**स्मार्ट क्लासरूम के उपकरण की सुरक्षित निगरानी प्रणाली का व्यवस्था**

**निविदा सूचना संख्या : RN-ST-31-2024-25, दिनांक:** 03-04-2025. निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। **निविदा संख्या:** RN-ST-31-2024-25; **कार्य का नाम :** एमडीडीटीआई/रंगिया में लैन नेटवर्क के उन्नयन के साथ स्मार्ट क्लासरूम के उपकरण की सुरक्षित निगरानी प्रणाली, सेन्ट्रलाईज्ड अनाउंसमेंट सिस्टम का व्यवस्था। **निविदा मूल्य :** ₹ 57,82,871.32/-; **अग्रिम राशि :** ₹1,15,700/-; निविदा के **बंद** करने की तिथि और समय **28-04-2025** को **15:00** बजे और **खोलने** की **15:30** बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगी।

डीआरएम (एस एंड टी), रंगिया

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## स्वामी रामदेव का 31वां संन्यास दिवस पावन नवरात्रि यज्ञवैदिक अनुष्ठान व कन्या पूजन के साथ सम्पन्न

**हरिद्वार।** पतंजलि वैलनेस, फेस-II स्थित योग भवन सभागार में स्वामी रामदेव महाराज का 31वां संन्यास दिवस पावन नवरात्रि यज्ञ, वैदिक अनुष्ठान व कन्या पूजन के साथ सम्पन्न हुआ। आचार्य बालकृष्ण जी ने स्वामी जी महाराज को माला पहनाकर 31वें संन्यास दिवस की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कहा कि आज मैं 30 वर्ष का संन्यासी हो चुका हूँ और 31वें वर्ष के संन्यस्त जीवन में प्रवेश कर रहा हूँ। उन्होंने कहा कि संन्यासी का एक ही धर्म है- योगधर्म से राष्ट्रधर्म, सेवाधर्म और युगधर्म का निर्वहन करते हुए इस राष्ट्र को स्वास्थ्य के साथ-साथ



समृद्धि और संस्कार देना, इसलिए पतंजलि योगपीठ निरंतर संस्कृति मूलक समृद्धि के सोपान चढ़ रहा है। कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पूज्य स्वामी महाराज ने संन्यास ग्रहण करके भारतीय संस्कृति, परम्परा व मूल्यों को पूरी दुनिया में गौरव देने का कार्य किया और भारत की गौरवशाली परम्परा की पहचान पूरे विश्व में कराई। इस अवसर शोभायात्रा निकाली गई जिसमें पूज्य संन्यासीगणों के साथ स्वामी रामदेव जी, आचार्य बालकृष्ण, दिव्य योग मंदिर राममुलख दरबार के योगाचार्य स्वामी लाल आदि सम्मिलित हुए। शोभायात्रा माँ गंगा के पावन तट पर पहुँची जहाँ 6 विद्वान भाइयों तथा 1 विदुषी बहन को नैष्ठिक ब्रह्मचर्य की दीक्षा दी गई।

इससे पूर्व नवरात्र पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में पतंजलि योगपीठ के परमाध्यक्ष स्वामी रामदेव जी व महामंत्री आचार्य बालकृष्ण जी ने सम्पूर्ण देशवासियों को नवरात्रि व रामनवमी की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**


(धारा 84 बीएनएसएस देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दिलशाद उर्फ बड्डे पुत्र निसार अहमद पता मकान नं. 128, झुग्गी नं. एस-2, मार्केट जहांगीर पुरी, दिल्ली ने एफआईआर सं. 4686/2023 धारा 411 भा.द.स. के तहत** थानाः सराय रोहिल्ला, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दिलशाद उर्फ बड्डे** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दिलशाद उर्फ बड्डे** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर सं. 4686/2023 धारा 411 भा.द.स. के तहत** थानाः सराय रोहिल्ला, दिल्ली **के उक्त दिलशाद उर्फ बड्डे** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
मनुज कौशल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-04
केन्द्रीय, कमरा नं.37,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/4182/N/2025


## शब्द पहेली - 5830



**बाएँ से दाए**


1. मरघट, कब्रिस्तान-4
3. पागल, बुद्धिहीन-4
8. भगवान, ईश्वर, खुदा-7
10. डांटना, दुत्कार-3
11. तरुण, किशोर-3
13. ओट, घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया, अजनबी-2
18. आनंद, मौज-2
19. सूर्य, भास्कर-2
21. चिंतन, सोच विचार-3
25. वेणी, फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष, आक्रमण, हमला-4

**ऊपर से नीचे**

2. कवि, गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर, भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्ज, पापी, भूत-3
8. शरण, आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट, प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना, अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्ण-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी, दूसरी पत्नी-3

### शब्द पहेली- 5829 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | ऊ | ल | के | ला | ■ | ■ | क | स | क | ■ |
| ह | र्जा | ■ | श | ■ | श | त्रु | ता | ■ | न्या | य |
| गु | ■ | ■ | ही | र | क | ■ | र | ■ | ■ | म |
| ज | ला | व | न | ■ | ■ | गं | ■ | अ | नु | ज |
| र | ■ | च | ■ | बे | ल | गा | म | ■ | की | ■ |
| ■ | शा | न | ■ | क | ■ | ज | ■ | ब | ला | ■ |
| ■ | य | ■ | श | रा | र | ल | ■ | न्द | ■ | त |
| म | द | द | ■ | र | ■ | ■ | अ | र | मा | न |
| श | ■ | ■ | स | ■ | शा | य | र | ■ | ■ | ब |
| क | म | ■ | न | र | म | ■ | मा | ■ | मा | द |
| ■ | जा | न | म | ■ | ■ | म | न | मो | ह | न |






# सिराज का छलका दर्द, कहा- भारतीय टीम से ड्रॉप होने के बाद आईपीएल की कर रहा था तैयारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2025 में मोहम्मद सिराज एक अलग ही लय में नज़र आ रहे हैं। दो लगातार मुक़ाबलों में प्लेयर ऑफ़ द मैच चुने जाने से उनकी बेहतरीन लय और आत्मविश्वास साफ़ झलकता है। लेकिन इस सफलता के पीछे एक कठिन दौर की कहानी छिपी है, जिसे सिराज ने सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के बीच खेले गए मुक़ाबले के बाद साझा किया। पिछले कुछ महीनों में सिराज भारत के लिए सीमित ओवरों के दोनों फ़ॉर्मेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन इसके बावजूद उन्हें चैंपियंस ट्रॉफ़ी की टीम में जगह नहीं मिली।

### चयनकर्ताओं ने किया नज़रअंदाज

जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में भी चयनकर्ताओं ने उन्हें नज़रअंदाज किया। टीम को एक बाएं हाथ का तेज़ गेंदबाज़ चाहिए था, जो लंबा हो, पिच से उछाल निकाल सके और मददगार परिस्थितियों में असरदार हो। इसके अलावा, अतिरिक्त स्पिनर की अहमियत को देखते हुए सिराज को टीम से बाहर रखा गया। आईपीएल 2025 की नीलामी में भी सिराज को बड़ा झटका लगा था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने उन्हें रिटेन नहीं किया।

### दो लगातार मुक़ाबलों में बने प्लेयर ऑफ़ द मैच



### ड्रॉप होना स्वीकार नहीं हो रहा था

लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ़ द मैच बनने के बाद सिराज का दर्द छलक पड़ा। उन्होंने कहा, सच कहूं तो शुरुआत में मैं इस तथ्य (चैंपियंस ट्रॉफ़ी से ड्रॉप होना) को स्वीकार नहीं कर पा रहा था। एक समय ऐसा आया जब मुझे ख़ुद से कहना पड़ा कि अभी मुझमें काफ़ी क्रिकेट बाक़ी है। बहुत से बड़े सपने हैं जो मैंने देखे हैं और उन्हें पूरा करना है। चैंपियंस ट्रॉफ़ी मेरे नसीब में नहीं थी, लेकिन उसके बारे में सोच कर मैं क्या कर सकता हूं। मैंने फ़िटनेस पर काम किया। लगातार खेलते हुए यह समझ नहीं आ रहा था कि कहां ग़लती कर रहा हूं। ब्रेक मिला तो उस पर काम किया और अब मैं अपनी गेंदबाज़ी का भरपूर आनंद ले रहा हूं। शारीरिक रूप से भी तरोताज़ा हूं और ज़्यादा सोच-विचार नहीं कर रहा, बस वर्तमान में जीने की कोशिश कर रहा हूं।

### आईपीएल का किया इंतज़ार

भारतीय टीम से बाहर होने के बाद का दौर उनके लिए आसान नहीं था। सिराज ने बताया, भारतीय टीम के लिए लगातार खेलते हुए जब मैं ड्रॉप हुआ, तो बहुत सी बातें दिमाग़ में चल रही थीं। लेकिन मैंने ख़ुद को संभाला और आईपीएल का इंतज़ार करता रहा। आईपीएल 2025 में सिराज अब तक चार पारियों में 13.77 की औसत से नौ विकेट ले चुके हैं और वह संयुक्त रूप से टूर्नामेंट के तीसरे सबसे सफल गेंदबाज़ हैं।

### मिला मेहनत का फल

सिराज इस बात से भी काफ़ी संतुष्ट दिखे कि वह अपने घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन कर पाए। उन्होंने कहा, अपने घरेलू मैदान पर खेलना हमेशा ख़ास होता है। आज मेरा परिवार भी मैच देखने आया था, जिससे आत्मविश्वास और बढ़ गया। जब आप मेहनत करते हैं और उसका फल मिलता है, तो उससे बड़ी ख़ुशी कोई और नहीं हो सकती।

अलग खबर

## इशांत पर 25 प्रतिशत जुर्माना



**हैदराबाद।** गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज इशांत शर्मा पर रविवार रात सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और साथ ही एक डिमेरिट अंक उनके खाते में जोड़ा गया। इंडियन प्रीमियर लीग ने एक बयान में कहा, 'इशांत शर्मा ने नियम 2.2 के तहत लेवल एक के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को स्वीकार किया।' आईपीएल की आचार संहिता का नियम 2.2 'मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, मैदान उपकरण या साजो-सामान के दुरुपयोग' से संबंधित है।

## कार दुर्घटना से उबरने में नेहरा ने की काफी मदद

**कोलकाता।** आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने भयावह कार दुर्घटना से बचने के बाद आशीष नेहरा के मार्गदर्शन और प्रभाव को स्वीकार करते हुए सोमवार को कहा कि पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज की 'खुश रहने' की सलाह ने मुश्किल दौर में उनकी काफी मदद की। पंत 30 दिसंबर, 2022 की रात को दिल्ली-देहरादून मार्ग पर दुर्घटना का शिकार हुए थे। उनकी कार में आग लग गई थी। इस दुर्घटना में वह गंभीर रूप से चोटिल हो गए थे।



इससे उबरने के लिए उन्हें कई सर्जरी की जरूरत पड़ी थी। पंत ने यहां सीआईआई पूर्वी क्षेत्र के 'इंटरैक्टिव सत्र' - 'इंडिया@100: लीडरशिप इनसाइट फ्रॉम द स्पोर्ट्स इकोनॉमी' के दौरान कहा, 'मुझे आशीष नेहरा की एक सलाह से काफी फायदा हुआ था। वह मेरे क्लब के सीनियर भी हैं। वह मेरे पास आये, मुझे देखा और उन्होंने मुझसे कहा कि मुझे बहुत चोटें लगी हैं। मैं बस एक चीज कर सकता हूं और वह है खुद को खुश रखना।

### ब्रूक इंग्लैंड वनडे और टी20 टीम के कप्तान



**लंदन।** जोस बटलर के पिछले महीने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड के लचर प्रदर्शन को देखते हुए कप्तानी छोड़ने के बाद हैरी ब्रूक को सोमवार को देश की सीमित ओवरों की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। ब्रूक को पिछले साल की आईपीएल नीलामी के दौरान दिल्ली कैपिटल्स ने अनुबंधित किया था लेकिन इंग्लैंड के अपने करियर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए वह आईपीएल 2025 से हट गए थे और बाद में उन पर लीग में खेलने से दो साल का प्रतिबंध लगा दिया गया। 26 वर्षीय ब्रूक जनवरी 2022 में पदार्पण के बाद से इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम का अहम हिस्सा रहे हैं।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 3 | 3 | 0 | 6 |
| गुजरात | 4 | 3 | 1 | 6 |
| बेंगलोर | 4 | 3 | 1 | 6 |
| पंजाब | 3 | 2 | 1 | 4 |
| कोलकाता | 4 | 2 | 2 | 4 |
| लखनऊ | 4 | 2 | 2 | 4 |
| राजस्थान | 4 | 2 | 2 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| चेन्नई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| हैदराबाद | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
201 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
10 विकेट
चेन्नई

### खबर संक्षेप

#### कलिंगा सुपर कप 2025 का कार्यक्रम घोषित



**नई दिल्ली।** कलिंगा सुपर कप 2025 का आगाज 20 अप्रैल को डबल हेडर से होगा, जिसमें शुरुआती दिन केरला ब्लास्टर्स एफसी का मुकाबला ईस्ट बंगाल एफसी, जबकि मोहन बागान एसजी का मुकाबला आई-लीग क्लब से होगा। टूर्नामेंट का कार्यक्रम सोमवार को घोषित किया गया। 20 अप्रैल से तीन मई तक भुवनेश्वर में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में 16 क्लब भाग लेंगे। सभी मैच नॉकआउट प्रारूप में कलिंगा स्टेडियम में होंगे। आईएसएल टीमों को 2024-25 सत्र में उनकी अंतिम लीग स्थिति के अनुसार राउंड ऑफ 16 के लिए वरीयता दी गई थी।

#### अपना पद नहीं छोड़ेंगे पीसीबी प्रमुख नकवी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को उन खबरों का खंडन किया जिनमें कहा गया था कि बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति के बाद पीसीबी में अपनी भूमिका से हट रहे हैं। पीसीबी ने इन रिपोर्टों को निराधार बताया।पाकिस्तान क्रिकेट हलकों में पिछले हफ्ते से अटकलें लगाई जा रही हैं कि नकवी ने अपना इस्तीफा प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को भेज दिया है, जो बोर्ड के संरक्षक भी हैं। रिपोर्टों में कहा गया है कि नकवी ने न्यूजीलैंड में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के बाद पद छोड़ने का फैसला किया।



#### कप्तान से बड़ी पारी की उम्मीद : शाहबाज


**कोलकाता।** ऋषभ पंत भले ही आईपीएल 2025 में बल्ले से कुछ खास प्रदर्शन न कर पाए हों, लेकिन लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर शाहबाज अहमद को भरोसा है कि कप्तान अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने चार पारियों में शून्य, 15, दो, दो रन ही बनाए हैं। पंत की लय को टीम ज्यादा चिंतित नहीं है। शाहबाज ने कहा, ''उनकी सोच में कोई बदलाव नहीं आया है। हमेशा की तरह, वे शांत और संयमित हैं। वे अपनी बल्लेबाजी पर बहुत मेहनत कर रहे हैं। हमें विश्वास है कि जब मुश्किल समय आएगा, तो ऋषभ पंत रन बनाएंगे और हमारे लिए मैच जीतेंगे।'

## आईपीएल: कोहली और रजत की फिफ्टी, क्रुणाल को 4 विकेट

# आरसीबी ने मुंबई को 12 रन से हराया

भाषा ▶▶| मुंबई

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सोमवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मैच में 12 रन से जीत दर्ज करते हुए वानखेड़े स्टेडियम में छह मैचों से चले आ रहे अपने हार के सिलसिले को खत्म किया। आरसीबी ने विराट कोहली (67) और कप्तान रजत पाटीदार (64) के तूफानी अर्धशतकों की बदौलत पांच विकेट पर 221 रन बनाने के बाद मुंबई इंडियंस को नौ विकेट पर 209 रन पर रोककर इस टीम के खिलाफ 2015 के बाद पहली बार जीत दर्ज की। मुंबई इंडियंस सूर्यकुमार यादव (28) के आउट होने के बाद 116 रन पर चार विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी लेकिन कप्तान हार्दिक पांड्या ने तिलक वर्मा (चार चौके और चार छक्के की मदद से 29 गेंदों पर 56 रन) आरसीबी के गेंदबाजों को परेशान किया। हार्दिक ने 15 गेंद की पारी में तीन चौके और चार छक्के की मदद से 42 रन बनाये। आरसीबी के लिए क्रुणाल पंड्या ने चार जबकि यश दयाल, जोश हेजलवुड ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित शर्मा (नौ गेंद में 17 रन) ने भुवनेश्वर कुमार के खिलाफ छक्का जड़कर आक्रामक तेवर दिखाये। उन्होंने यश दयाल के खिलाफ लगातार दो चौके जड़े लेकिन अगली गेंद को विकेटों पर खेलकर बोल्ड हो गये। रोहित के आउट होने के बाद रयान रिकलटन (10 गें में 17 रन) ने भुवनेश्वर के खिलाफ लगातार दो चौके लगाये लेकिन वह जोश हेजलवुड की गेंद पर चौथे ओवर में पगबाधा हो गये। सूर्यकुमार ने भुवनेश्वर के खिलाफ चौके तो वही विल जैक्स ने छक्के के साथ खाता हाथ खोले। पावरप्ले के बाद मुंबई का स्कोर दो विकेट पर 54 रन था। दोनों बल्लेबाजों ने आठवें ओवर में क्रुणाल पंड्या के खिलाफ तीन चौके के साथ रन गति को तेज किया। इस खब्बू स्पिनर ने हालांकि अपने अगले ओवर में जैक्स की 18 गेंद में 22 रन की पारी को कोहली के हाथों कैच कर किया। इसके बाद यश दयाल की गेंद पर सूर्यकुमार लिविंगस्टोन के हाथों लपके गये। कप्तान हार्दिक के क्रीज पर आते ही मैच का रुख मुंबई की ओर मुड़ने लगा। एक छोर से तिलक ने सुयश के खिलाफ छक्का और दो चौके जड़े तो वहीं हार्दिक ने हेजलवुड के खिलाफ 14वें ओवर में दो चौके और दो छक्के के साथ 22 रन बटोरने के बाद अपने बड़े भाई क्रुणाल के खिलाफ लगातार दो छक्के लगाकर ओवर से 19 रन बटोरे जिससे मुंबई को आखिरी पांच ओवर में 65 रन की जरूरत थी। तिलक ने भुवनेश्वर के खिलाफ छक्का और चौका लगाने के बाद यश दयाल के खिलाफ छक्का जड़ आरसीबी के गेंदबाजों पर दबाव बनाये रखा। उन्होंने इस बीच 26 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।




### चेन्नई को मिलेगी पंजाब से कड़ी चुनौती



**मुल्लांपुर।** चेन्नई सुपरकिंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच से पूर्व जिस सबसे बड़ी समस्या का हल खोजना होगा वह महेंद्र सिंह धोनी की डेथ ओवरों में बड़े शॉट खेलने में नाकामी है। सुपरकिंग्स ने आईपीएल सत्र की अपनी सबसे खराब शुरुआत में से एक करते हुए लगातार तीन मैच गंवाए हैं और वह भी लक्ष्य का पीछा करते हुए। पंजाब किंग्स को अपने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ घरेलू मैदान पर हार का सामना करना पड़ा था लेकिन मौजूदा फॉर्म के साथ कागजों पर श्रेयस अय्यर की टीम सुपरकिंग्स की तुलना में अधिक मजबूत दिख रही है। सुपरकिंग्स की टीम संयोजन की समस्या से जूझ रही है। अंतिम ओवरों में धोनी की मौजूदगी को एक समय वरदान माना जाता था लेकिन अब यह 'येलो ब्रिगेड' के लिए अभिशाप बन रही है।

फुटबॉल

## मेसी के गोल से इंटर मियामी ने टोरंटो को बराबरी पर रोका



एजेंसी ▶▶| फोर्ट लॉडरडेल

स्टार खिलाड़ी लियोनल मेसी ने मेजर लीग सॉकर के चार मैच में तीसरी बार गोल किया जिससे इंटर मियामी ने रविवार को यहां टोरंटो एफसी को 1-1 से ड्रॉ पर रोका।

इंटर मियामी से जुड़ने के बाद मेसी का यह सभी प्रतियोगिताओं में 40वां गोल है जो फ्रेंचाइजी की ओर से रिकॉर्ड है। मेसी ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में गोल दागा। मेसी के गोल से तीन मिनट पहले फेडेरिको बर्नारडेची ने टोरंटो की टीम को बढ़त दिलाई थी।

इंटर मियामी की टीम छह मैच में 14 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि कोलंबस की टीम ने 15 अंक के साथ शीर्ष पर एक अंक की बढ़त बना रखी है। कोलंबस ने हालांकि इंटर मियामी से एक मैच अधिक खेला है।

## लिवरपूल हारा, साउथम्पटन का निचली लीग में खिसकना तय

**मैनचेस्टर।** खिताब की दौड़ में सबसे आगे चल रहे लिवरपूल को रविवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में फुलहम के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दूसरी तरफ साउथम्पटन की टीम टोटेनहैमन के खिलाफ 1-3 की हार के साथ इंग्लैंड की शीर्ष लीग से रेलीगेट होने वाली पहली टीम बनी। अन्य मुकाबलों में मैनचेस्टर यूनाईटेड और मैनचेस्टर सिटी का मैच ओल्ड ट्रैफर्ड में गोल रहित ड्रॉ रहा जबकि चेल्सी और ब्रेंटफोर्ड ने भी गोल रहित ड्रॉ खेला। लिवरपूल की हार का मतलब है कि टीम ने दूसरे स्थान पर मौजूद आर्सेनल पर 14 अंक की बढ़त बनाने और रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले 20वें ईपीएल खिताब के करीब पहुंचने का मौका गंवा दिया। लिवरपूल की टीम 31 मैच में 73 अंक के साथ शीर्ष पर है। दूसरे स्थान पर मौजूद आर्सेनल के इतने ही मैच में 62 अंक हैं। साउथम्पटन की टीम 31 मैच में सिर्फ 10 अंक के साथ 20 टीम की तालिका में अंतिम स्थान पर है।



### खेल के तीनों विभागों में बड़े सुधार की जरूरत

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि आईपीएल में उनकी लगातार चौथी हार खेल के तीनों विभागों में खराब प्रदर्शन के कारण हुई और अगर उन्हें हार से उबरना है तो इसमें सुधार करना होगा। पिछले साल बेहद आक्रामक खेल दिखाकर फाइनल में जगह बनाने वाली सनराइजर्स की टीम मौजूदा सत्र में आक्रामक फॉर्म बरकरार नहीं रख पाई है। टीम के शीर्ष तीन खिलाड़ियों ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा और इशान किशन के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है।



## लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में मुख्य आकर्षण होंगे जोकोविच

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

। महान टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच स्पेन की राजधानी में होने वाले लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में आकर्षण का केंद्र होंगे। खिलाड़ियों को दिए जाने वाले पुरस्कारों की यह 25वीं वर्षगांठ है। यह लगातार दूसरा साल है जब पुरस्कार समारोह का आयोजन मैड्रिड में हो रहा है। ये पुरस्कार 21 अप्रैल को प्रतिष्ठित पैलेसियो डी सिबेल्स में दिए जाएंगे।

चौबीस बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और पांच बार के लॉरेस के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी जोकोविच ने कहा, 'लॉरेस विश्व खेल पुरस्कार की 25वीं वर्षगांठ मनाने के लिए फिर से मैड्रिड आना रोमांचक है। मैंने पिछले साल मैड्रिड में अपना पांचवां लॉरेस खिताब जीतने की यादें संजोई हैं और सौभाग्यशाली हूं कि फिर इस समारोह के शामिल होने का मौका मिला है।' महान क्रिकेटर स्टीव वॉ, छह बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन और जोकोविच के पूर्व कोच बोरिस बेकर, दिग्गज फुटबॉल काफू, लुई फिगो के अलावा महान जिम्नास्ट नादिया कोमानेची भी समारोह के दौरान मौजूद रहेंगे।



### अयूब और फखर जमां वापसी के लिए तैयार

**कराची।** पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज सईम अयूब और फखर जमां चोटों से उबरने के बाद पाकिस्तान सुपर लीग में वापसी करने के लिए तैयार हैं। चोटिल होने के कारण ये दोनों खिलाड़ी चैंपियंस ट्रॉफी और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने पुष्टि की कि इन दोनों बल्लेबाजों को बोर्ड के मेडिकल पैनल ने 11 अप्रैल से शुरू होने वाले पीएसएल से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में लौटने के लिए मंजूरी दे दी है। सईम ने जनवरी की शुरुआत से ही कोई मैच नहीं खेला है।



### फ्रांसिसको और अलेजांद्रो को 6-3, 7-5 से हराया

## बोपन्ना की बड़ी उपलब्धि, 45 की उम्र में जीता एटीपी मास्टर्स मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। वह एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में मैच जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं।

45 साल के बोपन्ना ने मोंटे कार्लो मास्टर्स 2025 के दौरान यह उपलब्धि अपने नाम दर्ज की। बोपन्ना ने अमेरिका के अपने पार्टनर बेन शेल्टन के साथ फ्रांसिसको केंरुंडोलो और अलेजांद्रो ताबिलो को 6-3, 7-5 से हराया। बोपन्ना से पहले यह रिकॉर्ड कनाडा के डेनियल नेस्टोर के नाम था जिन्होंने 2017 में 44 साल आठ महीने की उम्र में मैच जीता था। नेस्टोर और फ्रांस के फैबरिस मार्टिन ने बोपन्ना और पाब्लो कुएवास को राउंड ऑफ 32 में 6-3, 6-2 से हराया था। बोपन्ना का मोंटे कार्लो टूर्नामेंट में सामना अब इटली की जोड़ी सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी से होगा।



### खराब फॉर्म में गुजर रहे हैं बोपन्ना

शेल्टन और बोपन्ना की एटीपी रैंकिंग में विश्व की 14वें नंबर की जोड़ी ने फ्रांसिसको और ताबिलो की जोड़ी को महज 71 मिनट में हराया। बोपन्ना पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। कतर ओपन के क्वार्टर फाइनल में पुर्तगाल के नुनो बोर्गस के साथ खेलने के बाद बोपन्ना दुबई टेनिस चैंपियनशिप, इंडियन वेल्स मास्टर्स और मियामी ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने में असफल रहे थे।

इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट और एयरक्राफ्ट मॉडिफिकेशन किट की होगी खरीद

# रक्षा मंत्रालय, बीईएल के बीच 2385 करोड़ रुपए का करार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चुनौतीपूर्ण बने हुए क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य के बीच रक्षा मंत्रालय और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के बीच सोमवार को कुल करीब 2 हजार 385.36 करोड़ रुपए के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिससे भारतीय वायुसेना की प्रतिकूल वातावरण में रणनीतिक परिचालन क्षमता में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। समझौते के तहत बीईएल से वायुसेना के मी-17वी5 हेलिकॉप्टरों पर लगाने के लिए अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट (ईडब्ल्यू) और एयरक्राफ्ट मॉडिफिकेशन किट की खरीद जाएगी। यह खरीद पूरी तरह से स्वदेशी आधार पर यानी भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित श्रेणी के मार्फत की जाएगी। समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह उपस्थित रहे।



**स्वदेशी उद्योग को बढ़ावा मिलेगा**

मंत्रालय ने कहा कि यह खरीद मी-17वी5 हेलिकॉप्टरों की परिचालन क्षमता में वृद्धि करेगी। जिसमें अधिकांश असेंबली और कलपुर्जे स्वदेशी निर्माताओं से ही लिए जाएंगे। यह परियोजना सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों (एमएसएमई) के अलावा भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स और संबंधित उद्योगों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करेगी। इस समझौते से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बल मिलेगा। क्योंकि मी-17वी5 हेलिकॉप्टर के लिए सूट स्वदेशी इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर क्षमताओं को विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जो कि केंद्र की मेक इन इंडिया पहल के अनुरूप है।

# वैश्विक मंचों पर आपसी सहयोग मजबूत करने को लेकर सहमत हुए भारत और पुर्तगाल

एजेंसी ▶▶ लिस्बन

भारत और पुर्तगाल ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र समेत अन्य वैश्विक मंचों पर सहयोग मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा के बीच यहां हुई बातचीत के दौरान यह सहमति बनी। पुर्तगाली राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास 'पैलेसियो डी बेलेम' में उनकी बैठक के बाद जारी एक बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने 'द्विपक्षीय संबंधों के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं' पर चर्चा की। मुर्मू ने कहा, 'हमने साझा हितों के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। हमने अपने दीर्घकालिक द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने का संकल्प लिया, विशेष रूप से व्यापार और निवेश, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सूचना एवं डिजिटल प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, कनेक्टिविटी और गतिशीलता के क्षेत्र में, तथा लोगों के बीच आपसी संपर्क को और बढ़ावा देने का संकल्प लिया।




**स्मारक टिकट जारी किया**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा ने दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की पुनः स्थापना की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर सोमवार को संयुक्त रूप से विशेष स्मृति टिकट का एक सेट जारी किया। इन टिकट में दोनों देशों की जीवंत पारंपरिक वेशभूषा को खूबसूरती से दर्शाया गया है। इनमें एक पुर्तगाली महिला को चमकीले लाल रंग के उत्सवी परिधान 'वियाना डू कास्टेलो' में दिखाया गया है, जबकि एक भारतीय महिला को कढ़ाई वाले काले कालबेलिया परिधान में दिखाया गया है।

**केंद्रीय वित्त मंत्री आज से यूके और ऑस्ट्रिया दौरे पर**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 8 से 13 अप्रैल तक यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रिया की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगी, जहां वह मंत्री-स्तरीय द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेंगी। वे यूके-ऑस्ट्रिया में थिंक टैंक, निवेशकों और बिजनेस लीडर्स के साथ बातचीत करेंगी। वित्त मंत्रालय के बयान के अनुसार, वित्त मंत्री भारत-यूके आर्थिक और वित्तीय वार्ता के 13वें मंत्रिस्तरीय दौर में भाग लेंगी जो 9 अप्रैल को लंदन में आयोजित होने वाला है। इसकी सह-अध्यक्षता केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री और यूके के चांसलर ऑफ द एक्सचेकर करेंगे।

## खबर संक्षेप

### पाक में सड़क दुर्घटना में 11 यात्रियों की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक सड़क दुर्घटना में महिला और बच्चों समेत कम से कम 11 यात्रियों की मौत हो गई।



आपातकालीन बचाव सेवा 1122 के प्रवक्ता के अनुसार, एक यात्री बस और एक तीन पहिया वाहन के बीच यह दुर्घटना रविवार रात जरानवाला में हुई। बस जरानवाला से लाहौर जा रही थी तभी उसकी टक्कर तीन पहिया वाहन से हो गई और बस सड़क से नीचे उतर गई। 8 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां तीन लोगों ने दम तोड़ दिया।

### तहव्वुर राणा को झटका खारिज हुई याचिका

**न्यूयॉर्क।** तहव्वुर राणा ने 27 फरवरी को अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट की एसोसिएट जस्टिस और नौवें सर्किट की सर्किट जस्टिस एलेना कागन के समक्ष बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के लंबित मुकदमे पर रोक लगाने के लिए आपातकालीन आवेदन दिया था।



पिछले महीने में जस्टिस कागन ने राणा के आवेदन को अस्वीकार कर दिया था। इसके बाद उसने स्थगन के लिए एक नया आवेदन चीफ जस्टिस रॉबर्ट्स के पास भेजा। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में एक नोटिस के जरिये बताया गया कि अदालत ने उसके आवेदन को अस्वीकार कर दिया है।

### जॉर्जिया में कार हादसे में 4 बच्चों सहित 5 की मौत

**जॉर्जिया।** अमेरिका के जॉर्जिया के तटीय इलाके में रविवार सुबह एक कार हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई।



हादसा आई-95 पर मैकिनटोश काउंटी में सुबह करीब छह बजे हुआ, जब एक वाहन दूसरे वाहन से टकरा गया और फिर वह जलने लगा। राज्य की पुलिस ने यह जानकारी दी। हादसे में मारे गए लोगों की पहचान रेगन डूगन (27 वर्षीय) और उनके चार बच्चों के रूप में हुई है, जिनकी उम्र 9, 4, 2 और 3 महीने थी। डूगन एक किराए की कार से नॉर्थ कैरोलिना के रैले से फ्लोरिडा अपने पति से मिलने जा रही थीं।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कठुआ में बीएसएफ चौकी का किया दौरा, कहा

# सीमा सुरक्षा को और अधिक बेहतर बनाने के लिए तकनीकी उपायों का करेंगे उपयोग

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर


जम्मू-कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर केंद्रशासित प्रदेश आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कठुआ जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की एक चौकी का सोमवार को दौरा किया। कठुआ में बीते 15 दिनों से आतंकवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों का व्यापक अभियान जारी है। इस दौरान, उन्होंने कहा कि सरकार सीमा सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए नई तकनीकों का उपयोग करेगी। उनका कहना था कि विशेष रूप से भूमिगत सीमा पार सुरंगों को खोजने के लिए तकनीकी उपायों को लागू करना चाहिए। मंत्री शाह ने कहा कि सीमा सुरक्षा बलों को इन नई तकनीकों से अधिक कुशलता से काम करने का मौका मिलेगा।

अधिकारियों ने बताया कि अमित शाह दोपहर में जम्मू से कठुआ के हीरानगर सेक्टर के लिए वायु सेना के हेलिकॉप्टर से रवाना हुए और सीमा स्थित विनय पोस्ट से करीब 8 किलोमीटर की दूरी पीछे बनाए गए हेलीपैड पर उतरे। यहां से उन्हें बीएसएफ की चौकी 'विनय' ले जाया गया ताकि जहां उन्होंने जमीनी हालात का जायजा लिया। इस दौरान, बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी, जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात, बीएसएफ में जम्मू फ्रंटियर के महानिरीक्षक शशांक आनंद और जम्मू क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक भीम सेन टूटी समेत कई सीनियर अधिकारियों ने गृहमंत्री की अगवानी की।

*जवानों के साहस और समर्पण की प्रशंसा की*

*भूमिगत सुरंगों को खोजने में नई तकनीक उपयोगी*

**सीमाओं की रक्षा में जवानों का योगदान अहम**



गृह मंत्री शाह ने बीएसएफ के जवानों की सराहना की और उनके कठिन हालात में देश की सीमाओं को बचाने के उनके प्रयासों को सराहा। गृहमंत्री ने कहा कि बीएसएफ के जवानों द्वारा सीमाओं की रक्षा में संघर्ष की कोई तुलना नहीं की जा सकती। उन्होंने जवानों की साहस और समर्पण की प्रशंसा की और उनके योगदान का उच्चतम सम्मान दिया।

**बीएसएफ का योगदान सेना के ही समान**



अमित शाह ने कहा कि असली चुनौती तभी समझ में आती है जब कोई उस स्थान का दौरा करता है। ठंड, बारिश या भीषण गर्मी में जब तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाता है, तो आप दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखते हुए अग्रिम चौकियों पर 365 दिन और 24 घंटे तैनात रहते हैं। उन्होंने कहा कि बीएसएफ का इतिहास उज्ज्वल है और पूरा देश राष्ट्र की रक्षा में उनकी भूमिका जानता है। शाह ने कहा कि पाकिस्तान के साथ पिछले युद्धों में बीएसएफ का योगदान सेना के समान ही था।

**शहीदों के परिवारों को हर संभव मदद देने का वादा किया**



राजभवन में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन ग्यारह शहीदों के परिवारों से मुलाकात की, जो आतंकवादी हमलों में मारे गए थे। गृहमंत्री और उपराज्यपाल ने शहीदों के परिवारों से संवेदना व्यक्त की और सरकार की ओर से पूरी तरह से मदद करने का वादा किया। शहीदों के परिवारों ने इस दौरान अपनी मुश्किलों और संघर्षों को साझा किया, जो वे शहीदों की मौत के बाद झेल रहे हैं। अमित शाह ने कहा कि देश कभी नहीं भूल सकता कि शहीदों का बलिदान हुआ है और उनके परिवारों को हर संभव सहायता दी जाएगी।

उमराह और हज में खलल से बचने

# सऊदी अरब ने भारत समेत 14 देशों पर लगाया वीजा बैन



एजेंसी ▶▶ रियाद

सऊदी अरब ने भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश समेत 14 देशों के नागरिकों को वीजा जारी करने पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है। इससे उमराह, व्यापार और पारिवारिक यात्रा वीजा की मंजूरी प्रभावित होगी, जो जून के मध्य तक जारी रहेगा। सऊदी अरब सरकार ने हज तीर्थयात्रा के कारण भीड़भाड़ को नियंत्रित करने के मकसद से यह प्रतिबंध लगाया है क्योंकि इसका समय उससे मेल खाती है। यह प्रतिबंध जून के मध्य तक लगाया गया है। यानी जब हज तीर्थयात्रा समाप्त हो जाए, तब तक यह प्रतिबंध प्रभावी रहेगा। यह प्रतिबंध भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, मिस्र, इंडोनेशिया, इराक, नाइजीरिया, जॉर्डन, अल्जीरिया, सूडान, इथियोपिया, ट्यूनीशिया, यमन और मोरक्को सहित 14 देशों पर लगाया गया है।

**यह निर्णय भीड़ को रोकने के लिए**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने इस साल अधिकारियों को वीजा नियम कड़े करने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद ये बैन लगाया गया है। हालांकि, उमराह वीजा रखने वाले लोग अभी भी 13 अप्रैल तक सऊदी अरब में प्रवेश कर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रतिबंध की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि कई विदेशी नागरिक उमराह या यात्रा वीजा पर सऊदी अरब आते हैं और लंबे समय तक देश में रुक जाते हैं। फिर यही लोग अवैध रूप से मक्का में हज में शामिल होते हैं, जहां भीड़ बढ़ जाती है और अव्यवस्था पैदा हो जाती है।

**उमराह वीजा के लिए 13 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे**

ताजा नियमों के मुताबिक, इस साल उमराह वीजा के लिए 13 अप्रैल तक आवेदन किए जा सकते हैं। इसके बाद हज यात्रा समाप्त होने तक यानी मध्य जून तक कोई वीजा जारी नहीं किया जाएगा। सऊदी अरब के उमराह मंत्रालय ने कहा है कि यह कदम विशुद्ध रूप से सुचारी और सुरक्षित तीर्थयात्रा के मकसद से एक तार्किक कदम के तौर पर उठाया गया है और इसका किसी भी तरह से कोई राजनयिक संबंध नहीं है।

दल में तीनों सेनाओं की 12 महिलाएं शामिल

# त्रिशक्ति नारी नाविक अभियान 'समुद्र प्रदक्षिणा' अपनी 55 दिवसीय यात्रा पर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय थल सेना, नौसेना और वायु सेना के 12 सदस्यीय महिला चालक दल के साथ यह अभियान आईएएसवी त्रिवेणी पर सवार होकर मुंबई-सेशेल्स-मुंबई की 4,000 समुद्री मील की चुनौतीपूर्ण 55-दिवसीय यात्रा पर निकला। भारतीय नौसेना जलयात्रा प्रशिक्षण केंद्र, कोलाबा, मुंबई से कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग (सीएमई) के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल एके रमेश द्वारा मुंबई-सेशेल्स-मुंबई त्रिशक्ति नारी नाविक अभियान 'समुद्र प्रदक्षिणा' 7 अप्रैल, 2025 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर रमेश ने कहा कि यह अग्रणी पहल नारी शक्ति की अदम्य भावना को दर्शाती है।

**41 में से चुनी गई 12 अधिकारी**



अभियान के लिए कुल 41 में से चुनी गई 12 महिला अधिकारियों को दो साल तक समुद्री नौकायन का कठोर प्रशिक्षण दिया गया है। वे समुद्र में जोखिमपूर्ण नौकायन करने के लिए तैयार हैं, जहां वे अपनी साहस और दृढ़ संकल्पता का प्रदर्शन करेंगी। चालक दल ने कई प्रशिक्षण अभियान शुरू किए हैं जिनमें वे मौसम की चुनौतियों, नौका की यांत्रिक समस्याओं और शारीरिक थकावट के बावजूद सफल हुए हैं।

**ऐतिहासिक यात्रा का समापन 30 मई को होगा**

रमेश ने कहा कि मुंबई-सिशेल्स-मुंबई अभियान न केवल सशस्त्र बलों में महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रतीक है, बल्कि रानी वेलु नचियार, रानी दुर्गावती और रानी लक्ष्मी बाई जैसी भारत की महान योद्धा रानियों को भी श्रद्धांजलि देता है, जिनके कार्य पीढ़ियों को प्रेरित करते रहे हैं। इस ऐतिहासिक यात्रा का सफल समापन 30 मई 2025 को ध्वजारोहण समारोह के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान समुद्री प्रयासों में समावेशिता और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। यह अभियान साबित करता है कि नारी शक्ति एक अजेय शक्ति है जो किसी भी चुनौती पर विजय प्राप्त करने में सक्षम है।

### अदालत ने अवामी लीग समर्थक 70 वकीलों को भेजा जेल

**ढाका।** बांग्लादेश की एक अदालत ने अवामी लीग समर्थक 70 वकीलों को जेल भेज दिया है। उनके खिलाफ पिछले साल हुए हिंसक छात्र आंदोलन के दौरान मारपीट व हत्या के प्रयास के मामले दर्ज थे। कोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि ढाका मेट्रोपोलिटन सेशन जज मोहम्मद जाकिर हुसैन ने जमानत देने से इंकार करते हुए वकीलों को जेल भेजने का आदेश दिया। अदालत ने 9 महिला वकीलों व ढाका बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अबू सैयद सागर को जमानत दे दी। इससे पहले वकीलों को हाईकोर्ट ने आठ हफ्ते की अग्रिम जमानत देते हुए स्थानीय अदालत में आत्मसमर्पण का आदेश दिया था। मामले में कुल 144 वकील नामजद हैं। इस आंदोलन के कारण पीएम शेख हसीना को देश छोड़ना पड़ा।

आईसीसी के गिरफ्तारी वारंट से डरे नेतन्याहू

# 400 किमी ज्यादा घूमकर ट्रंप से टैरिफ पर बात करने पहुंचे इजराइल के पीएम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल और गाजा के बीच युद्ध संघर्ष विराम महज एक मजाक बनकर रह गया है। दोनों गुटों, यानी हमास और इजराइली सेना की ओर से बमबारी जारी है। इसी बीच इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिका पहुंचे। हालांकि, ट्रंप से मिलने के लिए इजराइली पीएम को 400 किलोमीटर का एक्स्ट्रा हवाई यात्रा करना पड़ी है। दरअसल, नेतन्याहू के विमान ने हंगरी से अमेरिका की उड़ान के दौरान सामान्य मार्ग से करीब 400 किलोमीटर लंबा रास्ता तय किया ताकि वो उन देशों के हवाई क्षेत्र में दाखिल न हों जो आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के गिरफ्तारी वारंट को लागू कर सकते थे।

**इजराइल का गाजा के 50 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा**



**गाजा हमले में 57 लोगों की मौत**

गाजा में इजराइल के हमले के बाद स्थानीय अस्पताल में पिछले 24 घंटे में करीब 57 शव लाए गए हैं, जबकि 137 घायलों का उपचार किया जा रहा है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है। मंत्रालय ने बताया कि इजराइल और हमास के बीच लड़ाई में पिछले 18 महीने में अब तक कुल 50,752 फिलिस्तीनी मारे गए हैं जबकि 115,475 घायल हुए हैं। मंत्रालय ने दावा किया है कि मारे गए लोगों में से आधे से अधिक महिलायें एवं बच्चे हैं। इजराइल का कहना है कि उसने लगभग 20,000 आतंकवादियों को मार गिराया है, हालांकि इसका कोई साक्ष्य नहीं दिया।

**तेल अवीव।** हमास के खिलाफ पिछले महीने युद्ध फिर से शुरू करने के बाद से इजराइल ने गाजा पट्टी में अपने प्रभाव का तेजी से विस्तार किया है और अब वहां 50 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र उसके नियंत्रण में है। इजराइली सैनिकों और अधिकार समूहों ने बताया कि सेना द्वारा नियंत्रित सबसे बड़ा निकटवर्ती क्षेत्र गाजा सीमा के आसपास है, जहां सेना ने फिलिस्तीनी मकानों, कृषि भूमि और बुनियादी ढांचे को इस हद तक तबाह कर दिया है कि अब वहां रहना असंभव है। हाल के सप्ताह में इस सैन्य 'बफर जोन' का आकार दोगुना हो गया है।

बटाला में पुलिस स्टेशन के पास धमाका

# 'बब्बर खालसा' ने ली जिम्मेदारी पुलिस अलर्ट, सर्च ऑपरेशन जारी

एजेंसी ▶▶ बटाला

पंजाब के बटाला में पुलिस स्टेशन के पास देर रात धमाकों से इलाके में दहशत फैल गई। जानकारी मिलते ही पुलिस अलर्ट हो गई और पूरे एरिया में सर्च ऑपरेशन जारी है।

हालांकि इस मामले में पुलिस कुछ भी पुष्टि नहीं कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार रविवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे बटाला के थाना किला लाल सिंह के पास धमाके हुए हैं। धमाकों की आवाज से आस पास के लोगों में दहशत का माहौल है। इस मामले में पुलिस अभी कुछ भी नहीं बता रही है। डीएसपी फतेहगढ़ चूड़ियां विपन कुमार और थाना प्रभारी प्रभजोत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। एसएचओ



प्रभजोत सिंह ने बताया कि 6-7 अप्रैल की दरमियानी रात करीब 12.35 बजे लगातार तीन धमाकों की आवाज सुनकर थाने में तैनात पुलिस कर्मी एकदम से सतर्क हो गए। थाने में तैनात पुलिस कर्मियों ने बाहर निकल कर देखा, लेकिन उन्हें हमले जैसी कोई वस्तु नहीं मिली। वहीं थाने पर हमले की जिम्मेदारी बब्बर खालसा के हैप्पी पशियां ग्रुप ने ली है। सोशल मीडिया पर डाली गई।

पारस्परिक टैरिफ लगाने के विरोध के बावजूद ट्रंप का पीछे हटने से इंकार, कहा

# चीजों को सही करने के लिए कड़वी दवाई देनी पड़ती है

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने टैरिफ लगाने के फैसले को वापस लेने से साफ मना कर दिया है। अपने आधिकारिक विमान एयरफोर्स वन में मीडिया के साथ बातचीत में ट्रंप ने कहा कि वह नहीं चाहते कि दुनियाभर के बाजारों में गिरावट आए, लेकिन मैं इसे लेकर चिंतित नहीं हूं। कई बार आपको चीजों को सही करने के लिए कड़वी दवाई लेनी पड़ती है। वहीं ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि टैरिफ लगाने का असर दिखने लगा है और 50 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधियों ने बातचीत की इच्छा जाहिर की है। ट्रंप ने कहा कि मैंने यूरोपीय, एशियाई, पूरी दुनिया के कई नेताओं से बात की है, वे हमारे साथ समझौता करना चाहते हैं।

**कई देश हमारे साथ समझौता करना चाहते**

**पूर्व की सरकारों ने हमारा व्यापार, पैसे जाने दिए**



**पूर्व की सरकारें बेवकूफ थीं**

ट्रंप ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने हमारे व्यापार, नौकरियां और पैसे को दूसरे देशों में जाने दिया। वे मेक्सिको, कनाडा और कई चीन चले गए, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। हमारे साथ कई देशों ने गलत व्यवहार किया, लेकिन पूर्व की बेवकूफ सरकारें ऐसा होने देती रहीं। बता दें, ट्रंप के टैरिफ लगाने के बाद दुनियाभर के बाजारों में अस्थिरता का माहौल है और देश में भी उनका विरोध शुरू हो गया है।

**...वरना चीन पर 50% का अतिरिक्त टैरिफ**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को चीन पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी दी है। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल परअपने पोस्ट में लिखा कि अगर चीन ने अपनी 34% की टैरिफ बढ़ोतरी 8 अप्रैल तक वापस नहीं ली। तो अमेरिका 9 अप्रैल से चीन पर 50% अतिरिक्त टैरिफ लगाएगा और चीन के साथ सभी वार्ताएं रद्द कर दी जाएंगी। जिससे यह चिंता बढ़ गई कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को संतुलित करने के उनके प्रयास से व्यापार युद्ध छिड़ सकता है।

**ब्रिटेन और सिंगापुर के पीएम बोले ग्लोबलाइजेशन का दौर खत्म**

**लंदन।** ब्रिटेन और सिंगापुर के पीएम ने कहा है कि ग्लोबलाइजेशन का दौर खत्म हुआ। ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने कहा कि ग्लोबलाइजेशन अब बहुत से लोगों को कोई फायदा नहीं पहुंचा पा रहा है। उन्होंने कहा इसके बाद प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और दुनियाभर में घरेलू उत्पादन बढ़ाने के प्रयास शुरू होंगे। सरकार ब्रिटेन के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगी। लेबर पार्टी देश की घरेलू प्रतिस्पर्धा में सुधार के लिए योजनाओं को तेज गति देगी और ब्रिटिश व्यापार को टैरिफ के तूफान से बचाने के लिए इंडस्ट्रियल पॉलिसी का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। वहीं सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वोंग ने कहा कि ग्लोबलाइजेशन और फ्री ट्रेड का दौर अब खत्म हो चुका है। अब दुनिया एक नए युग में जा रही है, जो खतरनाक होने वाला है। चेतावनी दी कि टैरिफ से वर्ल्ड इकोनॉमी को नुकसान पहुंच सकता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109